You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-85 ❒ शनिवार, 25 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




पूर्वी भारत में भाजपा का विस्तार तेजी से हो रहा है और पश्चिम बंगाल में जनता इस बार परिवर्तन का मन बना चुकी है। पहले चरण में जनता ने भारी उत्साह के साथ मतदान किया है। 152 सीटों पर मतदान हुआ और भाजपा इनमें से 110 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। — अमित शाह


हमें मोदी पर गर्व है, वे भी संघ से जुड़े होने का गर्व महसूस करते हैं : होसबाले 11

महिला अधिकारों पर विपक्ष की राजनीति महापाप : धामी 12


## संक्षेप

### विधानसभा में 30 को रखे जाएंगे छह विधेयक

**लखनऊ।** राज्य सरकार 30 अप्रैल को आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र में महिला सशक्तिकरण पर अनावरत चर्चा कराने के साथ ही छह अध्यादेश को प्रतिस्थानी विधेयक के रूप में मंजूरी के लिए रखेगी। प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे ने शुक्रवार को कार्यक्रम जारी किया है। उत्तर प्रदेश लोकसेवा (अधिकरण) (संशोधन) अध्यादेश-2026, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश वानिकी और औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश, उत्तर प्रदेश दंड विधि (अपराधों का शमन और विचारों का उपशमन) (संशोधन) अध्यादेश और उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश को मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

### उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों की फसल का होगा जीपीएस सर्वे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी की गई है। इसके तहत गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग गन्ने की फसल का जीपीएस सर्वेक्षण कराएगा। यह जीपीएस सर्वेक्षण एक मई से शुरू होकर 30 जून 2026 तक चलेगा। इसकी सूचना तीन दिन पहले सभी रजिस्टर्ड गन्ना किसानों को मोबाइल एसएमएस के जरिए दी जाएगी। गन्ना सर्वेक्षण टीम में एक राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक और एक चीनी मिल कर्मचारी शामिल होंगे। इनको सर्वेक्षण से पहले प्रशिक्षित भी किया जाएगा। सर्वेक्षण के दौरान किसान की मौजूदगी जरूरी होगी। टीम किसान के खेत पर पहुंच कर जीपीएस के जरिए उत्पादन का डाटा सीधे विभाग के सर्वर पर फीड करेगी। वहीं सर्वेक्षण के बाद खेत का क्षेत्रफल, गन्ने की किस्म समेत अन्य जानकारी भी किसानों को एसएमएस के जरिए दी जाएगी। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग आयुक्त वीना कुमारी मीना ने बताया कि पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी कर दी गई है। सर्वेक्षण कार्य एक मई से प्रारम्भ कर 30 जून तक पूरा किया जाएगा। साथ ही बताया कि किसी भी गन्ना कृषक के सर्वेक्षित भूमि का सत्यापन राजस्व विभाग की वेबसाइट बबब.फ्ध्द्धफ्द्मद्रद्धद्य.द्यधप.द्धद्व से किया जा सकता है। चीनी मिलें गन्ना सर्वेक्षण के अंतिम आंकड़े सीधे विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन पोर्ट करेंगी और अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करेंगी। सर्वेक्षण के दौरान होगा नए किसानों का पंजीकरणविभाग के मुताबिक गन्ना सर्वेक्षण के दौरान नए सदस्यों (किसान) का पंजीकरण भी किया जाएगा। 30 सितम्बर 2026 तक पंजीकृत कृषकों को ही गन्ना आपूर्ति का लाभ मिलेगा। उपज बढ़ोत्तरी के लिए गन्ना सर्वेक्षण से लेकर 30 सितम्बर 2026 तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए अनुसूचित जाति व जनजाति के कृषकों, लघु कृषकों और अन्य कृषकों से क्रमशः 10, 100 एवं 200 रुपये प्रति कृषक शुल्क जमा कराया जाएगा।

# आप के सात सांसद भाजपा में

एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) को शुक्रवार जोर का सियासी झटका लगा है। सांसद राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक एक साथ आप से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने का एलान किया है। इस मौके पर राघव चड्ढा ने दावा किया कि किया कि उनके साथ सात सांसद भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इससे राज्य सभा में पूरी आप का भाजपा में विलय हो गया है। इसके बाद भाजपा के डीडीयू मार्ग स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे आप सांसदों का राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आप सांसदों का स्वागत किया। उधर, आप सांसद संजय सिंह ने इसे ऑपरेशन लोटस करार दिया है। वहीं, संयोजक अरविंद केजरीवाल का आरोप है कि भाजपा ने पंजाबियों के साथ धक्का किया है।

शुक्रवार दोपहर आप के तीनों सांसदों ने नई दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में मीडिया से बात की। राघव चड्ढा ने कहा, आप को मैंने अपनी युवावस्था के 15 साल दिए। अब वह अपने सिद्धांतों, मूल्यों और बुनियादी नैतिकताओं से पूरी तरह भटक गई है। अब यह पार्टी देश या राष्ट्रीय हित के लिए काम नहीं कर रही है, बल्कि निजी स्वार्थ के लिए काम कर रही है।

बकौल राघव चड्ढा, आप में से कई लोग पिछले कुछ वर्षों से मुझसे यह कहते आ रहे हैं, और मैंने भी व्यक्तिगत रूप से यह महसूस किया है कि मैं सही आदमी हूं, लेकिन गलत पार्टी में हूं। चड्ढा ने दोहराया कि वह सही आदमी है, लेकिन गलत पार्टी में हैं। इसलिए, घोषणा करता हूं कि मैं आप से खुद को अलग कर रहा हूं और जनता के पास जा रहा हूं।



❒ मैं सही आदमी, गलती पार्टी में : राघव चड्ढा
❒ नितिन नवीन ने तीन सांसदों को मिठाई खिलाई
❒ तीनों सांसद कभी आप के रहे रीढ़, चड्ढा शुरू से ही रहे फ्रंट लाइनर, अशोक मित्तल का नाम सबसे चौंकाने वाला

मीडिया के एक सवाल पर राघव चड्ढा ने कहा कि राज्यसभा में आप के 10 सांसद हैं। इनमें से दो-तिहाई से ज्यादा हमारे साथ हैं। उन्होंने हस्ताक्षर कर दिए हैं और सुबह हमने हस्ताक्षरित पत्र और दस्तावेज राज्य सभा के सभापति को सौंप दिए। इनमें से तीन यहां आपके सामने मौजूद हैं। इसके अलावा हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रमजीत सिंह साहनी और स्वाति मालीवाल शामिल हैं।

इसके बाद तीनों सांसद भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने मिठाई खिलाकर सभी का स्वागत किया। राघव चड्ढा राजनीति में आने से पहले चार्टर्ड अकाउंटेंट थे। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री ली है। राघव चड्ढा के राजनीतिक जीवन की शुरुआत ही आप के साथ हुई थी। पार्टी के गठन के समय भी चड्ढा अरविंद केजरीवाल के साथ थे। 24 वर्ष की आयु में, उन्होंने 2012 में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में लोकपाल विधेयक का मसौदा तैयार करने में सहयोग किया। मीडिया में वह पार्टी और संगठन का पक्ष रखते रहे और जल्द ही वह पार्टी का जाना-पहचाना चेहरा बन गए। राघव चड्ढा भारतीय राजनीतिक दलों में सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने। वह पूर्व में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं। इससे पहले वे 2020 से मार्च 2022 तक दिल्ली के राजेंद्र नगर से आप विधायक रहे। इसी दौरान उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी निभाई थी। 2022 से वह पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं। पिछले दिनों पार्टी ने चड्ढा को राज्यसभा में उपनेता के पद से हटा दिया। इसके बाद उन्होंने बगावती रूख अपना लिया। माना जा रहा था कि उनका आप का साथ अब वक्त की बात है। डॉ. संदीप कुमार पाठक भी 2022 से पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद हैं। इसके साथ ही वह पार्टी में संगठन महासचिव की जिम्मेदारी निभा रहे थे। पंजाब का पिछला विधान सभा चुनाव जिताने में पाठक की भूमिका अहम रही थी। पार्टी उस वक्त उनकी सियासी समझ और संगठनात्मक क्षमता का कायल थी। पंजाब जीत के बाद ही उनको संगठन का महासचिव बनाया गया था। इससे पहले यह जिम्मेदारी आप सांसद संजय सिंह के पास थी। संदीप पाठक ने छत्तीसगढ़ से स्नातकोत्तर की उपाधि लेने के बाद हैदराबाद और पुणे में पढ़ाई की। फिर वह कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गए। वहां से उन्होंने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। पार्टी छोड़ने वालों में चौंकाने वाला नाम राज्यसभा सांसद अशोक ● शेष पेज 11 पर

### पंजाब के लोग पाला बदलने वालों को माफ नहीं करेंगे : संजय सिंह

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने शुक्रवार को अपनी पार्टी के राज्यसभा सदस्यों के दलबदल की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन लोटस' का हिस्सा बताया और कहा कि पंजाब की जनता पार्टी छोड़ने वाले उन सात सदस्यों को कभी माफ नहीं करेगी। बड़े पैमाने पर दलबदल कर आप के राज्यसभा सदस्यों के भाजपा से जुड़ने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, सिंह ने पार्टी पर पंजाब में भगवंत मान सरकार के अच्छे कार्यों में बाधा डालने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

# दूसरे दौर की शांति वार्ता की उम्मीदें बढ़ीं

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार से शुक्रवार को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय घटनाक्रमों और अमेरिका-ईरान युद्धविराम पर चर्चा की, जिससे शांति वार्ता के दूसरे दौर की उम्मीदें बढ़ गई हैं।डार, जो विदेश मंत्री का पदभार भी संभाल रहे हैं, को अराघची का फोन आने की पुष्टि विदेश कार्यालय ने एक बयान में की। बयान के अनुसार दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय घटनाक्रमों, युद्धविराम और अमेरिका-ईरान जुड़ाव के संदर्भ में इस्लामाबाद द्वारा किए जा रहे कूटनीतिक प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।डार ने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को जल्द से जल्द बढ़ावा देने के लिए लंबित मुद्दों को हल करने हेतु निरंतर संवाद और जुड़ाव के महत्व पर जोर दिया।

अराघची ने इस संबंध में पाकिस्तान की रचनात्मक भूमिका की सराहना की और दोनों नेता निरंतर संपर्क में रहने पर सहमत हुए। ईरानी मीडिया के अनुसार, अराघची ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से भी बात की।इस्लामाबाद में लॉकडाउनशांति वार्ता के संभावित दौर के मद्देनजर शुक्रवार को भी इस्लामाबाद में भारी यातायात के लिए सड़कें बंद रहीं। प्रशासन अमेरिका और ईरान के शीर्ष नेताओं के आगमन की प्रतीक्षा कर रहा है। इस्लामाबाद और रावलपिंडी में 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। मेट्रो बस सेवा और इलेक्ट्रिक बसें 19 अप्रैल से निलंबित हैं। रेड जोन बंद है और कार्यालयों में ● शेष पेज 11 पर



❒ ईरान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री से की बात

### इज़रायल और लेबनान के बीच संघर्ष-विराम तीन हफ़्तों के लिए बढ़ा

**वाशिंगटन।** इज़रायल और लेबनान के बीच संघर्ष विराम को तीन हफ़्तों के लिए बढ़ा दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को यह घोषणा की। यह फ़ैसला व्हाइट हाउस के ओवल ऑफ़िस में श्री ट्रम्प, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वैन्स, विदेश मंत्री मार्को रूबियो, इज़रायल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी, लेबनान में अमेरिका के राजदूत मिशेल ईसा और इज़रायल तथा लेबनान के कई उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों के बीच हुई एक बैठक में लिया गया। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर कहा, ''बैठक बहुत अच्छी रही।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका लेबनान को हिज़्बुल्लाह से रक्षा करने में मदद करने के लिए उसके साथ मिलकर काम करेगा। उन्होंने कहा कि वह ''निकट भविष्य'' में इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन की बैठक की मेज़बानी करने के लिए उत्सुक हैं, हालाँकि उन्होंने इसकी तारीख़ की घोषणा नहीं की है।

## उत्तर प्रदेश में 12 हजार से अधिक वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण खारिज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण के तहत बड़ा खुलासा हुआ है। 'उम्मीद' पोर्टल पर अपलोड किए गए करीब एक लाख वक्फ संपत्तियों के रिकॉर्ड की ऑडिट में 12,000 से अधिक पंजीकरण खारिज कर दिए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई मुख्य रूप से डाटा एंट्री में त्रुटियों और अधूरे दस्तावेजों के कारण की गई है।

सूत्रों की मानें तो खारिज की गई सूची के अनुसार सबसे अधिक पंजीकरण लखनऊ (1,114) में खारिज हुए हैं। इसके बाद बिजनौर (1,003) और सहारनपुर (990) का स्थान है। अन्य जिलों में बाराबंकी (577) और अमरोहा (85) शामिल हैं, जबकि बागपत (60) और बरेली (17) में अपेक्षाकृत कम मामले सामने आए हैं। बोर्ड के एक सदस्य ने बताया कि प्रभावित संपत्तियों में छोटी मस्जिदों की जमीन से लेकर कुछ जिलों में 300 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले बड़े कब्रिस्तान भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक़ ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा खारिज किये गये कब्रिस्तानों के मामलों में हुआ है, इसके बाद मस्जिदों का स्थान है। इसके अलावा मदरसे, ईदगाह, इमामबाड़ा, दरगाह और कुछ आवासीय व आय अर्जित करने वाली संपत्तियां भी प्रभावित हुई हैं। इस संबंध में वक्फ बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि वक्फ संस्थानों का उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण कार्य जारी है और इसकी अंतिम तिथि छह जून 2026 निर्धारित है। उन्होंने कहा कि जिन पंजीकरणों को खारिज किया गया है, उन्हें अब पांच जून तक सही जानकारी और पर्याप्त दस्तावेजों ● शेष पेज 11 पर




## भाजपा सरकार बनने पर तृणमूल के हर अत्याचार की फाइल खुलेगी: मोदी

एजेंसी

दमदम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कंग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि तृणमूल का दीया बुझने वाला है और बुझता हुआ दीया फड़फड़ाता है। इसलिए तृणमूल के नेता फड़फड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चार मई को भाजपा सरकार बनने के बाद हर अन्याय, हर अत्याचार की फाइल खुलेगी। ये मोदी की गारंटी है।

श्री मोदी ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कि लंबे समय से बंगाल में परिवर्तन की जो लहर दिख रही थी। कल पहले चरण के मतदान ने उसपर मुहर लगा दी है। कल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में जो समर्थन दिखा है, उसने भाजपा की विजय का शंखनाद कर दिया है। जिस बंगाल में तृणमूल कंग्रेस ने लोकतंत्र के मंदिर को कुचल दिया था। अपनी तानाशाही से लोकतंत्र के मंदिर को खंडित कर दिया था। उस बंगाल में पहले चरण में जनता ने लोकतंत्र के मंदिर का पुनर्निर्माण कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब दूसरे चरण में आपको इस लोकतंत्र के मंदिर पर विजय ध्वज फैलाना है। इस वजह से अब तृणमूल बहुत बुरी तरह बौखला गई है। कल रात भर तृणमूल अपने गुंडों को ताकत दे रही थी कि मैदान में आओ। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं बंगाल की जनता से कहूंगा, भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से कहूंगा कि मत भूलिए, ये क्रांति की धरती है, ये वीरों की धरती है। ये मत भूलना कि हर बुझता हुआ दीपक थोड़ा फड़फड़ाता है, वैसे ही तृणमूल का दीया भी बुझने से पहले थोड़ा फड़फड़ा रहा है।'' उन्होंने कहा कि चार मई को नतीजे आने के बाद तृणमूल के गुंडों को बंगाल ● शेष पेज 11 पर



## ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष ने राज्यसभा में नया नोटिस दिया

नयी दिल्ली। विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर एक बार फिर राज्यसभा में औपचारिक पहल की है। विपक्ष के 73 सांसदों ने राज्यसभा के महासचिव को प्रस्ताव (रेजोल्यूशन) का नोटिस सौंपा है, जिसमें भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग की गई है। यह नोटिस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश और तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष ने प्रस्तुत किया है। फिलहाल यह प्रस्ताव केवल राज्यसभा में ही दाखिल किया गया है। श्री रमेश ने जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रस्ताव में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कुल नौ गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिन्हें विस्तार से दस्तावेज़ित किया गया है। उनके अनुसार, ये आरोप 15 मार्च 2026 के बाद किए गए कार्यों और चूकों से जुड़े हैं, जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 324(5) और अनुच्छेद 124(4) के तहत ''सिद्ध कदाचार'' माना जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव ''मुख्य चुनाव आयुक्त और ● शेष पेज 11 पर

लखनऊ में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन (उत्तर क्षेत्र) के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# उत्तर प्रदेश में 'लैब टू लैंड' की अवधारणा धरातल पर : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लखनऊ में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन (उत्तर क्षेत्र) के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यह बदलाव वैज्ञानिक तकनीकों, एग्रो-क्लाइमेटिक जोन आधारित रणनीति तथा केंद्र-राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। यूपी में लैब टू लैंड की अवधारणा धरातल पर उतर चुकी है, जिससे किसानों को सीधे लाभ मिल रहा है।

होटल सेंट्रम में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि विकास दर में उल्लेखनीय वृद्धि, प्रति हेक्टेयर उत्पादन में रिकॉर्ड सुधार, बहुफसली खेती का विस्तार और वैल्यू एडिशन पर बढ़ता फोकस इस परिवर्तन के स्पष्ट संकेत हैं। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय कृषि सम्मेलनों, अंतरराष्ट्रीय कृषि केंद्रों की स्थापना, कृषि विज्ञान केंद्रों के सशक्तीकरण और प्रगतिशील किसानों की भूमिका को इस बदलाव का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की क्षमता रखता है।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग-अलग देशों और क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न एग्रो-क्लाइमेटिक जोन होने के कारण नीतियां भी उसी अनुरूप तय की जानी चाहिए। यदि अलग-अलग जोन में इस प्रकार की गोष्ठियां आयोजित की जाएं तो उसके सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। मुख्यमंत्री ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि गत वर्ष 'विकसित कृषि अभियान' और 'खेती की बात, खेत में' कार्यक्रम के दौरान उन्हें कई जनपदों में जाने का अवसर मिला, जहां किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और कृषि शिक्षा से जुड़े प्रशिक्षुओं में अभूतपूर्व उत्साह व जिज्ञासा देखने को मिली। पहली बार इनोवेशन को सीधे व्यावहारिक धरातल पर उतारने का अवसर मिला है। पहले लैब में होने वाले अनुसंधान को लैंड तक पहुंचने में काफी समय लगता था लेकिन अब ह्ललैब टू लैंडङ्क की अवधारणा साकार हो चुकी है और तकनीक सीधे खेत तक पहुंच रही है। इस अभिनव पहल के लिए मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस अवधारणा को व्यवहारिक रूप से देशभर में लागू करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।



मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 की स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि उस समय प्रदेश में मात्र 69 कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) थे, जो लगभग निष्क्रिय अवस्था में थे और उनके वैज्ञानिक भी अन्य संस्थानों में अटैच थे। इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा 20 नए केवीके की पहल के साथ-साथ मौजूदा केंद्रों को सशक्त बनाने की कार्ययोजना पर काम हुआ। आज स्थिति यह है कि सभी केवीके सक्रिय होकर नवाचारों को बढ़ावा दे रहे हैं और प्रदेश के सभी नौ एग्रो-क्लाइमेटिक जोन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से कृषि विकास को नई दिशा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ये वैज्ञानिक स्थानीय स्तर पर डेमोस्ट्रेशन करते हैं और फिर किसानों के खेत में जाकर उसे लागू करते हैं, लगातार दौरे करते हैं, निरंतर गोष्ठियां चलती हैं और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही भारत सरकार के साथ उनका सतत संवाद बना रहता है। इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश की कृषि विकास दर आठ से बढ़कर लगभग 18 प्रतिशत तक पहुंच गई है। परिणाम बताते हैं कि हम इससे भी बेहतर उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा मानना है कि आजादी के समय भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान लगभग 41-42 प्रतिशत था। समय के साथ इसका योगदान घटता गया। यदि कृषि व मैन्युफैक्चरिंग के बीच बेहतर समन्वय हो, तो विकास की गति और तेज हो सकती है। वर्तमान में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान अब भी लगभग 15ऽ16 प्रतिशत के आसपास है, जबकि कृषि का हिस्सा ● शेष पेज 11 पर

## कृषि का रोडमैप बनाकर कार्य करें प्रत्येक राज्य : चौहान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को सेन्ट्रम होटल में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का दीप जलाकर शुभारम्भ किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक राज्य कृषि का रोडमैप बनाकर कार्य करें। इसके अलावा नकली खाद व नकली पेस्टीसाइज के खिलाफ प्रभावी अभियान लेकर राज्य कठोर कार्रवायी कराएं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में खाद्यान्न उत्पादन में नंबर एक है।

यहाँ की मिट्टी, यहाँ की जलवायु, यहाँ के मेहनती किसान उसके साथ हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू काश्मीर, वहां के फल, फूल, सब्जियां विशेष हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर की स्थापना करने का निर्णय भारत सरकार ने लिया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि के मामले में हमारे तीन बड़े लक्ष्य हैं। पहला देश की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना। दूसरा किसान की आय बढ़ाना और तीसरा पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराना। इसको लेकर हम उत्पादन बढ़ाने, उत्पादन की लागत कम करने, किसान को उचित कीमत दिलाने, नुकसान हो जाय तो उसकी भरपाई हो जाय, इसके साथ कृषि का विविधीकरण जरूरी है। शिवराज सिंह चौहान ने खेती में अंधाधुंध उर्वरकों के उपयोग पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इससे मिट्टी का स्वास्थ्य खराब हो रहा है।

# सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में 1000 स्थानों पर जरूरतमंद लोगों व पक्षियों के लिए घड़े व जलपात्र किए जाएंगे स्थापित: डॉ राजेश्वर सिंह

❐ सरोजनीनगर में जल-जीवन एवं पक्षी संरक्षण अभियान का शुभारंभ-डॉ. राजेश्वर सिंह




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । भीषण गर्मी को देखते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने माँ पीताम्बरा ट्रस्ट एवं Environment Warriors के सहयोग से एक महत्वपूर्ण जन-सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान का शुभारंभ किया है, आशियाना स्थित विधायक कार्यालय से भाजपा पदाधिकारियों को पानी के घड़े व पक्षियों के लिए जलपात्र उपलब्ध करा शुरू हुआ अभियान।इस अभियान के अंतर्गत सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में 1000 स्थानों पर जरूरतमंद लोगों के लिए पानी की व्यवस्था तथा 1000 स्थानों पर पक्षियों के लिए जलपात्र स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 1000 घड़े तथा 1000 पक्षी जलपात्र/ मिट्टी के पात्र पार्टी कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं को वितरित किए जाएंगे, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें।डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि मई और जून की प्रचंड गर्मी में प्यासे राहगीरों, श्रमिकों, जरूरतमंदों और पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना केवल सेवा नहीं, बल्कि हमारी मानवीय और सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है। यह अभियान सरोजिनी नगर में सेवा, संवेदना और पर्यावरण संरक्षण के भाव को और मजबूत करेगा।उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लखनऊ में भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है और यह एक गंभीर चेतावनी है। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, शहर के कई इलाकों में पिछले 9ऽ10 वर्षों में ही 10ऽ12 मीटर (लगभग 30ऽ40 फीट) तक गिरावट दर्ज की गई है  वहीं विशेषज्ञों के अनुसार, गोमती बेसिन क्षेत्र में भूजल स्तर कई स्थानों पर 30 मीटर तक नीचे चला गया है दीर्घकालिक रुझान और अध्ययनों से स्पष्ट है कि पिछले 15ऽ20 वर्षों में लखनऊ के कई हिस्सों में कुल मिलाकर 20ऽ30 मीटर (लगभग 60ऽ100 फीट या उससे अधिक) तक गिरावट देखी गई है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है । डॉ. सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों, पार्कों और संस्थानों में कम लागत वाले वर्षा जल संचयन सिस्टम अवश्य लगाएं, ताकि गिरते हुए भूजल स्तर को रोका जा सके और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित किया जा सके।इसके साथ ही उन्होंने लोगों से सोलर पैनल लगाने का भी आग्रह किया, ताकि पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम हो, पर्यावरण की रक्षा हो और राष्ट्रहित में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले।डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरोजिनी नगर केवल विकास का नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और सतत भविष्य का भी मॉडल बनेगा। यह अभियान न केवल लोगों और पक्षियों की प्यास बुझाएगा, बल्कि जल संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के प्रति भी व्यापक जन-जागरण का माध्यम बनेगा।

# एक किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं का बैलेंस नेगेटिव भी हो जाए तो 30 दिनों तक उनका कनेक्शन नहीं कटेगा: ए के शर्मा

❐ यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई ह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं, विशेषकर कम लोड वाले घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मंत्री श्री शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि 1 किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं का यदि बैलेंस नेगेटिव भी हो जाए, तब भी 30 दिनों तक उनका कनेक्शन नहीं काटा जाएगा।

यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नेगेटिव बैलेंस की स्थिति में भी एक माह का पूरा चक्र पूर्ण होने से पहले किसी भी स्थिति में कनेक्शन विच्छेद नहीं किया जाएगा। साथ ही, पारदर्शिता और उपभोक्ता सुविधा को ध्यान में रखते हुए कनेक्शन काटने से पूर्व उपभोक्ताओं को 5 अनिवार्य ट्र्ख्रट्ट अलर्ट भेजे जाएंगे, जिससे उन्हें समय रहते भुगतान का अवसर मिल सके।इसी क्रम में 2 किलोवाट के कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को भी राहत प्रदान की गई है। ऐसे उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन ?200 तक के माइनस बैलेंस पर नहीं काटा जाएगा। इनके लिए भी 5 चरणों में ट्र्ख्रट्ट सूचना प्रणाली लागू की गई है, जिससे किसी भी असुविधा से बचा जा सके।बढ़ती गर्मी को देखते हुए मंत्री श्री ए के शर्मा ने सभी जिलों के अधिकारियों को विद्युत अनुरक्षण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए गए हैं। अब तक लगभग 30 लाख नए विद्युत खंभे स्थापित किए जा चुके हैं तथा ट्रांसफार्मरों की क्षमता में भी व्यापक वृद्धि की गई है।

मंत्री श्री शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाला राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में प्रदेश की जनता को बिजली की दृष्टि से किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सरकार पूरी तरह से सजग है और निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## केबीएस हाईस्कूल की छात्राओं ने यूपी बोर्ड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन: प्रबंधक पीपी सिंह ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित



**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के विकास खंड कोरांव स्थित मानपुर गांव के केबीएस हाईस्कूल की छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय की तान्या सिंह ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है।इसी क्रम में अंशिका सिंह ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि राही सिंह 79.16 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। एक अन्य छात्रा ने 78.2 प्रतिशत अंक हासिल किए।इन सभी छात्राओं ने गांव में अपने घरों पर रहकर ही पढ़ाई की और विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक पी.पी. सिंह ने उन्हें सम्मानित किया।इस अवसर पर प्रबंधक पी.पी. सिंह ने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## आशनी तिवारी की शैक्षिक सफलता पर गर्वित किसान इंटर कालेज



**गोंडा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोनापार बराराय क्षेत्र के किसान इंटर कालेज की छात्रा आशनी तिवारी ने यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में 74 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।अपने विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा आशनी तिवारी की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य लायक राम पांडेय बहुत प्रसन्न नजर आये। उन्होंने कहा कि आशनी की यह शैक्षिक उपलब्धि सीमित साधनों में शिक्षा ग्रहण करने वाले ग्रामीण छात्र छात्राओं की लगन और क्षमता को प्रमाणित कर रही है। आशनी के परिजनों ने भी कहा कि आशनी ने इस उपलब्धि से अपने परिवार को प्रसन्नता और गौरव दिया है। आशनी के परिवार में उनके दादा ओमप्रकाश तिवारी किसान हैं और पूरा परिवार ग्रामीण क्षेत्र में निवास करता है। आशनी के पिता बृजेश तिवारी,माता सुनीता देवी और चाचा राजेश तिवारी ने भी आशनी के उज्जवल शैक्षणिक भविष्य के लिये आशीर्वाद दिया और ऐसे ही मेहनत करके पढ़ाई करने और परिवार सहित गोंडा जनपद और देश प्रदेश का नाम रोशन करने की बात कही!

## देसी शराब की दुकान का कचरा राहगीरों के लिए बना मुसीबत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईं गंज क्षेत्र में सुल्तानपुर रोड से निकलने वाली मलौली रोड पर लगभग डेढ़ की दूरी पर स्थित देसी शराब की दुकान की लोगों के लिए मुसीबत बन गई है।इस दुकानदार की लापरवाही के चलते आम जनता और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का मानना है कि शराब दुकान से निकलने वाला सारा कूड़ा-कचरा और खाली बोतलें सड़क के किनारे खुले में फेंकी जा रही हैं। इसी वजह से वहां पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है।सड़क किनारे लगे हुए कचरे से दुर्गंध निकलती रहतीं है इसी को उस स्थान के पास गुजरना भी मुश्किल हो गया है।लोगो का का कहना है कि गंदगी के इस ढेर बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। इसके पास से गुजरने वाले स्कूली बच्चों व अन्य लोग के स्वास्थ्य और मानसिकता पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।इस। स्थान पर सड़क पर फैली हुई बोतलों और कचरे के कारण राहगीरों के फिसलने और चोटिल होने का खतरा बना रहता है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद दुकान संचालक इस ओर ध्यान नहीं दे रहा हैं। गंदगी की वजह से आवारा पशुओं का जमावड़ा भी सड़क पर लगा रहता है, जिससे यातायात बाधित होता है।क्षेत्रीय नागरिकों जिला प्रशासन से मांग की है कि इस स्थान पर तत्काल सफाई कराई जाए और दुकान संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में सार्वजनिक स्थान पर कचरा न फेंका जाए।

## पीएम किसान योजना: अपूर्ण जानकारी के कारण रुकी किस्तें, 30 अप्रैल तक अपडेट का अंतिम मौका

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले के हजारों किसानों की रुकी हुई किस्तों को लेकर कृषि विभाग ने अहम सूचना जारी की है। विभाग के अनुसार, विभिन्न कारणों से जनपद के लगभग 48,920 किसानों की जानकारी अपूर्ण पाए जाने पर उनकी किस्तों का भुगतान रोक दिया गया है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जिन प्रमुख कारणों से भुगतान प्रभावित हुआ है, उनमें वर्ष 2019 के बाद भूमि हस्तांतरण (विक्रय, दान, अनुदान आदि) से संबंधित 7,807 मामले, संदिग्ध पूर्व एवं वर्तमान भू-स्वामी डेटा के 3,177 मामले, पूर्व भू-स्वामी की अधूरी जानकारी के 36,069 मामले तथा 1,867 नाबालिग लाभार्थियों के मामले शामिल हैं। किसानों को निर्देशित किया गया है कि वे सर्वप्रथम अपनी फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करें, जिसके बाद आधिकारिक पोर्टल पर Update Missing Informationâ विकल्प के माध्यम से आवश्यक विवरण अपडेट करें। साथ ही, सत्यापन हेतु संबंधित तहसील कार्यालय में पति-पत्नी के आधार कार्ड, वर्तमान खतौनी तथा विरासत में भूमि प्राप्त होने की स्थिति में मृतक का आधार कार्ड एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रतियां जमा करना अनिवार्य होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 30 अप्रैल 2026 तक सभी सूचनाएं एवं दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद लंबित मामलों को पोर्टल से हटा दिया जाएगा, जिससे भविष्य में योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा।

## खरीफ 2026: अब 'पहले आओ-पहले पाओ' नहीं, ई-लॉटरी से होगा बीज वितरण

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** कृषि विभाग ने खरीफ 2026 के लिए बीज वितरण प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए नई व्यवस्था लागू की है। अब तक प्रचलित ÿपहले आओ-पहले पाओÿ प्रणाली को समाप्त कर दिया गया है और इसके स्थान पर ऑनलाइन बुकिंग एवं ई-लॉटरी प्रणाली लागू की गई है।
उप कृषि निदेशक के अनुसार, किसानों को बीज प्राप्त करने के लिए विभागीय पोर्टल पर जाकर पहले बुकिंग करनी होगी। इसके पश्चात चयन प्रक्रिया ई-लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। यह व्यवस्था सामान्य बीज वितरण एवं मिनीकिट योजना दोनों पर लागू होगी। पोर्टल पर प्रमाणित एवं संकर (हाइब्रिड) बीजों की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। बुकिंग प्रक्रिया 22 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुकी है, जबकि इसकी अंतिम तिथि 10 मई 2026 निर्धारित की गई है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते अपनी आवश्यकता के अनुसार बीज की बुकिंग सुनिश्चित करें, ताकि चयनित होने पर उन्हें समय से बीज उपलब्ध कराया जा सके।

## प्रयागराज में कार्यक्रम के दौरान महिला अधिकारी से कथित अभद्रता, जांच की मांग

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता** तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के अंतिम दिन अव्यवस्था का मामला सामने आया है। Dhirendra Krishna Shastri के कार्यक्रम में शामिल एक महिला, जो हाईकोर्ट में समीक्षा अधिकारी बताई जा रही हैं, ने आरोप लगाया है कि कार्यक्रम स्थल पर तैनात बाउंसरों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। महिला के अनुसार, उन्हें जबरन खींचते हुए बाहर निकाला गया, जिससे उनके हाथ और पीठ पर खरोंचें आईं। घटना के बाद पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल इस मामले में आधिकारिक पुष्टि या आयोजकों की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। पुलिस द्वारा शिकायत मिलने पर जांच की संभावना जताई जा रही है।

# कोरांव कस्बे में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान विरोध के बीच हटे कई अवैध कब्जे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव , प्रयागराज। प्रयागराज जनपद के कोरांव कस्बे में एसडीएम संदीप तिवारी और एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर पंचायत और थाना कोरांव पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई दोपहर ढाई बजे से शुरू हुई।अभियान के दौरान जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली का इस्तेमाल कर अधिकांश अतिक्रमण हटा दिया गया। कुछ व्यापारियों ने स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा लिया, जबकि कुछ मनबढ़ व्यापारियों का सामान ट्राली में लादकर नगर पंचायत भेज दिया गया।अधिकारियों ने बताया कि अभियान शुरू होने से दो दिन पहले लाउडस्पीकर के माध्यम से व्यापारियों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की गई थी। हालांकि, उस अपील पर किसी ने ध्यान नहीं दिया, जिसके बाद प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी।एसडीएम ने सख्त हिदायत दी है कि यदि हटाया गया अतिक्रमण दोबारा रखा गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान अभी एक-दो दिन और जारी रहेगा।अभी एक-दो दिन और जारी रहेगा।नगरवासियों ने चौराहे पर सुबह से शाम तक पुलिस बल तैनात करने की मांग की है, ताकि यातायात जाम की समस्या से बचा जा सके। अभियान के परिणामस्वरूप, पहले की तुलना में काफी रास्ता खाली हो गया है, जिससे आवागमन सुगम हुआ है।इस मौके पर थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार वर्मा, कौंधियारा थाना अध्यक्ष कुलदीप शर्मा सहित अन्य महिला-पुरुष पुलिस बल और डीसीपी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने एनएचएआई को लिखा पत्र सरोजनीनगर के लिए उठाईं तीन अहम मांगें

❐ डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल, लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर दरोगा खेड़ा व शांतिनगर में फुट ओवरब्रिज निर्माण की मांग

❐ सरोजनीनगर में जाम, जलभराव और दुर्घटनाओं से राहत की दिशा में ठोस पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने एवं जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने दिनांक 23 अप्रैल 2026 (दो पत्र) एवं 24 अप्रैल 2026 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (गन्ल्ह्ङ्क) को पत्र लिखकर महत्वपूर्ण मुद्दों पर शीघ्र कार्यवाही का अनुरोध किया है।

डॉ. सिंह ने लखनऊऽकानपुर एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर निर्माणाधीन नालों के मिसिंग लिंक को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने का अनुरोध किया है। कृष्णा लोक कॉलोनी, दरोगा खेड़ा, रनीपुर फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी मोड़ एवं शहीद पथ एयरपोर्ट तिराहे जैसे प्रमुख स्थानों पर अधूरे कार्य के कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे स्थानीय जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने शांति नगर क्षेत्र (लगभग 30 हजार आबादी) तथा दरोगा खेड़ा क्षेत्र (लगभग 60 हजार आबादी) में आवागमन की गंभीर समस्या को देखते हुए फुट ओवरब्रिज (ह्लह्रक्च) निर्माण का अनुरोध किया है। हज हाउस के पास तथा दरोगा खेड़ा चौराहे पर फुट ओवरब्रिज निर्माण से विशेषकर छात्रों एवं स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने पत्रों में यह भी उल्लेख किया है कि आवश्यकतानुसार निजी भूमि क्रय की प्रक्रिया अपनाकर इन परियोजनाओं को शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ÿसरोजनीनगर के नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में यातायात एवं जलनिकासी की समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।

# हत्या में प्रयुक्त बंदूक बेचने व लाइसेंस ट्रांसफर में फर्जीवाड़ा, दो नामजद पर मुकदमा दर्ज

**कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर सबूत से छेड़छाड़ का आरोप, सरैपुर थाना पुलिस जांच में जुटी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। सरैपुर थाना क्षेत्र में हत्या के एक पुराने मामले से जुड़ी बंदूक को अवैध रूप से बेचने और लाइसेंस ट्रांसफर में फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुबारकपुर आईआईएम रोड निवासी लक्ष्मीशंकर उर्फ पप्पू की तहरीर पर दर्ज एफआईआर के अनुसार, वर्ष 2011 में हुई हत्या की घटना में प्रयुक्त 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक को न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद न तो सुरक्षित रखा गया और न ही पुलिस या कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोप है कि मुख्य आरोपी ने सुनियोजित तरीके से उक्त बंदूक को वर्ष 2018 में बेच दिया और बाद में वर्ष 2020 में लाइसेंस अपने पुत्र के नाम स्थानांतरित करा दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इस दौरान आरोपियों ने पुलिस और न्यायालय से तथ्य छिपाकर गुमराह किया, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हुई। मामले में पहले दर्ज हत्या मुकदमे में आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 9 मई 2025 को आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई जा चुकी है। पुलिस ने इस प्रकरण में भारतीय दंड संहिता की धारा धोखाधड़ी,जालसाजी और फर्जी दस्तावेज का उपयोग के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी मनोज कोरी ने बताया कि आरोपों की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## पशु अस्पताल में लापरवाही की हद

सुल्तानपुर। गोलाघाट स्थित पशु चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यहां तैनात सफाई कर्मी ड्यूटी पर नजर नहीं आते, लेकिन हाजिरी रजिस्टर में उनकी उपस्थिति नियमित दर्ज की जा रही है। बिना काम किए वेतन उठाने का यह मामला अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक अस्पताल में न केवल सफाई व्यवस्था बदहाल है बल्कि अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति भी संदिग्ध रहती है।

# रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड का भव्य पूर्वाभ्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फोटो न0-02, 03

सुलतानपुर। पुलिस लाइन सुलतानपुर के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को आगामी दीक्षांत परेड (पासिंग आउट परेड) के मद्देनजर भव्य पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चारू निगम के नेतृत्व में रिक्रूट आरक्षियों ने अनुशासन और उत्साह के साथ अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया।



पूर्वाभ्यास के दौरान 10 टोलियों में शामिल कुल 297 रिक्रूट आरक्षियों ने शानदार मार्च पास्ट कर अपनी प्रशिक्षण क्षमता का परिचय दिया। पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया और इसके बाद रिक्रूट्स को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। मार्च पास्ट के दौरान बैंड की धुन पर कदमताल करते हुए रिक्रूट्स ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन किया और राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय कमाण्ड के नेतृत्व में सभी टोलियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ भी दिलाई गई। समारोह को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को परेड ग्राउंड, अतिथियों की बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा मानकों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। पूर्वाभ्यास के दौरान आंतरिक एवं बाह्य परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अखण्डप्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर/लाइन रामकृष्ण चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उज्ज्वला योजना में दूसरे व्यक्तियों को दे दिया सिलेंडर, आधार कार्ड से हुआ खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जी हाँ ! घरेलू गैस की किल्लत से जूझ रही महिलाओं ने जब कनेक्शन के लिये जब विभिन्न एजेंसियों पर आधार कार्ड समेत फॉर्म जमा किये तो आधार नम्बर कम्प्यूटर पर डालते ही खुलासा हुआ कि उक्त महिलाओं के नाम पर दो से तीन वर्ष पूर्व ही उज्ज्वला योजना का कनेक्शन निर्गत किया जा चुका है । जब यह जानकारी पीड़ित महिलाओं को हुई तो उनको घोर आश्चर्य हुआ । पीड़ित महिलाओं ने इस संबंध में कई बार उच्चाधिकारियों से संपर्क किया लेकिन जिला पूर्ति अधिकारी की उदासीनता के चलते आज भी महिलाओं को न्याय नहीं मिल पा रहा है। इसी क्रम में कूरेभार ब्लॉक स्थित वयोवृद्धा लखपति देवी का नाम पहले आता है। उनका उज्ज्वला गैस का कनेक्शन इंडियन गैस सर्विस पर है। लेकिन दबंग एजेंसी संचालक से कई बार कहने और दरख़्वास्त देने के बावजूद एजेंसी संचालक ने उन्हें न पासबुक दिया न सिलेंडर। वर्षो से वृद्धा लखपति का उत्पीड़न एजेंसी संचालक द्वारा किया जा रहा है। इसी तरह दूसरा मामला वृंदा मौर्या पति चौथी मौर्या का है।वह शहर की वार्ड नम्बर एक करौंदिया की निवासिनी हैं।इन्होंने ने भी जब पड़ताल की तो पता चला कि उज्ज्वला का कनेक्शन बीते तीन वर्सो से नगर के गभरिया स्थित रुद्र गैस सर्विस पर चल रहा है।पता चला है कि यहां की संचालिका ने भी इसी तरह के कई गैसबुक को दूसरों को बांट रखा है?इसी तरह लखपति पत्नी रामपाल दूबेपुर ब्लॉक के भाईं सरायं की निवासिनी हैं, जिनका कनेक्शन नम्बर 86047947 वर्ष 2016 में हुआ था । जिन्हें गैसबुक तो किसी तरह मिल गयी लेकिन घरेलू गैस सिलेंडर नही मिला। लक्ष्मनपुर स्थित एजेंसी कर्मियों ने फरवरी माह में बहाने से बुलाकर केवाईसी कर दिया। जब सिलेंडर मांगा गया तो उपभोक्ता को मुँह न खोलने की भी धमकी दी गयी।

## ग्रामीण पर हमला कर पेड़ पर चढ़ा तेंदुआ, पकड़ने में जुटा वन विभाग

बहराइच । उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के मोतीपुर वन क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटिया में शुक्रवार को एक तेंदुए ने बुजुर्ग ग्रामीण पर हमला कर दिया। घटना से क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत फैल गई। घटना की जानकारी पर वन विभाग की टीम पहुंच गयी। रेंजर एस के तिवारी ने बताया कि एक ग्रामीण खेत की तरफ जा रहा था, तभी पहले से घात लगाए बैठे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण गम्भीर रूप से घायल हो गया।

## पंचायत सहायक पर लापरवाही के आरोप—सचिवालय नहीं खुलने से ग्रामीण परेशान,कार्रवाई की मांग

पूरनपुर ।विकास खण्ड की ग्राम पंचायत अमरैया कलां में पंचायत सहायक पर गंभीर लापरवाही के आरोप सामने आए हैं गांव निवासी रविन्द्र कुमार ने जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है कि पंचायत सहायक श्रीमती पुष्पा देवी द्वारा नियमित रूप से पंचायत सचिवालय नहीं खोला जाता, जिससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है ।

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **15.05.2026 को 15:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00372026 दिनांक 24.04.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 05-SrDEN-I-LKO-2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/आलमबाग–पश्चिम के खण्ड में स्थित 3BN/RPSF/LKO में शौचालय, बाथरूम और व्यापारियों की दुकान आदि सहित बैरकों में सुधार। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 90,18,763.20 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 1,80,400/- |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 01.05.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.05.2026, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट:– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1369/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सपा कांग्रेस व टीएमसी ने आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया : खन्ना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री और लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को नैमिषारण्य गेस्ट हाउस में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में पत्रकार वार्ता की। मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि संसद में महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोधकर सपा, कांग्रेस, टीएमसी व डीएमके ने आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया है। विपक्षी दलों के इस महिला विरोधी आचरण की मैं निन्दा करता हूँ। कांग्रेस-सपा ने साबित किया कि उनके लिए सत्ता की राजनीति, महिलाओं के अधिकारों से बड़ी है। आने वाले समय में इन दलों को महिलाओं के जनाक्रोश का सामना करना पड़ेगा। वह चुनावी परिणाम को सीधे प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं।

उन्होंने कहा कि इस बिल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी दलों के सांसदों से समर्थन की अपील की थी। सुरेश खन्ना ने कहा कि सपा, कांग्रेस व टीएमसी जनता की नजरों में हमेशा के लिए गिर गयी हैं। बिल पास हो जाता तो 2029 के लोकसभा चुनाव में 272 महिलाएं संसद में पहुंच जातीं लेकिन परिवारवादी दल महिलाओं को आरक्षण देना नहीं चाहते। कांग्रेस ने महिला आरक्षण को लंबित रखा। मंडल कमीशन की रिपोर्ट को भी कांग्रेस वर्षों तक दबाये रखी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सपा जैसे दल कोटा के भीतर धर्म आधारित आरक्षण की असंवैधानिक मांग उठाकर प्रक्रिया को टालने की कोशिश कर रहे हैं, जो तुष्टीकरण और ध्यान भटकाने का एक तकनीकी बहाना है। इस पूरे घटनाक्रम से यह स्पष्ट हो गया है कि जब भी महिलाओं को समान भागीदारी देने की बात आती है, तो यह दल राजनीतिक बहानों और देरी की दीवारें खड़ी कर देते हैं। इस मौके पर उनके साथ महापौर सुषमा खर्कवाल, लखनऊ के महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लखनऊ जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, एमएलसी मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल व विधायकों में ओपी श्रीवास्तव, जय देवी व डॉ. नीरज बोरा उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण एकता पर मंथन, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में हुआ विराट ब्राह्मण सम्मेलन

# ब्राह्मण गौरव को स्थापित करने के लिए एकजुटता जरूरी








कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शुक्रवार को गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में विराट ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक भूपेंद्र शुक्ला (असिस्टेंट कमिश्नर, जीएटी) रहे, जबकि अध्यक्षता मेजर आशीष चतुर्वेदी (भूतपूर्व सैनिक संघ, उत्तर प्रदेश) ने की।

सम्मेलन में मोनी महाराज, रिटायर्ड जस्टिस सी.बी. पाण्डेय, राकेश कुमार पाण्डेय (प्रधान संपादक, कैनविज टाइम्स), पी.के. मिश्रा (पूर्व जिला जज), डॉ. शिवम त्रिपाठी (इकाना हॉस्पिटल), राम महेश मिश्रा (भाग्योदय फाउंडेशन), विधायक अमिताभ बाजपेई (कानपुर), विनय शास्त्री और गार्गी तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में मंच पर मौजूद रहे। अध्यक्षता करते हुए मेजर आशीष चतुर्वेदी ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य ब्राह्मण समाज को जागरूक कर एक मंच पर लाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्राह्मणों पर हो रहे अत्याचारों पर कोई मुखर नहीं है और सरकार भी इस पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने समाज से एकजुट होकर आगे बढ़ने की अपील की। साथ ही भगवान परशुराम जयंती पर अवकाश घोषित न होने को लेकर भी उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने शंकराचार्य प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें राजनीतिक मोहरा बनाया गया और उनके पद पर भी सवाल खड़े किए गए। वहीं, मुख्य वक्ता गार्गी तिवारी ने भी ब्राह्मण समाज की एकता पर जोर दिया। पूर्व जिला जज पी.के. मिश्रा ने कहा कि समाज में कई संगठन बनने से एकता कमजोर हो रही है, ऐसे में सभी संगठनों को एक मंच पर आना होगा। विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा कठिन समय में मार्गदर्शन करता रहा है। सम्मेलन में विभिन्न जिलों से आए ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य ब्राह्मण गौरव की स्थापना, समाज के उत्थान पर विचार-विमर्श और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देश व समाज को बेहतर बनाने पर चिंतन करना रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# उप्र पुलिस मुख्यालयल में 'ई-साक्ष्य एवं ई-समन' विषय पर कार्याशाला आयोजित, डीजीपी की रही विशेष उपस्थिति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमती नगर विस्तार स्थित पुलिस मुख्यालय के अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश पुलिस के तकनीकी सेवाएं मुख्यालय की ओर से भारत सरकार की प्रख्यापित तीन नयी न्याय संहितायों आपराधिक कानून के सफल क्रियान्वयन के लिए ई-समन एवंई-साक्ष्य के प्रयोग को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा, विशिष्ट अतिथि पीसी मीना, महानिदेशक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं एवं अन्य शाखाओं के वरिष्ठतम अधिकारी उपस्थिति रहे।

अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाए नवीन अरोरा ने पौधा भेंट कर पुलिस महानिदेशक का अभिवादन किया एवं मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। तत्पश्चात एडीजी टीएस ने कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय एवं कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुतिकरण (पीपीटी) के माध्यम से सभी को अवगत कराया। इसके बाद पुलिस महानिदेशक ने इसके महत्व एवं आवश्यकता पर विस्तृत प्रकाश डाला।

यह कार्यशाला ई-साक्ष्य एवं ई-समन पर केंद्रित रही, जिसमें विभिन्न विभागों जैसे एनआईसी,जेटीआरई, एनएफएसयू, प्रोसेक्यूशन डिपार्टमेंट, यूपीएसआईएसएस एफएसएल आदि के विशेषज्ञों ने छह विभिन्न तकनीकी सत्रों का संचालन किया। इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों और कमिश्नरेट्स के नोडल अधिकारी ऑनलाइन माध्यम 175 से एवं जोन, रनेज, जनपद, कमिश्नरेट्स के समन सेल प्रभारी, साक्ष्य, विवेचना एवं समन तामीला से जुड़े तकनीकी कार्मिकों लगभग 350 लोगों ने ऑफलाइन प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक पुलिस कार्मिक को दक्ष बनाना, पर्यवेक्षक अधिकारी को सेंसीटाइज करना है। तीन न्याय संहिताओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन, नेशनल रैंकिंग में उत्तर प्रदेश को प्रथम तीन स्थान पर लाना एवं ससमयप्रोसेस (समन/वारंट) का तामीला कराना था, जिससे जनशक्ति, संसाधन, श्रम का सदुपयोग हो सके।

उप्र पुलिस ई-समन एवं ई-साक्ष्य व्यवस्था को सम्पूर्ण प्रदेश में लागू किया जा चुका है। वर्तमान में ई-साक्ष्य के स्टेट एवरेज 46.6 प्रतिशत के सापेक्ष जनपद भदोही, सोनभद्र एवं मुरादाबाद तथा ई-समन के स्टेट एवरेज 86 प्रतिशत के सापेक्ष जनपद अमरोहा, कौशाम्बी एवं रामपुर शीर्ष स्थान पर रहें। भारत सरकार ने प्रख्यापित तीन न्याय संहिताओं मे वर्णित तकनीकी प्रावधानों को शत प्रतिशत लागू करने की गृहमंत्री भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप यूपी पुलिस एवं तकनीकी सेवायें मुख्यालय दृढ़ संकल्पित है । अंत में समस्त अतिथि व्याख्याताओं को समृति चिह्न भेंट करते हुए डीआईजी टीएस ने सेमीनार का संक्षिप्त विवरण एवं एसपीएडी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बीबीएयू के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के चार शोधार्थियों का केजीएमयू में चयन

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के चार शोधार्थियों का किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ में नॉन-टीचिंग पदों के अंतर्गत रिसेप्शनिस्ट के पद पर चयन हुआ है। चयनित शोधार्थियों में डॉ. कुलदीप कुमार, अभिषेक कुमार, उज्जवल कुमार एवं विद्यासागर शामिल हैं।इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने सभी चयनित शोधार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इसे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन का परिणाम है।डॉ. कुलदीप कुमार ने अपना शोध कार्य विभाग की डॉ. रचना गंगवार के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है, जबकि अभिषेक कुमार वर्तमान में डॉ. गंगवार के निर्देशन में शोधरत हैं। वहीं, उज्जवल कुमार एवं विद्यासागर डॉ. महेंद्र कुमार पाढी के निर्देशन में अपना शोध कार्य कर रहे हैं।

# तेज रफ्तार कार से ठेला टूटा, दो नाबालिग घायल

❒ पुलिस पर मारपीट व लापरवाही का आरोप, चार दिन बाद भी नहीं दर्ज हुई एफआईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब,लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के चंद्रिका देवी चौकी अंतर्गत 20 अप्रैल की शाम तेज रफ्तार कार की टक्कर से लकड़ी का ठेला चकनाचूर हो गया और उस पर सवार दो नाबालिग किशोर घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस पर मारपीट और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।मल्लाहन खेड़ा गांव निवासी दिव्यांग रामदयाल के अनुसार, उनके बेटे रिंकू और पिंकू 20 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे ठेले पर सामान बेचकर घर लौट रहे थे। तभी गांव के ही सोनू नामक युवक ने तेज रफ्तार कार से ठेले में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों किशोर ठेले समेत सड़क किनारे जा गिरे। हादसे में ठेला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सामान बिखर गया, जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। हालांकि रामदयाल का आरोप है कि चौकी पर तैनात सिपाही सुरजीत ने उनके साथ अभद्रता करते हुए थप्पड़ मार दिया और उनके कागजात फाड़ दिए।पीड़ित के मुताबिक, उन्होंने मामले की लिखित तहरीर थाने में दी, लेकिन चार दिन बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ठेला टूटने से परिवार की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है।इस संबंध में बख्शी का तालाब के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# टॉपर्स के सम्मान में सजा मंच, छात्रों ने लहराया सफलता का परचम



❒ हाईस्कूल में रोहित यादव व इंटर में सौरभ यादव रहे टॉपर, अभिभावकों का भी हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । कुम्हरावां रोड स्थित हेमी में एसएस पब्लिक स्कूल में यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विद्यालय का इस वर्ष भी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। हाईस्कूल में रोहित यादव ने 86.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। काव्यांश मौर्य ने 85.66 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व अंशिका ने 84 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।इंटरमीडिएट वर्ग में सौरभ यादव ने 80 प्रतिशत अंक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। वंशिका बाजपेई ने 79.6 प्रतिशत तथा सोनाक्षी बाजपेई ने 79.2 प्रतिशत अंक हासिल कर क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।समारोह को संबोधित करते हुए संस्था के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जीवन का हर दिन एक परीक्षा है, इसलिए विद्यार्थियों को हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सीके शर्मा ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों की सफलता में उनके योगदान की सराहना की।

# बंद मकान खंगाल गए चोर, 70 हजार की नकदी-जेवर पार

❒ ताला तोड़कर घर में घुसे बदमाश, अलमारी-बक्से खंगाले; गश्त पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । इटौजा थाना अंतर्गत महोना चौकी क्षेत्र में चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर ताला तोड़ दिया और अंदर घुसकर नकदी व जेवरात समेत करीब 70 हजार रुपये का सामान पार कर दिया। घटना की भनक तक पुलिस को नहीं लगी, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर पंचायत महोना के वार्ड नंबर दो, कटरा मोहल्ला निवासी रज्जन लाल ने बताया कि वह ब्रहस्पतिवार रात परिवार सहित अपने दूसरे मकान केसरमऊ कला में ठहरे हुए थे। महोना स्थित घर में ताला बंद था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। अंदर रखी अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखे जेवरात और नकदी चोरी कर ली।शुक्रवार की सुबह जब परिजन घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए।स्थानीय सभासद मनोज कुमार समेत अन्य नागरिकों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त बेहद कमजोर है, जिससे चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है।इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया कि पीड़ित की ओर से तहरीर मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर युवती की फोटो का दुरुपयोग

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में एक युवती की फोटो का दुरुपयोग कर इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाना बीबीडी में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर उनकी फोटो का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। आरोपी न केवल उनकी तस्वीरों को पोस्ट कर रहा है, बल्कि आपत्तिजनक (अश्लील) गानों के साथ उन्हें साझा कर उनकी छवि को नुकसान पहुंचा रहा है।पीड़िता के अनुसार, शुरुआत में आरोपी ने किसी और नाम की आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी, जिसके बाद उसने अपना यूजरनेम बदलकर पीड़िता के नाम पर कर लिया। आरोपी बार-बार आईडी का नाम बदलता रहता है ताकि उसकी पहचान न हो सके। युवती ने बताया कि उसने इस संबंध में साइबर क्राइम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है और पीड़ता द्वारा पुलिस मे भी मामले की जांच हेतु रिपोर्ट दर्ज करायी है पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## 'इन्वेस्टीचर सेरेमनी' का भव्य एवं सफल आयोजन



**काकोरी लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दुर्गागंज में स्थिति सेंट फ्रांसिस स्कूल द्वारा विद्यालय के प्रांगण में 'इन्वेस्टीचर सेरेमनी' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि कैथेड्रल स्कूल (हजरतगंज लखनऊ) के प्रधानाचार्य फादर पॉल कोरिआ (एफआर. पॉल करिया) थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने प्रेरणादायक वचनों से सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने प्रार्थना व अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। एक एक कार्यक्रम के सम्पन्न होने पर तालियों की गड़गड़ाहट से छात्रों का उत्साह वर्धन हो रहा था। इस अवसर पर फादर पॉल के द्वारा विद्यालय के मेधावी व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। साथ ही शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश व आकर्षण 'पद भार ग्रहण कार्यक्रम' था। जिसमें स्कूल कैप्टन, उप-कैप्टन, हाउस कैप्टन, स्पोर्ट्स मिनिस्टर, क्लब इंचार्ज आदि को बैज और सैश प्रदान कर आधिकारिक रूप से पदभार के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर एल्सा ग्रेस के शुभाशीष वचनों द्वारा हुआ, जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथि फादर पॉल, सिस्टर रोजालिन (मैनेजर), सिस्टर ट्रिसा और समस्त अध्यापक और अध्यापिकाओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं निरंतरता के साथ प्रयास के महत्व को समझाते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

## एकेडमिक पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा ने बढ़ाया मान, 93.5% अंक हासिल



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फैज़ुल्लागंज स्थित अकादमिक पब्लिक इंटर कॉलेज का इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की छात्रा तनिया बानो ने 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।इसके साथ ही विद्यालय की कई छात्राओं ने 90 प्रतिशत तक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।स्कूल प्रशासन एवं प्रबंधक विनोद पांडेय के अनुसार, छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हो सकी है।

## होटल में चल रही बर्थ डे पार्टी में घुस कर पीटा कई घायल

लखनऊ, **कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के होटल पार्थ पैराडाइज में बुधवार की रात चल रही जन्मदिन की पार्टी के दौरान अज्ञात हमलावरों ने जमकर मारपीट की। इस घटनाओं में दो लोग घायल हो गए।संतकबीर नगर फैजुल्लागंज लखनऊ के निवासी धर्मेंद्र कुमार प्रजापति के अनुसार बुधवार की रात होटल के सेकंड फ्लोर पर जन्मदिन की पार्टी चल रही थी। इसी दौरान होटल में घात लगाकर बैठे 10 से 15 अज्ञात लोगों में से 4, 5 लोग अचानक ऊपर आए और धर्मेंद्र व उनके साथी संतोष यादव पर लोहे की रॉड धारदार हथियार व पिस्टल की बट से हमला कर दिया।जिससे दोनों लोग घायल हो गए।पीड़ित धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि हमलावरों में से एक की पहचान अभिषेक सिंह गौतम के रूप में हुई है।पीड़ित ने पूरे मामले की लिखित शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है।इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय के अनुसार मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# गोसाईगंज क्षेत्र में खाना बनाने वाली गैस को लेकर मची हुई है मारामारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र में इन दिनों घरेलू गैस को लेकर हाय तौबा मची हुई है। एजेंसी का काम संभाल रहे विनोद प्रधान और एजेंसी की मालकिन बीना महत ने अपने अपने कानों को बंद कर रखा है। ये दोनों लोग उपभोक्ताओं की परेशानी से कोई वास्ता नहीं रखते हैं। इन्हें तो कमाई चाहिए। उसी में व्यस्त रहते हैं।

इसी लिए ये दोनों काल रिसीव नहीं करते हैं। इस मामले में भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता के जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम की ओर से 2 मई 2026 से शिवलर गांव में स्थित गैस एजेंसी के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किए जाने की बात कही गई है।श्री गौतम के अनुसार शिवलर गांव के निवासी राम बहादुर पुत्र राजाराम को गैस नहीं मिल पा रही है। इस व्यक्ति का मकान गैस एजेंसी के सामने बना हुआ है। इन्होंने 18 अप्रैल को बुकिंग कराया था ।राजजनलाल पुत्र प्रभु देईटीकर गांव के निवासी हैं। इनकी ओर से बुकिंग 12 अप्रैल की गई है। तीसरे व्यक्ति सठवारा निवासी संतराम मौर्या को भी गैस नहीं मिल पाई है। इनको गैस बुकिंग किए हुए एक महीना बीत गया है। तीनों गैस उपभोक्ता किसानों को गैस नहीं मिल पाई है। गैस समस्या को देखते हुए भाकियू ने एजेंसी मालकिन बीना महत के मोबाइल पर पर बात करने का प्रयास किया। एजेंसी मालकिन के फोन की घंटी बजती रही लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। भाकियू नेता ने कई बार फोन मिलाया लेकिन लेकिन एजेंसी मालकिन की ओर से फोन रिसीव नहीं किया गया।यही स्थिति एजेंसी का काम संभाल रहे विनोद प्रधान का फोन डायल करने पर सामने आई।भाकियू नेता ने कहा कि इस समय पूरे इलाके में गैस को लेकर हाय-तौबा मची हुई है। एजेंसी मालकिन या अन्य कोई जिम्मेदार इस मामले पर बात नहीं करना चाहता है।ऐसी स्थिति में गैस समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन के अलावा कोई विकल्प सामने नहीं बचता है।

# संगोष्ठी में आदर्श अभिभावक किए गए सम्मानित



❒ शैक्षणिक गतिविधियों व नई कार्ययोजना पर हुई चर्चा, मेधावी छात्रों को भी मिला पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। विकास खण्ड बख्शी का तालाब क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय टिकरी में शुक्रवार को अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरेश जायसवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं सोनी यादव व निशु यादव ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत कर की। प्रधानाध्यापिका ऊषा सिंह ने अभिभावकों को विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए नवीन नामांकन, निःशुल्क पुस्तक वितरण, शिक्षण व्यवस्था, आयरन टैबलेट वितरण तथा ईको क्लब के अंतर्गत 'धरती बचाओ' अभियान के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही आगामी शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजना भी साझा की। संगोष्ठी में आदर्श अभिभावकों के रूप में पूनम देवी, सुषमा देवी व मुबीन को सम्मानित किया गया। वहीं, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। अभिभावकों ने विद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए शिक्षण कार्य में सहयोग का भरोसा दिलाया।अंत में मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर शिक्षक अमित कुमार, सुषमा देवी व नेहा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जब खुद गांव पहुंचा प्रशासन : डीएम ने झोपड़ी में रहने वाले टॉपर उमाशंकर को पहनाई सफलता की माला

❒ डीएम का मानवीय चेहरा : 60 किमी दूर गांव पहुंचकर टॉपर उमाशंकर को दी बधाई

❒ गरीबी की दीवार तोड़कर टॉपर बना उमाशंकर, गांव में डीएम के पहुंचते ही जश्न जैसा माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । यह सिर्फ एक होनहार छात्र के जिला टॉप करने की खबर नहीं, बल्कि संवेदनशील प्रशासन और संघर्ष से निकली प्रतिभा के आत्मीय मिलन की जीवंत तस्वीर है। यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में 93.60 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप करने वाले झोपड़ी में रहने वाले उमाशंकर के घर जब डीएम अंजनी कुमार सिंह पहुंचे, तो पूरा गांव मानो एक उत्सव में बदल गया।

जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी का सफर तय कर डीएम सीधे गांव रामनगर बगहा पहुंचे। घाघरा नदी के किनारे स्थित कच्ची झोपड़ी के सामने जब प्रशासनिक काफिला रुका, तो लोग हैरान रह गए। लेकिन असली भावुक पल तब आया जब जिले के मुखिया खुद खटिया पर बैठ गए और वह भी छप्पर की छांव में। डीएम ने उमाशंकर को अपने पास बैठाया और मिट्टी की सादगी में उसकी दुनिया समझने की कोशिश की। बातचीत सिर्फ बधाई तक सीमित नहीं रही, बल्कि सपनों की गहराई तक पहुंच गई। उमाशंकर ने अपनी लिखी कविताओं और गजलों की कॉपी डीएम को दिखाई। पन्नों पर लिखी सादगी भरी पंक्तियां पढ़ते ही डीएम मुस्कुराए और बोले तुम्हारे शब्दों में मेहनत की खुशबू है। छप्पर की छांव में खटिया पर बैठकर यह संवाद किसी सरकारी कार्यक्रम जैसा नहीं, बल्कि प्रेरणा, आत्मीयता का जीवंत दृश्य बन गया।

### कविता, कॉपी और करियर का संकल्प

डीएम ने उमाशंकर की कविताओं को ध्यान से पढ़ा और उसके साहित्यिक हुनर की सराहना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ उसकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने में प्रशासन हर कदम पर साथ रहेगा। डीएम ने उमाशंकर से पूछा कि आगे क्या सपना है। जवाब मिला इंजीनियर बनना चाहता हूं। इस पर डीएम ने मुस्कुराते हुए कहा कि अब यह सपना सिर्फ तुम्हारा नहीं, हमारा भी है। प्रशासन तुम्हारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में पूरा सहयोग करेगा। इससे पहले डीएम ने उमाशंकर को माला पहनाई, मिठाई खिलाई, उपहार दिए और उसके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में मिली यह सफलता और भी मूल्यवान है। डीएम ने उमाशंकर के माता-पिता से भी लंबी बातचीत की और उनके संघर्ष को नमन किया। कहा कि ऐसे ही त्याग और संस्कार बच्चों को ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। डीएम के पहुंचते ही गांव में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई इस अनोखे पल का गवाह बनना चाहता था। उमाशंकर के घर के बाहर खड़े ग्रामीणों की आंखों में गर्व था। एक ग्रामवासी ने कहा कि आज लगा कि मेहनत सच में पहचानी जाती है। झोपड़ी के आंगन में खड़ा यह दृश्य लंबे समय तक लोगों के दिलों में बस गया। इस दौरान एसडीएम शशि कांत मणि, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, बीडीओ श्रद्धा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों, टीकाकरण अभियान, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, परिवार नियोजन कार्यक्रम, संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से सेवाएं पहुंचाई जाएं। जिलाधिकारी ने मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान एवं उचित उपचार सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही कुपोषण की समस्या के समाधान हेतु स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा। बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर अभियान चलाया जाए, इसके लिए जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

# खूनी 'जनसेवा' : सरकारी डॉक्टर की लालच और निजी अस्पताल की लापरवाही ने बुझा दिए दो चिराग

❒ खबर का हुआ असर

बेहजम में जच्चा-बच्चा की मौत के बाद हड़कंप; जिला अस्पताल के डॉक्टर और संचालक पर मुकदमा दर्ज, अस्पताल सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेहजम खीरी। स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे चल रहे 'मौत के अड्डों' ने एक और हंसते-खेलते परिवार को तबाह कर दिया। बेहजम स्थित 'जनसेवा हॉस्पिटल' में डॉक्टरों की घोर लापरवाही के चलते एक गर्भवती महिला और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। आरोप है कि जिला महिला अस्पताल के एक सरकारी डॉक्टर ने चंद रुपयों के लालच में अवैध रूप से संचालित इस अस्पताल में गलत ऑपरेशन किया, जो जच्चा-बच्चा के लिए काल बन गया।

### आधी रात को 'सौदा', सुबह मातम

मुखरेहटा निवासी दिनेश कुमार ने अपनी पत्नी प्रीति देवी को बीती रात उम्मीद के साथ जनसेवा हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि रात 1:00 बजे जिला अस्पताल के डॉक्टर अभिषेक साहू ने ऑपरेशन शुरू किया। लापरवाही का आलम यह रहा किः ऑपरेशन के दौरान ही नवजात की सांसें थम गईं।

### लाखों की वसूली

इलाज के नाम पर पीड़ित परिवार से 1.45 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। मरीज को टरकायाः हालत बिगड़ने पर जिम्मेदारी लेने के बजाय अस्पताल प्रबंधन ने महिला को दूसरे अस्पताल भेजा, जहाँ भर्ती न होने पर वापस लाते समय उसने दम तोड़ दिया।

### अवैध अस्पताल और फरार स्टाफ

जैसे ही मौत की खबर फैली, अस्पताल संचालक राजेश कुमार स्टाफ सहित ताला लगाकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि यह अस्पताल बिना किसी वैध पंजीकरण (Registration) के चल रहा था। यहाँ का संचालक खुद डॉक्टर न होकर केवल 'मैनेजर' की भूमिका में था और बाहर से डॉक्टरों को बुलाकर 'मौत का खेल' खेलता था।

### खबर का असरः प्रशासन ने कसा शिकंजा

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक इस हृदयविदारक घटना को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन हरकत में आया है। एक सरकारी डॉक्टर द्वारा निजी अस्पताल में अवैध रूप से ऑपरेशन करना गंभीर अपराध है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। स्वास्थ्य विभाग जिले में ऐसे सभी अवैध केंद्रों के खिलाफ अभियान चला रहा है।''

### जनता के सुलगते सवाल

इस घटना ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैंःआखिर कैसे एक सरकारी डॉक्टर ड्यूटी के बजाय निजी अवैध क्लीनिकों में ऑपरेशन कर रहा था बिना पंजीकरण के इतने समय से यह अस्पताल किसकी शह पर चल रहा था क्या हर बार मौत के बाद ही विभाग की नींद टूटेगी?

## किशोरी के अपहरण व पाक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना कटरा पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व पाक्सो एक्ट के प्रकरण में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।12 अप्रैल को थाना कटरा क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को क्षेत्र के गांव सारीनगला नवादा निवासी करन सिंह बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी करन सिंह के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया। इसके बाद किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल कराया। पुलिस ने किशोरी के मेडिकल और उसके बयानों के आधार पर आरोपी करन सिंह के खिलाफ दर्ज अपहरण की रिपोर्ट में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में वृद्धि की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त करन सिंह को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त करन सिंह के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कटरा के प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक सागर मानव, कांस्टेबल राजीव कुमार और तरुण कुमार मौजूद रहे।

# विधायक ने विधानसभा सदर के 50 आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया लोकार्पण



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

रायबरेली। विधायक सदर अदिति सिंह ने आज विकास खण्ड राही परिसर में विधानसभा सदर के नव निर्मित 50 आंगनबाड़ी केन्द्रों का बटन दबाकर लोकार्पण किया, जिसमें विकास खंड राही के 21 तथा विकास खंड अमावां के 29 आंगनबाड़ी केंद्र शामिल है। विधायक ने ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इसके पश्चात उन्होंने 3 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा 3 बच्चों का अन्नप्राशन कराया साथ ही पांच आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किया। विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण सरकार की प्राथमिकता में शामिल है जिससे बच्चों व महिलाओं को पोषण स्वास्थ्य प्रारंभिक शिक्षा एक ही छत के नीचे मिल पाएंगी। नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से गर्भवती धात्री महिलाओं व बच्चों को दी जाने वाली सेवाएं बेहतर होगी जो विकसित भारत बनाने में सहायक होंगे। इस अवसर पर उपायुक्त श्रम एवं रोजगार प्रमोद कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी राही गौरी राठौर, बाल विकास परियोजना अधिकारी राही, अंमावा सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं मुख्य सेविका उपस्थिति रही।

# जमीन के विवाद में दबंगों ने महिला और उसके पति को पीटा, रिपोर्ट न होने पर एसपी से गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। थाना पढ़ुआ क्षेत्र के ग्राम नरेंद्र नगर बेली में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां जमीन के पुराने विवाद को लेकर कुछ दबंगों ने एक महिला और उसके पति के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय थाने में सुनवाई न होने से क्षुब्ध होकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है।

### क्या है पूरा मामला

नरेंद्र नगर निवासी पुष्पा पत्नी अवधेश सिंह ने बताया कि उसके पति ने 3 जुलाई 2025 को गांव के ही मुन्ना पुत्र तुफानी से एक आवासीय भूखंड खरीदा था। इसकी पूरी कीमत अदा की जा चुकी है और कचहरी में गवाहों की मौजूदगी में लिखा-पढ़ी भी हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि अब विक्रेता की नीयत खराब हो गई है और वह जमीन पर दोबारा कब्जा करने की नीयत से परिवार को धमका रहा है।

### खेत पर काम करते समय हमला

पीड़िता के अनुसार, 18 अप्रैल की सुबह जब वह अपनी जमीन पर काम कर रही थी, तभी मुन्ना अपनी पत्नी उर्मिला और दो बेटियों (रंभा व सुनीता) के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि इन लोगों ने पीड़िता को गंदी गालियां देते हुए जमीन खाली करने को कहा। जब पीड़िता के पति अवधेश सिंह बीच-बचाव करने आए, तो विपक्षीगणों ने उन दोनों को लात-घूसों से जमकर पीटा।

### 112 नंबर की मदद से बची जान

पीड़ित पक्ष का कहना है कि शोर सुनकर और 112 नंबर पर पुलिस को सूचना देने के बाद हमलावर मौके से भाग निकले, जिससे उनकी जान बची।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना थाने पर दी गई और वे दिनभर थाने में बैठे रहे, लेकिन विपक्षीगण अपने रसूख के कारण थाने नहीं आए। पुलिस द्वारा अब तक क्क्नट (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज नहीं की गई है। न्याय न मिलने से परेशान होकर पीड़िता ने अब पुलिस अधीक्षक से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और जमीन पर अवैध कब्जे को रोकने की अपील की है।

## क्षत्रिय समाज और देवी-देवताओं के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी किए जाने का मामला तूल पकड़ा

रायबरेली। जनपद रायबरेली के चंदापुर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर कथित रूप से ब्राह्मण, क्षत्रिय समाज और देवी-देवताओं के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय स्तर पर आक्रोश फैल गया और प्रबुद्ध समाज के लोगों ने एकजुट होकर थाने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के अनुसार, वायरल वीडियो चमरही मजरे मऊ गांव निवासी एक युवक का बताया जा रहा है, जो वर्तमान में दिल्ली में रहकर ड्राइवरी का कार्य करता है।

# धूमधाम से मनाई गई माता बगुलामुखी की जयंती

❒ अभिषेक गुप्ता ने माता के मंदिर में केक काटकर मनाया जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। खैराबाद थाना अंतर्गत ग्राम तक टकपुरवा में स्थित ऐतिहासिक अति प्राचीन पवित्र तीर्थ भुइंया ताली में स्थित माता बगुलामुखी के मंदिर में आज माता बगुलामुखी की जयंती भक्त जनों के द्वारा धूमधाम से मनाई गई प्रातः काल ही माता बगुलामुखी का सुंदर पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया गया तथा माता को फलों की माला अर्पित की गई तथा वैदिक रीति से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने के उपरांत भुइंया ताली तीर्थ के प्रमुख देखरेख करता महंत बजरंगमुनि दास के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर सत्संग में महंत बजरंगमुनि ने कहा की माता बगलामुखी ऐसी आठवीं शक्तिपीठ की देवी है जो की भक्तजनों को शक्ति प्रदान करने के साथ-साथ शत्रुओं का नाश करती हैं उन्होंने कहा कि मंगलवार को माता का विशेष पूजन मंदिर परिसर में किया जाता है इसमें सैकड़ो की संख्या में भक्ता तथा श्रद्धालु मौजूद रहते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त गौरव अग्रवाल संदीप मिश्र पूर्णिमा मिश्रा बाबूराम बाथम अभ्युदित मिश्र रामू हरिद्वारी बाबा साहित्य सैकड़ो भक्तजन कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे।

## अभिभावक शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन



**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवादाता।** सकरन के उच्च प्राथमिक विद्यालय कलिमापुर कंपोजिट में शुक्रवार को अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी सकरन को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया था लेकिन किन्हीं कारणों से वह बैठक में नहीं पहुंच सके। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी शिव मंगल मिश्रा को बैठक में प्रतिभाग करने के लिए भेजा। ग्राम पंचायत अधिकारी ने बैठक में पहुंच कर जिलाधिकारी द्वारा जारी विभिन्न दिशा निर्देश अभिभावकों को बताये। बैठक में अभिभावकों को जिलाधिकारी द्वारा जारी दस प्वाइंट टूल किट के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी जिसमें बच्चों की शैक्षिक प्रगति आकलन, साप्ताहिक ट्रैकर, हॉलिस्टिक रिपोर्ट पर चर्चा, बच्चों के पहले मजबूत पक्ष पर चर्चा करें फिर सुधार पर चर्चा करें, बच्चों का कक्षा में अनुशासन और सामाजिक विकास की जानकारी साझा करना, सभी अभिभावक घर पर बच्चों के साथ कम से कम 15 मिनट पढ़ने की आदत डालें, सह शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करना एवं विद्यालय में सुधार हेतु अभिभावक से सुझाव लिए जायें आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। विद्यालय में सबसे ज्यादा उपस्थित होने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस बैठक में नवीन नामांकन के विषय में भी जानकारी दी गयी जिसमें 6 से 14 वर्ष तक सभी बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन और नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए सभी अभिभावकों से निवेदन किया गया कि अपने बच्चों को नियमित रूप से यूनिफार्म में स्कूल जरूर भेजें। इस अवसर पर विद्यालय प्रधान प्रतिनिधि बुद्धि सागर अवस्थी, इंचार्ज प्रधानाध्यापक कफील अहमद खान, प्रीति देवी, भारत प्रसाद और दर्जनों अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027 की तैयारियां तेज, 22 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण कार्य

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवादाता ।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं गणना को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह ने लखनऊ पब्लिक स्कूल, शाखा लखीमपुर स्थित प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया।प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए एडीएम ने बताया कि अगामी 22 मई से 20 जून के मध्य की 30 दिन की समयावधि में समस्त प्रगणक व पर्यवेक्षकों के द्वारा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण किया जायेगा।जिला जनगणना अधिकारी ने 07 मई से 21 मई के मध्य स्व- गणना ऐप के माध्यम से अपने अपने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों / जन प्रतिनिधियों / ग्राम प्रधानों आदि के द्वारा स्व-गणना कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए उत्तरों को प्रगणकों / पर्यवेक्षकों की सहभगिता से दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि स्व-गणना ऐप पर दर्ज किये। उत्तरों की जांच कर प्रगणक सबमिट बटन दबाकर एच0एल0ओ0 कार्य आन-लाइन मोड में गति दे सकेंगे।इस अवसर पर तहसील लखीमपुर के तहसीलदार मुकेश वर्मा, जनगणनाकार्य निदेशालय, उप्र, लखनऊ से नामित जिला प्रभारी दिव्यांक मिश्रा व जिला जनगणना सेल के कार्मिक भी उपस्थित रहे।

## युवक को गोली मारने के 02 आरोपी गिरफ्तार, बंदूक बरामद

शाहजहांपुर। थाना कलान क्षेत्र के ग्राम दारानगर अर्थरी में बुधवार शाम भूसा भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक को गोली मार दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत 02 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी बंदूक भी बरामद की है।थाना कलान क्षेत्र के ग्राम दारानगर अर्थरी निवासी रामवीर यादव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बुधवार की शाम उनके भाई जयवीर खेत पर काम करके घर आ रहे थे। इसी दौरान गांव के विपिन, मानवेंद्र, अमीर, सत्यपाल, संतराम, चंदन उर्फ चंदकी, सुनील, देवसिंह आदि ने उसके भाई जयवीर को ट्रैक्टर से टक्कर मार दी और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इसके बाद सत्यपाल ने अपनी दुनाली लाइसेंसी बंदूक से जान से मारने की नियत से भाई जयवीर पर गोली चला दी। इससे जयवीर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल भाई को सीएचसी ले गए, जहां उसकी गंभीर हालत देखकर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश शुरू की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुख्य अभियुक्त सत्यपाल को बदायूं रोड से ग्राम हंसी नगला जाने वाली सड़क पर स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

# मृदा में संतुलित उर्वरकों के उपयोग पर वृहद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोला गोकर्णनाथ-खीरी। चंद्रशेखर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र जमुना बाद द्वारा गांव ढोंगवा विकासखंड बांकेगंज के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के अध्यक्ष डॉ. एस.के. विश्वकर्मा ने कहा कि मिट्टी में जीवांश पदार्थ की मात्रा को बढ़ाना नितांत आवश्यक है जिसके फलस्वरूप हम गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्राप्त कर सकें।

सस्य वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने बताया कि मृदा में जीवांश मात्रा के अधिक रहने पर ही उसके अंदर लाभदाई सूक्ष्म जीव बढ़ते हैं जिनके कारण कम लागत में अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है तथा बदलते हुए जलवायु परिवर्तन की स्थिति में भी सतत उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है, इसके लिए सनई, ढैचा इत्यादि की हरी खाद बनाने के विषय में बताया। डॉ. मोहम्मद सोहेल, उद्यान वैज्ञानिक ने बताया कि पूर्व की भांति सब्जी और मसालो में गुणवत्ता लाने के लिए या दूसरी भाषा में कहा जाए की स्वाद लाने के लिए मिट्टी में विभिन्न पोषक तत्वों की मात्रा में संतुलित अनुपात होना बहुत जरूरी है जिससे उसमें जीवांश पदार्थ की मात्रा मानक के अनुरूप हो। डॉ. एन.के. त्रिपाठी, पशुपालन वैज्ञानिक ने बताया कि प्राचीन काल से ही खेती के साथ पशुपालन एवं दूध व्यवसाय को वरीयता दी जाती रही है गत वर्षो में हमने पशुपालन से अपना मुंह मोड़ लिया इसीलिए आज फसलों में ज्यादा से ज्यादा मात्रा में कृत्रिम पोषक तत्वों को देने के बावजूद भी हम वांछित उत्पादन नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं अतः आज का समय है कि पशुपालन को बढ़ावा दिया जाए उन्नतशील नस्लों का प्रयोग किया जाए साथ ही साथ बकरी पालन को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने नाडेप और केचुआ खाद बनाने के विषय में जानकारी दी। प्रसार वैज्ञानिक डॉ. जियालाल गुप्ता ने कहा कि समय आ गया है कि किसान भाई कृषि, पशुपालन और औद्यानिक फसलों से संबंधित विभिन्न साहित्य का अध्ययन करें, सभी किसान ज्यादा से ज्यादा संख्या में विभिन्न प्रकार की गोष्ठियों, प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रमों में नियमित रूप से प्रतिभाग करें और उन्नत तकनीकों को अपनाकर गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और उत्पादकता प्राप्त करें।

## पद्म-विभूषण, पद्म-भूषण, पद्मश्री उपाधियों के लिये करें आवेदन

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार विगत वर्षो की भांति आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2027 को पद्म-विभूषण, पद्म-भूषण तथा पद्मश्री की उपाधियां भारत सरकार द्वारा दी जानी है। आगामी वर्ष 2027 हेतु भी उक्त उपाधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाने की व्यवस्था की गई है। सम्बन्धित महानुभाव/महानुभावों के बारे में संस्तुतियाँ राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन भारत सरकार को भेजी जानी प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने बताया कि यदि किन्हीं महानुभाव/महानुभावों का नाम प्रस्तावित करना हो तो उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के सम्बन्ध में ''साइटेशन'' दो प्रतियों में निर्धारित प्रपत्र पर वांछित सूचना के साथ जनपद के संबंधित उपजिलाधिकारी कार्यालय एवं नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय रायबरेली में 20 जून 2026 तक उपलब्ध करवायें। जिससे कि समेकित की सूचना उ0प्र0 शासन को उपलब्ध कराई जा सके। विस्तृत जानकारी के लिए नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय रायबरेली व जनपद की तहसीलों के उप जिलाधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

## पुत्र की प्रताड़ना से तंग आकर पिता ने खाया जहरीला पदार्थ, आरोपी पुत्र गिरफ्तार



**शाहजहांपुर,कैनविज टाइम्स संवादाता।** थाना तिलहर क्षेत्र में पुत्र की प्रताड़ना से तंग आकर पिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।बीती 22 अप्रैल को थाना तिलहर क्षेत्र के मोहल्ला केलरगंज निवासी रामबेटी पत्नी स्वर्गीय सतीश चन्द्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र शोभित और पुत्रवधू संपत्ति के लालच में लगातार उसके पति सतीश चन्द्र को परेशान व प्रताड़ित करते थे। जिससे तंग आकर उसके पति सतीश चन्द्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे पति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी पुत्र शोभित और पुत्रबधु पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना तथा सर्विलांस की मदद से लकड़ी की टाल के पास से आरोपी शोभित को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त शोभित पर पूर्व में थाना तिलहर में चोरी, एससी-एसटी एक्ट, मारपीट, आबकारी अधिनियम आदि के मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त शोभित को कोर्ट में पेशकर एसे जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल के साथ उपनिरीक्षक रमेश कुमार वर्मा और कांस्टेबल अनिल कुमार मौजूद रहे।

# महिलाओं का आक्रोश सड़कों पर, कांग्रेस–सपा के खिलाफ जोरदार विरोध

❒ महिलाओं की यह भीड़ स्पष्ट संदेश दे रही है कि अब नारी शक्ति अपने अधिकारों के लिए पूरी तरह जागरूक है: गुलाबा देवी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। महिला जनाक्रोश मार्च अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यालय से दातागंज चूंगी चौराहा तक मार्च का नेतृत्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने किया। साथ ही महिलाओं द्वारा विशाल मार्च के दौरान हाथों में तख्तियां और नारों के साथ महिलाओं ने कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया तथा महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए दातागंज चूंगी चौराहा पर कांग्रेस-सपा का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा आज बदायूँ की सड़कों पर उमड़ी महिलाओं की यह भीड़ यह स्पष्ट संदेश दे रही है कि अब नारी शक्ति अपने अधिकारों के लिए पूरी तरह जागरूक है और किसी भी प्रकार के अन्याय को स्वीकार करने वाली नहीं है। उन्होंने आगे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे उनके सम्मान और आत्मनिर्भरता को मजबूती मिली है। आगे कहा इसके विपरीत कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने हमेशा महिलाओं के मुद्दों को नजरअंदाज किया है। जब महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए ठोस निर्णय लेने का समय आया, तब इन दलों ने केवल विरोध और भ्रम फैलाने का काम किया। आज का यह जनआक्रोश उसी के खिलाफ एक सशक्त जवाब है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव ने कहा इस जनआक्रोश मार्च ने यह साबित कर दिया है, कि अब महिलाएं अपने अधिकारों के लिए खुलकर सामने आ रही हैं और किसी भी तरह की उपेक्षा को सहन नहीं करेंगी। आगे कहा भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं को सम्मान और अवसर देने के लिए ठोस कदम उठाए हैं, जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने वर्षों तक केवल वादे किए, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं किया।

जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर ने कहा यह मार्च हमारे आत्मसम्मान और अधिकारों की आवाज है, जो यह बताता है कि अब महिलाएं किसी भी अन्याय के खिलाफ खड़ी होने को तैयार हैं। मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनसे महिलाओं को नई पहचान और आत्मविश्वास मिला है। आगे कहा लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, विपक्ष ने हमेशा महिलाओं के मुद्दों को राजनीति का माध्यम बनाया और कभी भी उनके वास्तविक सशक्तिकरण के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अमिता उपाध्याय ने कहा आज जिस तरह बदायूँ की सड़कों पर महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली है, वह यह बताने के लिए पर्याप्त है कि नारी शक्ति अब अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह सजग हो चुकी है। यह जनआक्रोश केवल विरोध नहीं, बल्कि एक सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के जीवन को सरल और सम्मानजनक बनाने के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख वजीरगंज गुड्डू देवी, ब्लॉक प्रमुख अम्बियापुर रेखा देवी, ब्लॉक प्रमुख सालारपुर विचित्रा देवी जी,चैयरमैन बिल्सी ज्ञानवती सागर, चैयरमैन मुड़िया धुरेकी अनुपम पाठक, चैयरमैन गुलड़िया तारा देवी, चैयरमैन उसावां प्रियंका चौहान, पूर्व चैयरमैन दीपमाला गोयल, क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा रेनू सिंह, क्षेत्रीय मंत्री रजनी मिश्रा, जिला मंत्री रचना शंखधार, आरती कश्यप, राजवती वर्मा, मोनिका गंगवार, रानी सिंह पुंडीर, सलोनी पाठक, करुणा सोलंकी, गुड्डी राघव, राना समीम, ममता श्रीवास्तव, छाया शर्मा, ईशु मौर्य, विमला भारद्वाज, अदिति सिंह, स्वाति सिंह, शकुंतला राठौर, अर्चना गुप्ता, बबली शर्मा तथा बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# नेग के 21 हजार पर बवाल, बरात में फायरिंग-मारपीट, छह किन्नर गिरफ्तार, ड्राइवर फरार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। गांव हुसैनपुर करौतिया में बृहस्पतिवार तड़के शादी समारोह के दौरान नेग को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि बरात में फायरिंग और मारपीट हो गई। आरोप है कि किन्नरों ने अधिक नेग की मांग पूरी न होने पर तमंचों से हवाई फायर कर हंगामा किया। ईंट लगने से दूल्हे का भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह आरोपी किन्नर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक फरार है। गांव हुसैनपुर करौतिया निवासी फूल सिंह पुत्र टीकाराम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 22 अप्रैल की शाम उनकी भतीजी लता की बरात गांव कथरा खगेई थाना मुसाझाग से आई थी। शादी की रस्में शांतिपूर्वक चल रही थीं। 23 अप्रैल की सुबह करीब पांच बजे एक बोलेरो गाड़ी से किन्नर पहुंचे और नेग में 21 हजार रुपये की मांग करने लगे।इस दौरान दूल्हा पक्ष की ओर से 2100 रुपये देने की बात कही गई, जिस पर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि किन्नरों ने उग्र होकर कपड़े उतारकर हंगामा किया। गाड़ी से तमंचे व कैंची निकाल ली। इसके बाद बरातियों पर जान से मारने की नीयत से तीन फायर किए गए। एक फायर फूल सिंह के कान के पास से गुजर गया, जिससे वह बाल-बाल बच गए। अचानक हुई फायरिंग से मौके पर अफरातफरी मच गई।इसी दौरान मारपीट में दूल्हे के भतीजे गौरव (21) पुत्र योगेंद्र के सिर में ईंट मार दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। नाराज ग्रामीणों ने किन्नरों की बोलेरो गाड़ी को मौके पर ही रोक लिया। थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने छह आरोपियों रोहित, खुशी, जस्सी, राधा, विनीता और आयान को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि गुलबहार नामक आरोपी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, पांच जिंदा कारतूस, एक खोखा, चार कैंची, पांच लकड़ी के डंडे और बोलेरो गाड़ी बरामद की है।बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है, जबकि फरार आरोपी की तलाश जारी है। सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच कर पुलिस उचित कार्रवाई कर रही है।

# गुरुग्राम से रायबरेली आ रही बस में हंगामा यात्रियों को बीच रास्ते उतार मारपीट का आरोप



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। गुरुग्राम (हरियाणा) से अपने गांव लौट रहे एक यात्री ने बस चालक व कंडक्टर पर धोखाधड़ी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।प्रार्थी कंसराज पुत्र शिवप्रसाद, निवासी नियामत खां का पुरवा मजरे दक्खिन गांव थाना जगदीशपुर, ने बताया कि वह 23 अप्रैल 2026 को गुरुग्राम से चौधरी बस सर्विस की बस (संख्या ठ्ठ 15 क्व्ह 6547) में अपने गांव आने के लिए सवार हुए थे। कंडक्टर द्वारा उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने का आश्वासन देते हुए 600 रुपये किराया लिया गया।आरोप है कि 24 अप्रेल की सुबह करीब 1 बजे बस चालक, कंडक्टर व अन्य 4 लोगों ने रायबरेली के महराजगंज पुलिस चौकी तिराहे के समीप बस रोककर उन्हें और करीब 20 अन्य यात्रियों को जबरन उतार दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित ने बताया कि उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। इसकी भनक लगते ही बस चालक यात्रियों का सामान सड़क पर फेंककर बस लेकर मौके से फरार हो गया।पीड़ित ने प्रशासन से मामले में एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया है कि तहरीर मिली है जांच कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# महिला विरोधी मानसिकता के साथ खड़ा है विपक्ष: गुलाबा देवी

❒ संसद में 16 और 17 अप्रैल को जो घटनाक्रम हुआ, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और उनके सहयोगी दल महिलाओ की विरोधी है: राज्यमंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बदायूँ। भाजपा कार्यालय पर आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)/प्रभारी मंत्री गुलाब देवी, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव जी, जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अमिता उपाध्याय ने संबोधित किया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा संसद में 16 और 17 अप्रैल को जो घटनाक्रम हुआ, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और उनके सहयोगी दल महिलाओं को उनका अधिकार देने के पक्ष में नहीं हैं। जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया, तब विपक्ष ने उसका विरोध कर अपनी महिला-विरोधी सोच को उजागर कर दिया। आगे कहा आज देश की महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। पंचायतों से लेकर बड़े पदों तक महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। ऐसे में उन्हें नीति-निर्माण में समान भागीदारी मिलना उनका अधिकार है, कोई दया नहीं। उन्होंने आगे कहा देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और अपने अधिकारों के लिए पूरी ताकत से खड़ी हैं। जो दल इस अधिकार में बाधा डाल रहे हैं, उन्हें आने वाले समय में इसका जवाब मिलेगा। भाजपा महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है, कि महिलाओं को नीति-निर्माण में भागीदारी देना कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका संवैधानिक और स्वाभाविक अधिकार है। इसी सोच के साथ महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। आगे कहा लेकिन जब इस निर्णय को आगे बढ़ाने का समय आया, तब विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर अपनी वास्तविक मानसिकता उजागर कर दी। समाजवादी पार्टी द्वारा धर्म आधारित आरक्षण की असंवैधानिक मांग उठाना और अन्य दलों द्वारा भ्रम फैलाना, केवल इस प्रक्रिया को टालने का प्रयास है। आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और नेतृत्व कर रही हैं। पंचायतों में उनकी भागीदारी इसका उदाहरण है। अब समय आ गया है कि उन्हें संसद और विधानसभाओं में भी समान अवसर मिले। यह स्पष्ट है कि भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव ने कहा हम सभी ने देखा कि संसद में जब महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात आई, तब विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर यह साबित कर दिया कि वे महिलाओं को आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते। वर्षों तक महिलाओं को केवल आश्वासन देने वाले ये दल, जब उन्हें वास्तविक अधिकार देने का समय आया, तो पीछे हट गए। आज देश की महिलाएं आत्मनिर्भर हैं, शिक्षित हैं और हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। ऐसे में उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया से दूर रखना न केवल अन्याय है, बल्कि देश के विकास में भी बाधा है। आगे कहा अब महिलाएं चुप रहने वाली नहीं हैं। जो भी ताकतें उनके अधिकारों में बाधा डालेंगी, उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया गया, वह केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और उनके भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम है। यह निर्णय उन्हें नीति-निर्माण में बराबरी का स्थान दिलाने वाला है। आगे कहा लेकिन यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों ने इस महत्वपूर्ण विषय पर भी राजनीति करते हुए विरोध का रास्ता चुना। कभी तकनीकी कारणों का बहाना, तो कभी समाज को बांटने की कोशिश, इन सबके माध्यम से उन्होंने इस प्रक्रिया को कमजोर करने का प्रयास किया। आज देश की महिलाएं सब समझती हैं। वे जानती हैं, कि कौन उनके साथ खड़ा है और कौन उनके अधिकारों में बाधा डाल रहा है। आने वाले समय में महिलाएं अपने मत के माध्यम से इसका जवाब देंगी। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अमिता उपाध्याय ने कहा संसद में 16 और 17 अप्रैल को जिन महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा हुई, वे महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया गया, जो देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने वाला है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है, कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी जैसे दलों ने इसका विरोध कर

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में पुरस्कार करें आवेदन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा वित्तपोषित खादी एवं ग्रामोद्योग इकाईयो के अच्छे एवं उत्कृष्ट उत्पाद तथा बिक्री करने वाली इकाईयों के उत्साहवर्धन हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में पुरस्कार योजना के अर्न्तगत पुरस्कृत किया जाना है। खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार योजनार्न्तगत विगत तीन वर्ष पुरानी स्थापित एवं निरन्तर कार्यरत इकाईयों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उद्यमियों के चयन प्रक्रिया का निर्धारण न्यूनतम पूँजी निवेश पर अधिकतम रोजगार प्रदान करने वाली इकाईयों के आधार पर किया जायेगा। 31 मार्च 2023 तक स्थापित निरन्तर कार्यरत उद्यमी इस योजना में पुरस्कार हेतु अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, मो0 शहवाजपुर, पुरानी चुंगी, बदायूँ से प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर कार्यालय दिवस में 15 मई 2026 की सायं 5:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। उद्यमी/लाभार्थी अधिक जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के मो0 नं0 07408410766 पर सम्पर्क कर सकते है। उक्त तिथि के वाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

# भीषण गर्मी व लू से बचाव हेतु जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**बदायूँ।** जनपद में बढ़ती गर्मी एवं लू के प्रभाव को देखते हुए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वैभव शर्मा द्वारा जनसामान्य से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि लू से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थों का सेवन अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों को नियमित रूप से छाछ, नींबू पानी, आम का पना, नारियल पानी, लस्सी तथा ओआरएस घोल का उपयोग करना चाहिए, जिससे शरीर में जल की कमी न हो और गर्मी का प्रभाव कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहनना चाहिए, जो पसीना सोखने में सहायक हों। घर से बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखें तथा तेज धूप से बचने के लिए छाता, गमछा या टोपी का प्रयोग करें। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। यदि यात्रा करना आवश्यक हो तो अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी अवश्य रखें।लू के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को कमजोरी, सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी महसूस होना, अत्यधिक पसीना आना अथवा झटके जैसे लक्षण दिखाई दें, तो इसे लू का प्रभाव समझते हुए तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार स्थान पर लिटाकर उसके शरीर को गीले कपड़े से पोंछें अथवा ठंडे पानी से स्नान कराएं, जिससे शरीर का तापमान सामान्य हो सके।उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों एवं बीमार व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है। बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद वाहनों में न छोड़ें, क्योंकि इससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। पशुओं को छायादार स्थान पर रखें तथा उन्हें पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ एवं ठंडा पानी उपलब्ध कराएं। दिन के समय पशुओं के पीने के पानी में बर्फ के टुकड़े डालकर उसे ठंडा बनाए रखने की व्यवस्था करें। उन्होंने यह भी कहा कि संतुलित, हल्का एवं ताजा भोजन करें तथा बासी एवं अधिक प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें। अत्यधिक श्रम वाले कार्यों को दिन के ठंडे समय में ही करने का प्रयास करें तथा स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी नियमित रूप से लेते रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार की जानकारी भी आवश्यक है।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वीवीपैट वेयरहाऊस का किया निरीक्षण

**सम्भल , बहजोई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा सम्भल के शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाऊस की साफ़ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं को चेक किया। जिलाधिकारी ने कक्षों को चेक किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पति की मौत से आहत महिला का फंदे से लटका मिला शव

**बदायूं , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दबतोरी में एक महिला का शव अपनी छोटी बहन के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला है। छोटी बहन का कहना है कि बहन के पति पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) थे, कुछ महीने पहले उनकी मौत हो गई थी। तब से वह अवसाद में थीं। वह उन्हें कुछ पहले ही अपने घर बुला लाई थीं। मृतका की बहन रोशनी ने बताया कि उनकी बड़ी बहन कश्मीरा देवी (45 वर्ष) की शादी लगभग 18 वर्ष पूर्व मिहोना निवासी प्रेमपाल सिंह के साथ हुई थी। प्रेमपाल सिंह पुलिस में उपनिरीक्षक थे। उनके पैर में सेप्टिक हो गया था। ड्यूटी के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गई थी। कुछ माह पूर्व हुई उनकी मृत्यु के कारण वह मानसिक रूप से परेशानी में आ गई थीं। अब भी उनकी मानसिक स्थिति सही नहीं थी। उनके दो बेटे हैं। बड़ा 15 साल का अंश और दूसरा बेटा 12 साल का प्रशांत है। दोनों अपनी बहनों कल्पना और अंजलि के साथ रहते हैं। उनकी बहन कश्मीरा, पति की मृत्यु के बाद उझानी में अकेली रह रही थीं।

# स्मार्ट मीटर योजना सुविधा नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए गंभीर परेशानी का कारण : नवनीत गुप्ता शोंटू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर की खामियों को लेकर व्यापारियों ने आक्रोशित होकर प्रदेश युवा अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू एवं जिलाध्यक्ष उद्योग मंच सर्वेश गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय बाजार में सांकेतिक स्मार्ट मीटर की होली जलाकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित नौ सूत्रीय मांगपत्र अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर को प्रेषित किया गया। इस संदर्भ में अधीक्षण अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में हाई पावर कमेटी का गठन किया गया है।

इसकी रिपोर्ट आ जाने पर उपभोक्ताओं को विश्वास में लेकर ही अग्रिम कारवाही की जाएगी। साथ पूर्व में लगे स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को रियायत भी दी जा रही है तब जाकर व्यापारियों आक्रोश कम हुआ।प्रदेश युवा अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने बताया कि स्मार्ट मीटर योजना सुविधा नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन चुकी है। जिस तकनीक को पारदर्शिता और सुविधा के नाम पर लागू किया गया था, वही आज आम जनता के लिए आर्थिक और मानसिक बोझ बन गई है बगैर जानकारी के टारगेट के चलते जल्दबाजी से खामियों के साथ स्मार्ट मीटर लगा दिए गए जो अब जी के जंजाल बन गए हैं जल्द ही खामियों को दूर नहीं किया गया तो व्यापारियों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। जिला अध्यक्ष उद्योग मंच सर्वेश गुप्ता ने कहा कि प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता को समाप्त कर प्रीपेड मीटर उपभोक्ता की स्वीकृति के आधार पर लगाई जाए। प्रीपेड मीटर लगाए जाते समय प्रीपेड मीटर के संचालन से संबंधित मैन्युअल उपभोक्ता को उपलब्ध कराया जाए। प्रीपेड मीटर की पाँच साल की गारंटी उपभोक्ता को उपलब्ध कराई जाए तथा उसका गारंटी कार्ड मीटर लगाते समय उपभोक्ता को उपलब्ध कराया जाए। जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी ने कहा कि प्रीपेड मीटर लगाए जाते समय ही उपभोक्ता के मोबाइल में प्रीपेड मीटर का ऐप डाउनलोड किये जाने की व्यवस्था की जायेसीलिंग सर्टिफिकेट उपभोक्ता को मौके पर दिए जाएं तथा उन्हें मीटर बदलते समय हाथों-हाथ ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाए। जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लाम्बा ने बताया कि प्रीपेड मीटर तेज चलने की शिकायतों के लिए एक स्वतंत्र लैब की स्थापना की जाए जिसमें उपभोक्ता अपने मीटर की जांच कर सके और उसे लैब की जांच रिपोर्ट के आधार पर बिलिंग मैं सुधार किया जाए तथा लगाए जाने वाले प्रीपेड मिटरो को लैब में जांच करने के उपरांत उपभोक्ता के यहां लगाया जाए। संजीव आहूजा ने बताया कि नए विद्युत कनेक्शन को जारी करते समय एस्टीमेट के नाम पर भारी अनियमित की जा रही है पोर्टल पर कनेक्शन अप्लाई होने के बाद उपभोक्ता को कार्यालय बुलाए जाने की व्यवस्था समाप्त की जाए।जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी किसी कनेक्शन में यदि उपभोक्ता को बुलाने की आवश्यकता है तो उसे उपखंड अधिकारी या अधिशासी अभियंता के सामने अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाए जूनियर इंजीनियर व लाइनमैन को उपभोक्ता से दूर रखा जाए ।राजेश गुप्ता ने कहा कि मनमाने तरीके से वर्षों पुराने पी डी कनेक्शन की रिकवरी आवश्यक जांच के बाद जारी की जाए बिना पर्याप्त आधार के आर सी जारी न की जाए आरसी जारी करने से पूर्व विद्युत अधिनियम के अनुसार धारा तीन का नोटिस तामिल कराकर उपभोक्ता को सुनवाई का अवसर दिया जाए। आरसी गलत पाई जाने पर संबंधित कर्मचारी व अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। दिनेश गुप्ता ने कहा कि प्रीपेड मीटर के पोर्टल को इतना प्रभावी बनाया जाए कि पैसा जमा करने के तुरंत जमा धनराशि राशि पोर्टल पर शो तथा पाँच मिनट में डिस्कनेक्ट किया गया कनेक्शन को पुनः चालू किया जा सके प्रीपेड मीटर लगे जाने के बाद उपभोक्ता की सिक्योरिटी एडजस्ट करने का अकाउंट स्टेटमेंट बनाकर सभी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाए।

# मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात कर्मचारियों को किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन ने मंडल के भारतेन्दु सभागार कक्ष में संरक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले मार्च-2026 माह से चयनित कुल 07 रेल कर्मचारियों को Excellence Award प्रदान कर सम्मानित किया गया।अपने अध्यक्षीय संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता यात्रियों की संरक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

इसी दिशा में कार्य करते हुए मंडल के विभिन्न विभागों परिचालन, इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार, विद्युत तथा सुरक्षा विभाग ने समन्वित प्रयासों से संरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। कार्यक्रम के दौरान उन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए, जिन्होंने सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटनाओं को टाला तथा रेल संपत्ति एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी सम्मानित कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रतिबद्धता अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों ने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर जागरूकता एवं सतर्कता बनाए रखने का संकल्प दोहराया। मंडल प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी रेलकर्मी टीम भावना एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए भविष्य में भी संरक्षा एवं सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखें।इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्री अशोक कुमार वर्मा,अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) श्री अजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री आर.जे चौधुरी, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री श्री एम.रमेश कुमार,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री बलेंद्र पाल,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री शेख रहमान,वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्री राजेश कुमार,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य) श्री सौरभ राठौर,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(ऑपरेशन) श्री धर्मेन्द्र यादव,वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक श्री नितेश अग्रवाल सहित मंडल के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।मंडल स्तर पर संरक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में मंडल रेल प्रबंधक से पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सर्व श्री आकाश कुमार पाण्डेय/ वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी/भण्डार, जितेन्द्र सिंह/ तकनीशियन ।।/मऊ ,दयानन्द गुप्ता/प्रवर टिकट निरीक्षक/वाराणसी, मुनी कुमार /सीनियर सेक्शन इंजीनियर विद्युत/सामान्य/वाराणसी ,सुनील कुमार कॉंटावाला / कप्तानगंज , विनोद कुमार यादव/एण्टी मलेरिया खलासी, रोहित कुमार/ तकनीशियन/ टीआरडी/छपरा आदि शामिल थे ।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्र का पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित होमगार्ड्स भर्ती परीक्षा 2025 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थ लीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया, चेकिंग/फ्रिस्किंग व्यवस्था, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों का जायजा लिया गया।इस दौ रान परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सी.सी.टी.वी कैमरों की कार्यशीलता भी चेक की गई, जिससे परीक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके।पुलिस अधीक्षक के द्वारा केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा को पूर्णतःनिष्पक्ष,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावर ण में सम्पन्न कराया जाए तथा अभ्यर्थियों की नियमानुसार सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए। यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु यातायात प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा के दौरान आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि आज 25 से 27 अप्रैल 2026 तक जनपद में उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर भर्ती प्रक्रिया को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु व्यापक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।इस भर्ती परीक्षा में कुल 33,120 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे।परीक्षा प्रति दिन दो पालियों में सम्पन्न कराई जाएगी, जिसमें प्रत्येक पाली में 5,520 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। इसके लिए जनपद में कुल 14 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत 02 अपर पुलिस अधीक्षक, 03 क्षेत्राधिकारी, 40 निरीक्षक, 101 उपनिरीक्षक सहित कुल 449 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर 01 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 01 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गयी है।इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों के आसपास सतत निगरानी रखी जायेगी तथा भ्रमणशील पुलिस टीमें लगातार गश्त करती रहेंगी, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य बनी रहे। जनपद प्रशासन एवं पुलिस विभाग के समन्वय से परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जायेगा।

# पुलिस अधीक्षक ने दिया भरोसा, चैन से करिए व्यापार,सुरक्षा में है गोंडा पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जनपद में व्यापारी की सुरक्षा को लेकर हुई गोष्ठी में शुक्रवार को एसपी ने व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों से संवाद किया।इस दौरान व्या पारियों की समस्याएं जानीं,उनसे सुझाव लिए। सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर सुनवाई करते हुए समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दि ए,एसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ के गोष्ठी का आयोजन किया।इस दौरान एसपी ने व्यापारि यों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं सुरक्षा संबंधी मुद्दों को गंभीरता से सुना, उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसपी ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा जन पद पुलिस की प्राथमिकता है।किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि,अवैध वसूली,धमकी या अ सामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आपातकालीन सेवाओं,पुलिस हेल्पलाइन नंब रों के उपयोग एवं संदिग्ध व्यक्तियों, गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।बाजार क्षेत्रों में नियमित गश्त, सीसी टीवी कैमरों की स्थापना एवं निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

# फॉर्मर रजिस्ट्री में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसडीएम मोनालिसा जौहरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा में फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने एक अहम समीक्षा बैठक कर कृषि, राजस्व, विकास, आपूर्ति और बाल विकास विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य को समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से शत-प्रतिशत पूरा किया जाए। बैठक के दौरान एसडीएम ने सभी विभागों की प्रगति रिपोर्ट की गहन समीक्षा की और जहां कमी पाई गई, वहां तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि केवल खानापूर्ति नहीं चलेगी, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य दिखाई देना चाहिए। अधिकारियों और कर्मचारियों को गांव-गांव जाकर घर-घर एक-एक किसान की फॉर्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करने तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि आपसी तालमेल से ही शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सकता है, जिससे पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। बैठक के अंत में उन्होंने दो टूक चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम मोनालिसा जौहरी की सक्रिय और सख्त कार्यशैली से नानपारा तहसील में प्रशासनिक व न्यायिक कार्यों में तेजी आई है, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। उनकी कार्यप्रणाली से फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

# अवैध नर्सिंग होम, अल्ट्रासाउंड सेंटर धड़ले से हो रहे संचालित, जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में धड़ल्ले से नर्सिंग होम और अवैध अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी सेंटर चल रहे हैं।इस पर प्रशासन मौन है।यह अवैध क्लीनिक अवैध अल्ट्रा साउंड व पैथोलॉजी सेंटर स्वास्थ्य विभाग के जि म्मेदारों के नाक के नीचे चल रहे हैं जो नियम का यदे की धज्जियां उडा रहे हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी और मिली भगत के चल रहा है,जिले में अवैध क्लीनिक अवै ध,अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी सेंटरों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है।यदा-कदा जब कोई समाजसे वी व पत्रकार इस पर जानकारी लेना चाहता है तो अव्वल जानकारी नहीं दी जाती है और बार बार जानकारी लेने की कोशिश की जाए तो धमकी दी जाती है करनैलगंज तहसील अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के आसपास तथा पूरे क स्बे में कई सेंटर बिना मानक और नियमों के संचा लित हो रहे हैं, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खुला खिलवाड़ हो रहा है।सूत्रों के मुताबिक इनमें से कुछ केंद्रों की शिकायत पर महज औपचा रिकता के तौर पर छापेमारी की गई थी,लेकिन कार्रवाई के बजाय कथित लेन-देन के बाद इन केंद्रों की गतिविधियां फिर से शुरू हो गईं। कई जगहों पर न तो योग्य रेडियोलॉजिस्ट मौजूद हैं और न ही प्रशिक्षित तकनीशियन, फिर भी महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोग जांच कराने पहुंच रहे हैं। स्वा स्थ्य मानकों की अनदेखी के चलते इन केंद्रों से जारी होने वाली रिपोर्टों की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।वही विशेषज्ञों का कहना है कि बिना योग्य चिकित्सकीय निगरानी के की गई जांच से मरीजों को गलत रिपोर्ट मिलने का खतरा बना रहता है, जिससे इलाज प्रभावित हो सकता है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधि कारी सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं। जिला स्वास्थ्य प्रशासन की नजर के बावजूद सीए चसी के नाक के नीचे यह गोरखधंधा बेखौफ चल रहा है, जिससे अयोग्य संचालक मोटी कमाई कर रहे हैं और आम जनता के स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहे हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकार जहां स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है,वहीं विभागीय अ नदेखी के कारण करनैलगंज, परसपुर, धानेपुर में लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ जारी है। वही लोगों ने प्रशासन से अवैध रूप से संचालित इन नर्सिंग होमो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है यही स्थिति सदर तहसील के जिला मुख्या लय पर स्थित कई पैथोलॉजी का है। वही इस मामले में जानकारी करने के लिए सीएचसी अधी क्षकों व सीएमओ के सीयूजी नंबर पर संपर्क कि या गया तो इन लोगों का फोन नेटवर्क क्षेत्र से बा हर बता रहा है।

# नानपारा के होनहारों ने रचा सफलता का इतिहास, मेरिट में बनाई पहचान

### इण्टरमीडिएट परीक्षा के मेधावी



### हाईस्कूल परीक्षा में मेधावी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के घोषित परिणामों में नानपारा क्षेत्र के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद बहराइच का नाम गौरवान्वित किया है। विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं ने उच्च अंक प्राप्त कर सफलता की नई मिसाल पेश की। रामनारायण मदेशिया सरस्वती शिशु मंदिर, नानपारा के छात्र रिशान्त विश्वकर्मा ने हाईस्कूल परीक्षा में 92.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में विशेष उपलब्धि हासिल की। इसी विद्यालय में गौरव गुप्ता ने 89.5 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, नंदिनी सिंह ने 86.66 प्रतिशत के साथ तृतीय, अभिनव ने 85.33 प्रतिशत के साथ चतुर्थ तथा अनोखी सोनी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में इसी विद्यालय के अनुभव तिवारी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वंशिका मद्देशिया (85.8 प्रतिशत) द्वितीय, कुशाग्र भदौरिया (79.4 प्रतिशत) तृतीय, आकाश सोनकर (76.2 प्रतिशत) चतुर्थ तथा कीर्ति गुप्ता (74 प्रतिशत) पंचम स्थान पर रहीं। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नानपारा में हाईस्कूल परीक्षा में देवांश पाण्डे ने 89.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। तौहीद खां (87.6 प्रतिशत) द्वितीय, जितेन्द्र कुमार (85.5 प्रतिशत) तृतीय, अम्बिका सिंह सेंगर (83.5 प्रतिशत) चतुर्थ तथा उत्कर्ष गुप्ता (82.6 प्रतिशत) पंचम स्थान पर रहे।इंटरमीडिएट परीक्षा में निमिषा पोरवाल ने 82.8 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिद्धि श्रीवास्तव (82.2 प्रतिशत) द्वितीय, अंशिका मौर्या (78.8 प्रतिशत) तृतीय, सिद्धि श्रीवास्तव (77.6 प्रतिशत) चतुर्थ तथा आकाश मौर्या (77.4 प्रतिशत) पंचम स्थान पर रहे। श्री शंकर इंटर कॉलेज, नानपारा के प्रधानाचार्य अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 87.4 प्रतिशत रहा। विद्यालय में प्रखर वर्मा ने 89.66 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, बुशरा अली (87.33 प्रतिशत) द्वितीय तथा अर्चना देवी (85.66 प्रतिशत) तृतीय स्थान पर रहीं।

इंटरमीडिएट में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 86.08 प्रतिशत रहा, जिसमें आसिफ अली (82 प्रतिशत) प्रथम स्थान पर रहे। अरीबा अबरार एवं प्रियांशी मिश्रा (79.2 प्रतिशत) संयुक्त रूप से द्वितीय तथा दानिया हुसैन (76.4 प्रतिशत) तृतीय स्थान पर रहीं।

## शस्त्र विक्रेताओं ने समस्याओं को लेकर एमएलसी को सौपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद । जनपद में शस्त्र विक्रेताओं ने पंप-एक्शन शॉटगन (एसबीबीएल बंदूक) के रजिस्ट्रेशन को लेकर बड़ा मुद्दा उठाया है। व्यापारियों ने शुक्रवार को विधान परिषद सदस्य को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि जिले में भी पंप-एक्शन शॉटगन के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कराई जाए, जिससे व्यापार और रोजगार दोनों को राहत मिल सके। ज्ञापन में व्यापारियों ने साफ कहा है कि प्रदेश के अन्य जिलों में पंप-एक्शन शॉटगन का पंजीकरण हो रहा है, लेकिन फर्रुखाबाद में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। इससे स्थानीय दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और हथियारों की बिक्री प्रभावित हो रही है। व्यापारियों ने यह भी तर्क दिया कि रजिस्ट्रेशन न होने से सरकार को भी राजस्व हानि हो रही है। बिक्री न होने की स्थिति में जीएसटी का संग्रह नहीं हो पा रहा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि पंप-एक्शन शॉटगन की मांग बढ़ रही है और इसके अभाव में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सीमित हो रहे हैं। ज्ञापन में एमएलसी से अनुरोध किया गया है कि इस मांग को प्रशासन तक पहुंचाकर जल्द से जल्द पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कराई जाए, ताकि व्यापारियों को राहत मिल सके और सरकारी राजस्व में भी बढ़ोतरी हो।

## अचानक आग लगने से एक भैंस की मौत, दो की हालत गंभीर..

गोंडा । विकास खंड छपिया के अंतर्गत ग्राम त्रिखु बुजुर्ग, पोस्ट सुरवार खुर्द में एक दर्दनाक हादसा हो गया हादसे में मौके पर एक भैंस की मौत हो गई और अन्य दो भैंसे गंभारी रूप से झुलस गईं। मिली जानकारी अनुसार पशुपालक चन्द्रशेखर के यहां अचानक आग लग गई, जिससे उनकी भैंसशाला चपेट में आ गई।आग की घटना में एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य भैंसे गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 1962 पशु चिकित्सा सेवा टीम के पशु चिकित्सा अधिकारी डा. जय कृष्ण पाण्डेय ने अपनी टीम के साथ घायल पशुओं का तत्काल निःशुल्क उपचार शुरू किया तब जाकर झुलसे पशुओं ने राहत की सांस ली।वहीं पशु चिक्सा धिकारी ने बताया कि चिकित्सकीय देखरेख में दोनों गंभीर रूप से घायल भैंसों का इलाज जारी है और दोनों पशुओं की हालत में सुधार की उम्मीद है। इसके साथ ही पशु पालक किसान ने बताया कि घटना से भारी आर्थिक नुकसान हुआ है,वही सूचना मिलते ही टीम ने तत्काल इलाज जारी कर दिया जिससे दो अन्य भैंसों की जान बच गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## वॉक-इन-इन्टरव्यू 27 अप्रैल को

बहराइच । मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में संचलित रिक्त संविदा चिकित्सकों (एमबीबीएस) के पद पर नियुक्ति हेतु 27 अप्रैल 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक विकास भवन सभागार में वॉक-इन-अन्टरव्यू का आयोजन किया गया है। सीएमओ ने बताया कि पात्र एवं अपात्र पाये गये अभ्यर्थियों की सूची एनआईसी की वेबसाइट एवं मुख्य चिकित्साधिकारी बहराइच के कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

## गैस व तेल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी की सख्ती, वितरकों को दिए कड़े निर्देश

औरैया । जिलाधिकारी बृजेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में गैस तेल वितरकों व संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंडियन ऑयल, बीपीसीएल, एचपीसीएल एलपीजी गैस कंपनियों के सेल्स ऑफिसर, टोरेंट गैस कंपनी के सहायक मैनेजर तथा आपूर्ति विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं को शत-प्रतिशत ओटीपी के माध्यम से ही सिलेंडर का वितरण सुनिश्चित किया जाए और सभी उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी दी जाए। उन्होंने गैस बुकिंग की वरीयता सूची का पालन करते हुए पुरानी बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को पहले गैस उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही सभी गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने को कहा गया। जिलाधिकारी ने गैस व तेल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन स्टॉक, आमद, बिक्री और शेष स्टॉक की जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।
टोरेंट गैस कंपनी को घरेलू गैस कनेक्शन इंस्टॉलेशन में तेजी लाने और कैंपों के माध्यम से मैरिज होम व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्राथमिकता के आधार पर कॉमर्शियल कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही रेस्टोरेशन कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने को कहा गया।
बैठक में डिप्टी कलेक्टर कमल कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी राजेश कुमार सहित संबंधित पेट्रोल पंप संचालक और सेल्स ऑफिसर उपस्थित रहे।

## विवादित निर्माण ध्वस्त करने संबंधी न्यायालय आदेश के खिलाफ राज्यमंत्री ने दाखिल की अपील

देवरिया । उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया शहर के देवरिया खास स्थित श्री मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर की भूमि को लेकर चल रहा विवाद अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। नियत प्राधिकारी (विनियमित क्षेत्र) न्यायालय द्वारा कथित अवैध कब्जे को ध्वस्त करने के आदेश के खिलाफ राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने शुक्रवार को जिलाधिकारी न्यायालय में अपील दाखिल की है। यह विवाद पिछले वर्ष उस समय शुरू हुआ था, जब राज्यमंत्री द्वारा मंदिर परिसर से सटी भूमि पर चाहरदीवारी का निर्माण कराते हुए मंदिर की ओर एक गेट खोलने का प्रयास किया गया। इस पर मंदिर समिति और राज्यमंत्री के बीच विवाद गहरा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक टीम ने मौके पर हस्तक्षेप करते हुए मंदिर की ओर खुलने वाले गेट को बंद करा दिया था। मंदिर की कुल भूमि लगभग 3.10 एकड़ में फैली है, जिसमें तीन गाटा शामिल हैं। मंदिर के उत्तराधिकारी महंत राजेश नारायण दास और राज्यमंत्री के बीच इसी भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों पक्षों के बीच पहले समझौते का प्रयास भी हुआ, लेकिन चाहरदीवारी निर्माण के बाद विवाद दोबारा बढ़ गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। नायब तहसीलदार की देखरेख में कराई गई पैमाइश में मंदिर की कुछ भूमि दूसरे पक्ष की सीमा में पाई गई। इसके बाद मंदिर पक्ष ने नियत प्राधिकारी न्यायालय में वाद दाखिल किया।

# आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने किया चाय एण्ड चैप्टर्स लाइब्रेरी का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



विकास भवन में नई लाइब्रेरी शुरू,डीएम-सीडीओ की पहल से युवाओं को मिला सुरक्षित अध्ययन स्थल.

गोंडा । विकास भवन परिसर स्थित शक्ति कैफ़े में शुक्रवार को अरगा ज्ञान गंज चाय एण्ड चैप्टर्सङ्क पहल का सफल शुभारंभ किया गया।इस पहल के तहत अब जनपद के युवाओं को सुरक्षित,शांत एवं सुविधाजनक वातावरण में बैठकर अध्ययन करने के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयुक्त, देवी पाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल उपस्थित रहीं, जिन्होंने फीता काटकर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी भी उपस्थित रहीं।आयुक्त ने जिलाधि कारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की इस अभिन व पहल की सराहना की। इस दौरान कमिश्नर डीए म और सीडीओ ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं माला पहनाकर सम्मा नित किया।साथ ही उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें, डायरी एवं पेन भी भेंट किए। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं से बात करते हुए आयुक्त ने कहा कि ल्लचाय की चुस्की के साथ ज्ञान की राहङ्क जैसी पहलें समाज में सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देती हैं तथा महिलाओं एवं युवा ओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने इसे सामाजिक जागरूकता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी प्रयास बताया।उन्होंने क हा कि सभी बच्चों की सफलता में उनके अलावा उनके अभिभावकों का भी काफी योगदान है,उन्हों ने युवाओं से अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने तथा जीवन के प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद की युवाओं को पढ़ने के लिए अच्छी और सुरक्षित जगह मिली है। सभी छात्र-छात्रायें अपने जीवन के हर लक्ष्य को प्राप्त करें।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि विकास भवन परिसर में स्थापित इस लाइब्रेरी से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।उन्होंने बताया कि शक्ति कैफ़े में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध है,जिससे छात्र-छात्राएं अध्ययन के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी ध्यान रख सकेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि यह लाइब्रेरी सभी विद्यार्थियों के लिए खुली है और कोई भी यहां आ कर अध्ययन कर सकता है।मुख्य विकास अधि कारी अंकिता जैन ने कहा कि इस लाइब्रेरी के निर्माण से छात्र-छात्राओं को शांत एवं अनुकूल वातावरण में अध्ययन करने की सुविधा प्राप्त हुई है।उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।

# बहराइच के अन्तर्गत आने वाली विधान सभाओं को मिली 396.80 लाख रूपये की 09

कैनविज टाइम्स संवाददाता



परियोजनाओं के पूरा होने पर बढ़ेगी श्रद्धालुओं की संख्यारू जयवीर सिंह

बहराइच । पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजनान्तर्गत देवीपाटन मण्डल के अन्तर्गत आने वाले बहराइच जनपद के लिए 396.80 लाख रूपये की पर्यटन विकास की 09 परियोजनायें स्वीकृत की गयी। इन परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए यू0पी0एस0टी0डी0सी0 को कार्यदायी सस्था नामित करते हुए निर्देशित किया गया है कि इन परियोजनाओं के कार्य गुणवत्ता तथा समयबद्धता के साथ पूरा किया जाये।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद बहराइच के अन्तर्गत आने वाली विधान सभाओं के लिए जो परियाजनायें स्वीकृत की गयी है, उसके अन्तर्गत पयागपुर में प्राचीन हनुमान मंदिर, हुजूरपुर के पर्यटन विकास के लिए 39.80 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसी प्रकार नानपारा विधान सभा क्षेत्र में रामपुर धोबियाहार स्थित प्रसिद्ध श्री बुढ़ेश्वर नाथ मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 40 लाख रूपये तथा सदर विधान सभा क्षेत्र के लिए बेरिया मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 57.00 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि महसी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित मरी माता मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 40.00 लाख रूपये, मटेरा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मंगलीनाथ शिव मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 35 लाख रूपये, कैसरगंज के हर्दौली माता मंदिर के लिए 45.00 लाख रूपये, बलहा विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड मिहींपुरवा के ग्राम कारीकोट में ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए 25.00 लाख रूपये की धनरशि स्वीकृत की गयी है। इसी प्रकार पयागपुर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में स्थापना सुविधाओं के लिए 57.00 लाख तथा बलहा विधान सभा क्षेत्र स्थित बाबा मंदिर सेमरी मलमता में अवस्थापना के लिए 58.00 लाख रूपये की धनरशि स्वीकृत की गयी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि मा. मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में आस्था से जुड़े स्थलों के सौंदर्यीकरण तथा अवस्थपना सुविधा उपलब्ध कराने के लिए परियोजनायें स्वीकृत की गयी है। इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन भी सृजित होंगे। इसके अलावा सनातन संस्कृति के मूल्यों को संरक्षित किया जा सकेगा।

# मुफलिसी में भी कड़ी मेहनत कर छात्रा ने लहराया परचम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। कहते हैं कि मेहनत करने से सफलता जरूर हासिल होती है ऐसा ही कर दिखाया हैं।जनपद की लाडली छात्रा आमलिका दीक्षित ने जिनकी कहानी किसी प्रेरणादायक कहानी से कम नहीं है। जीवन की बहुत ही मुश्किलों के बीच उन्होंने हार नहीं मानी और यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा 2026 में 80 प्रतिशत अंक हासिल कर साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प से हर मुश्किल को पार किया जा सकता है। लगभग पंद्रह माह पूर्व छात्रा आमलिका के पिता वरिष्ठ पत्रकार सुधीर दीक्षित का गम्भीर बीमारी से निधन हो गया था। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर दीक्षित की गिनती जनपद के एक वरिष्ठ पत्रकारो में आती हैं।उनके इलाज में परिवार की अधिकांश जमा-पूंजी खर्च हो गई, जिससे परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा है।वर्तमान में छात्रा की माँ रीना दीक्षित तीन बच्चों के साथ किराए के मकान में रहकर अपने परिवार पालन-पोषण कर रही हैं।

पति के निधन के बाद रीना दीक्षित ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए सारी जिम्मेदारियां संभाल रखी हैं। सीमित आय और इस महंगाई के दौर में भी अपने बच्चों का मनोबल बनाए रखा और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया हैं।फीस की समस्या को लेकर उन्होंने कई बार स्कूल प्रबंधन से सहयोग मांगा, लेकिन मदद नहीं मिल सकी। इसके बाद वे डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से भी मिलीं प्रशासन ने सहायता का आश्वासन दिया है। इससे परिवार को कुछ राहत की उम्मीद जगी है।अंगूरी देवी बीवी एमआईसी स्कूल की छात्रा आमलिका ने संगीत में विषय में 93 अंक,विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय में 80-80 अंक, अंग्रेजी में 79 तथा गणित में 62 अंक प्राप्त किए। यह उपलब्धि उनके निरंतर परिश्रम और समर्पण को दर्शाती है।परिणाम घोषित होने के बाद परिवार में भावुक माहौल हैं।आमलिका ने अपनी सफलता अपने स्वर्गीय पिता को समर्पित की है ।साथ ही उनकी माँ ने ईश्वर का आभार व्यक्त किया। आमलिका की यह सफलता उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करते हैं।

# नई बस्ती में वर्षों बाद बनी सीसी सड़क पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विकास को गति देने के क्रम में दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत मोहल्ला नई बस्ती में सौरभ गंगवार के मकान से महेंद्र गंगवार के मकान तक निर्मित सीसी सड़क का भव्य लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया।इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिला। वर्षों से जर्जर स्थिति में पड़ी इस सड़क के निर्माण की मांग लगातार की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिए जाने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की। लोगों का कहना था कि सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा और बरसात के समय होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी। पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सड़कों, नालियों एवं अन्य आवश्यक कार्यों को तेजी से कराया जा रहा है, जिससे शहर का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है और आने वाले समय में भी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।लोकार्पण कार्यक्रम में सभासद चैतन्य गंगवार, सुनीता सिंह, साकेत सक्सेना, निजाकत अली कादरी, वतनदीप मिश्रा, राजेन्द्र भारती, एहतिशाम वली खां, विकास बाबू, रिंकू, सुरेश लोधी, मोहन स्वरूप सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## बाढ़ बचाव कार्य के लिए धन हुआ आवंटन प्रधान विवेकानंद सरकार की मेहनत लाई रंग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकास खंड की ग्राम नगरिया खुर्द कला के प्रधान विवेकानंद हमेशा ही गांव की समस्याओं के लिए तत्पर रहते हैं।साथ ही उच्च अधिकारियों से लगातार अपनी आवाज को ऊपर तक पहुंच कर काम को कराने का प्रयास कार्य करते हैं। ग्रामवासी प्रधान विवेकानंद सरकार से बहुत ही खुश हैं।इसी क्रम शुक्रवार को ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला में बाढ़ से बचाव के लिए 15 करोड़ 57 लाख लाख रुपए की परियोजना पास की गई है। जिससे कि गांव ना कटे और सभी जनमानस व जमीन सुरक्षित रहें हैं।ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला में पूजा अर्चना हवन के साथ काम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पूरनपुर विधायक, ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार, प्रधान अजय वैध,मंजीत साना,अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग पी पी गौतम ,एसडीओ अवध राम ,जेई भूपेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, अनूप कुमार,ग्राम पंचायत सदस्य चितरंजन बरोई सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे हैं।

# रामाचार्य त्रिपाठी सर्वोदय के छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा में गाड़ा झंडा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणामों में रामाचार्य त्रिपाठी सर्वोदय शिक्षण संस्थान इंटरमीडिएट कॉलेज, बड़गांव के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्र-छात्राओं की इस सफलता से विद्यालय प्रशासन और अभिभावकों में खुशी की लहर है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं का विवरण इस प्रकार है आयुषी मौर्यः 544 अंक (90.67) प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। शिवांशी पालः 536 अंक (89.33) के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। अभिषेक प्रजापतिः 535 अंक (89.17) पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंशिका सिंहः 535 अंक (87.33) चौथा स्थान, आयुषी मौर्य 521 अंक (86.83) पांचवा स्थान प्राप्त कर सफलता की सूची में जगह बनाई। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को मिठाई खिलाकर बधाई दी। शिक्षकों का कहना है कि यह बच्चों के कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। मेधावियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि से पूरे बड़गांव और अखंड नगर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

## शुभांगी हॉस्पिटल संचालक समेत 4 डाक्टरो के खिलाफ एफआईआर

सुल्तानपुर। डेढ़ माह पहले शहर के शुभांगी हॉस्पिटल में हर्निया के ऑपरेशन में लापरवाही के चलते हुई मरीज की मौत के मामले में हॉस्पिटल संचालक डॉ विद्या गौतम उनके पति डॉ राजेश गौतम समेत दो अन्य चिकित्सकों के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। चार डाक्टरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि बीते 2 मार्च को गोसाईगंज थाने के महिलोआशापुर निवासी राजेश मिश्र हर्निया के ऑपरेशन के लिये भर्ती हुए थे। दूसरे दिन 3 मार्च को ऑपरेशन के दौरान हालत गंभीर होने पर रिफर कर दिया गया और रिफर किये गए अस्पताल पहुंचने के पहले ही राजेश की मौत हो गई। मौत के बाद परिजन शव लेकर शुभांगी हॉस्पिटल पहुंचे पर डॉ राजेश गौतम ने मिलने से मना कर दिया। परिजनों ने पुरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत सीएमओ डॉ भारत भूषण से की। सीएमओ ने एसीएमओ डॉ जे सी सरोज के नेतृत्व में तीन सदस्यों की कमेटी बना दी। दूसरी तरफ मृतक राजेश मिश्र के पिता राम करन मिश्र ने एक सप्ताह पहले तत्कालीन जिलाधिकारी कुमार हर्ष से मुलाक़ात कर कार्यवाही की मांग की थीं।

# डीएम के आदेश पर रात में छापा मशीनें पकड़ी गईं, लेकिन ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं मिट्टी चोर गायब, कार्रवाई पर उठे गंभीर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिलाधिकारी के निर्देश पर कलीनगर तहसीलदार ने माधोटांडा पुलिस के साथ सिमरा तलुलका महाराजपुर क्षेत्र में देर रात छापेमारी की प्रशासनिक टीम की इस कार्रवाई में अवैध मिट्टी खनन में प्रयुक्त मशीन और क्रेशर को मौके से कब्जे में लेकर माधोटांडा थाने में खड़ा करा दिया गया लेकिन इस कार्रवाई ने जितने सवालों को खत्म नहीं किया, उससे कहीं ज्यादा नए सवाल खड़े कर दिए हैं छापेमारी के दौरान सबसे अहम कड़ी–मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और खनन में लगे मजदूर व संचालक–मौके से पूरी तरह नदारद मिले ऐसे में यह संदेह गहराता जा रहा है कि कहीं न कहीं कार्रवाई की सूचना पहले ही अवैध खनन से जुड़े लोगों तक पहुंच गई थी स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सिमरा तलुलका महाराजपुर और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से रात के अंधेरे में अवैध मिट्टी खनन का काम धड़ल्ले से चल रहा है भारी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए मिट्टी का खनन कर उसे दूसरे स्थानों पर पहुंचाया जाता है ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती, और जब कार्रवाई होती भी है तो केवल औपचारिकता निभाकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है इस बार भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला मशीन और क्रेशर का पकड़ा जाना एक बड़ी कार्रवाई के रूप में पेश किया जा रहा है, लेकिन खनन के असली कर्ताधर्ता और परिवहन में इस्तेमाल हो रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का गायब होना पूरे ऑपरेशन की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर रहा है प्रशासनिक हलकों में भी इस बात की चर्चा है कि छापेमारी की भनक पहले ही खनन माफियाओं को मिल गई थी यही कारण रहा कि टीम के पहुंचने से पहले ही सभी लोग मौके से फरार हो गए और केवल मशीनें ही वहां रह गईं यदि ऐसा है, तो यह सीधे तौर पर सिस्टम के अंदर से सूचना लीक होने की ओर इशारा करता है, जो बेहद गंभीर मामला है माधोटांडा पुलिस का कहना है कि जब्त की गई मशीन और क्रेशर के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है साथ ही फरार खननकर्ताओं की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है प्रशासन का दावा है कि जिले में अवैध खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा हालांकि, जमीनी स्तर पर हालात कुछ और ही कहानी बयां करते हैं ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन का नेटवर्क इतना मजबूत है कि बिना किसी संरक्षण के इस तरह का काम संभव ही नहीं है रात के समय लगातार चल रही मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजें इस बात का सबूत हैं कि यह गतिविधि लंबे समय से संगठित तरीके से संचालित हो रही है इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इस बार सिर्फ मशीनें पकड़कर संतुष्ट हो जाएगा, या फिर खनन माफियाओं के पूरे नेटवर्क पर कार्रवाई करेगा?क्या सूचना लीक होने के पहलू की जांच होगी?और क्या क्षेत्र में अवैध खनन पर स्थायी रूप से रोक लग पाएगी?फिलहाल, यह कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है,लेकिन असली परीक्षा प्रशासन की आगामी कार्रवाई से ही तय होगी कि यह कदम सख्ती की शुरुआत है या फिर एक मात्र औपचारिकता ।

## गेहूं क्रय केन्द्र के बजाय बिचौलियों के हाथों गेहूं बेंच रहे किसान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देशों की खुलेआम डंके की चोट पर धज्जियां कैसे उड़ाई जाती है अगर इसकी जमीनी हकीकत जांचनी व परखनी तो तिलोई तहसील क्षेत्र के गेहूं क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कीजिये। यहां के केन्द्र प्रभारियों ने बिचौलियों के इशारे पर कार्य को अंजाम देने में महारथ हासिल किया है।केन्द्र प्रभारियों व बिचौलियों के गठजोड़ से किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नही मिल पा रहा है जिससे किसानों में गहरी नाराजगी व आक्रोश व्याप्त है।प्रदेश सरकार किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाये जाने के प्रति संकल्पित है लेकिन इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है वही इसमे दीमक की लगकर सरकार की छबि धूमिल करने से बाज नही आ रहे है।गेहूं क्रय केन्द्र के प्रभारियों की कार्यप्रणाली जगजाहिर है रसूखदार होने के कारण जिम्मेदार भी उन पर हाथ डालने का साहस नही जुटा पा रहे हैं जिसका नतीजा यह है कि इन केन्द्रों पर किसान नही बल्कि राशन माफिया हाबी है जो औने पौने दामों में खरीदा गया गेहूं अच्छे दामों में बेंचकर मालामाल हो रहे हैं और अन्नदाता आज भी राशन माफियाओं के हाथों अपनी उपज बेंचने को विवश हैं। गेहूं क्रय केन्द्र सिंहपुर, फूला, शिवरतनगंज,सेमरौता,तिलोई पर सरकार के आदेश व निर्देश जिम्मेदारों के फाइलों की शोभा बढ़ा रहे हैं उन पर अमल होना सूर्य को दीपक दिखाने सा प्रतीत होता है। गेहूं क्रय केन्द्र सेमरौता प्रथम पर अब तक मात्र बीस किसानों का 991 कुंतल पचास किलो गेहूं तौला जा चुका है जबकि गेहूं क्रय केन्द्र सेमरौता द्वितीय पर ग्यारह किसानों का पांच सौ तिरपन कुंतल खरीदा गया है।केंद्र प्रभारी सुरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बरसात हो जाने के कारण कुछ समस्याएं आई लेकिन अब लगातार गेहूं खरीद चल रही है।

## गौसेवा की मिसाल:समाजसेवी विजय पाल सिंह विक्की ने कान्हा गौशाला को दी लौकी की सेवा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में सामाजिक सेवा और गौसेवा का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है व्यापारी नेता एवं समाजसेवी विजय पाल सिंह विक्की ने शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026 को कान्हा गौशाला पूरनपुर के लिए मंडी से लौकी (हरी सब्जी) दान कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया जानकारी के अनुसार, यह सेवा पूरनपुर मंडी से एकत्रित की गई और तत्पश्चात गौशाला में पहुंचाकर गौवंश के चारे के रूप में समर्पित की गई गर्मी के मौसम में हरी सब्जियों की उपलब्धता पशुओं के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी मानी जाती है,ऐसे में यह सहयोग विशेष महत्व रखता है कान्हा गौशाला पूरनपुर प्रबंधन का कहना है कि लौकी जैसी हरी सब्जियां गौवंश के पाचन और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती हैं इस प्रकार के सहयोग से गौशाला में रहने वाले पशुओं को संतुलित आहार मिल पाता है,जिससे उनकी देखभाल बेहतर ढंग से हो सकती है विजय पाल सिंह विक्की क्षेत्र में पहले भी कई सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते रहे हैं उनकी यह पहल दर्शाती है कि वे न केवल समाज के प्रति जिम्मेदार हैं, बल्कि जरूरत के समय आगे बढ़कर सहयोग करने में विश्वास रखते हैं इस पहल को लेकर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई और इसे प्रेरणादायक कदम बताया उनका कहना है कि यदि अन्य व्यापारी और सक्षम लोग भी इस तरह से आगे आएं, तो गौशालाओं को नियमित रूप से आवश्यक संसाधन मिल सकेंगे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय मंत्री विजय पाल सिंह विक्की द्वारा किया गया यह कार्य केवल एक दान नहीं, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का संदेश है ऐसे प्रयास निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होते है।

## फैक्ट्री पर दबंगों का हमला–बेटे को जान से मारने की धमकी, पुलिस जांच में जुटी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के साहूकारा वार्ड नंबर 13 में एक व्यापारी की फैक्ट्री पर हमला और धमकी का मामला सामने आया है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है पीड़ित मनोज कटियार के अनुसार, 22 अप्रैल 2026 की शाम करीब 8:15 बजे वह अपनी फैक्ट्री पर बैठे थे तभी तीन अज्ञात युवक मोटरसाइकिल से पहुंचे और उनके बेटे देवांश कटियार का नाम लेते हुए गाली–गलौज करने लगे आरोप है कि युवकों ने कहा कि ल्अगर देवांश मिला तो उसे जान से मार देंगे और तुम्हें भी नहीं छोड़ेंगे पीड़ित का कहना है कि हमलावरों के हाथ में डंडे थे और उन्होंने उन पर हमला भी किया, जिससे उन्हें हल्की चोटें आईं युवकों ने पुरानी रंजिश का जिक्र करते हुए धमकी दी और फिर मौके से फरार हो गए घटना के बाद 23 अप्रैल को पीड़ित ने कोतवाली पूरनपुर में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में डर का माहौल है।

## डीएम साहब ! जनगणना प्रशिक्षणार्थियों को दोपहर के भोजन में मिला छोला चावल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । क्षेत्र के कस्बा तिलोई स्थित एक प्राइवेट बालिका इण्टर कालेज में जनगणना कर्मियों के प्रशिक्षण में छठवें दिन खेवनहारों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को दोपहर के भोजन में डिब्बे में पैक छोला चावल वितरित किया गया जिसकी गुणवत्ता पर राष्टीय शैक्षिक महासंघ तिलोई और सिंहपुर के साथ कई प्रशिक्षणार्थियों ने सवाल उठाते हुये गम्भीर आरोप लगाया है लेकिन आला अधिकारी अपनी खामियों पर पर्दा डालकर प्रशिक्षणार्थियों का अपने पक्ष में वीडियो बनवाने में जुटे रहे जिसकी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने कड़े शब्दों में निंदा की है।बताते चलें कि तहसील तिलोई में जनगणना के लिये बीती बारह अप्रैल से प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ है जिसमें परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के साथ ही राजस्व और ब्लाक कर्मियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रातः दस बजे से पांच बजे तक दिया जाता है।जनगणना प्रशिक्षण के पांचवें दिन गुरुवार को पूड़ी सब्जी बांटी गई तो राष्टीय शैक्षिक महासंघ तिलोई के अध्यक्ष संतोष तिवारी ने आपत्ति जताई और सहायक जनगणना निदेशक अयोध्या मण्डल ने संज्ञान लिया लेकिन लम्बे अरसे से जमे तहसील के अधिकारियों पर इसका कोई खास असर नही पड़ा और छठवें दिन शुक्रवार को डिब्बे में पैक छोला चावल वितरित कर दिया गया जिसमें दो सौ चौंतीस प्रशिक्षणार्थियों को बारह प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग दी गई। राष्टीय शैक्षिक महासंघ तिलोई के अध्यक्ष संतोष तिवारी और सिंहपुर के अध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी ने कहा कि मनमानी नही चलेगी अगर भोजन की गुणवत्ता में कोई सुधार नही हुआ तो इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा और पूरे घटनाक्रम से स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री के साथ ही जनपद के प्रभारी मंत्री को भी अवगत कराया जायेगा।शिक्षक नेताओं ने बताया कि शुक्रवार की सुबह के नाश्ते में चाय और बिस्कुट प्रदान किया गया है।

# ब्लाक प्रमुख ने हाईस्कूल की मेधावी छात्रा दिव्यांशी मौर्या को दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएड यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम आते ही क्षेत्र में होनहार बच्चों के चेहरे पर खुशी दिखाई पड़ी मेधावी छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं देते हुये बधाई दी गई। क्षेत्र के कस्बा शंकरगंज स्थित जनता जनार्दन इण्टर कालेज में हाईस्कूल की छात्रा दिव्यांशी मौर्या ने इक्यानबे प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।इस छात्रा के पिता संतोष कुमार पेशे से किसान है। इसकी जानकारी मिलते ही ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने हाईस्कूल की मेधावी छात्रा दिव्यांशी मौर्या का फूल मालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि संसाधनों के अभाव में इस बालिका ने हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है इसकी जितनी सराहना की जाय वह कम है। उन्होंने कहा कि समाज में बेटियों का शिक्षित होना बहुत जरूरी है क्योंकि जब बेटी शिक्षित होती है तो वह दो परिवारों का उत्थान करती है इसलिये बालिकाओं की शिक्षा में हम सबको योगदान करना चाहिये। जनता जनार्दन इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य वैभव मिश्रा सहित अन्य तमाम शिक्षकों ने भी मेधावी छात्रा दिव्यांशी मौर्या को बधाई दी है।

## सम्पादकीय

# कमजोर मानसून और आपदा प्रबंधन

आगामी मानसून को लेकर पहला पूर्वानुमान जारी करने के साथ मौसम विभाग ने आने वाले मानसून सत्र में सामान्य से कम बरसात के संकेत दिए हैं। हालांकि मानसून पूर्वानुमान अभी और जारी किये जाएंगे पर यह आरंभिक सूचना आने वाले समय के लिए गंभीर संकेत है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार सामान्य से 8 फीसदी तक कम बरसात की संभावना जताई गई है। देश के कई हिस्सों में कम बरसात के संकेत हैं तो कुछ हिस्सों में सामान्य बरसात हो सकती है। माना जा रहा है कि अलनीनो इफ़ेक्ट के चलते मानसून कमजोर रहेगा। यह सही है कि हमारे मौसम मंत्रालय द्वारा जारी पूर्वानुमान काफी हद तक आसपास रहने लगे हैं। यहां तक कि दो से तीन घंटों में बरसात होने या आंधी-तूफान या ओलावृष्टि तक के पूर्वानुमान खरे उतरने लगे हैं। ऐसे में मौसम विभाग के पूर्वानुमानों को गंभीरता से लेते हुए केन्द्र व राज्यों की सरकारों को अभी से पूर्व तैयारियां करने में जुट जाना चाहिए। खासतौर से आपदा प्रबंधन मंत्रालय को अभी से भावी रणनीति तय करनी होगी। देश में मानसून सीजन में 87 सेमी बरसात होती है जिसके अनुमानों के अनुसार 81 सेमी तक रहने की आशंका है। पूर्वानुमानों को मानें तो साल 2018 में 91 प्रतिशत बरसात हुई थी, उसके बाद के वर्षों में मानसून लगभग अच्छा ही रहा है। पिछले आठ वर्षों में मानसून की स्थिति देखें तो साल 2023 में मानसून अवश्य कमजोर रहा है अन्यथा देश में मानसूनी वर्षा 100 प्रतिशत के आसपास व इससे अधिक रही है। हमारे देश में मानसूनी बरसात पर निर्भरता अधिक है। जहां खेती में मानसूनी बरसात की निर्भरता बहुत अधिक है तो दूसरी ओर पेयजल को लेकर भी मानसून पर निर्भरता अधिक है। जलाशयों में पानी के भण्डारण और भूजल स्तर भी बरसाती पानी पर निर्भर है। हमारी खेती मुख्यतः मानसून पर निर्भर है। सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता में कमी के कारण मानसून पर खेती 55 से 64 प्रतिशत निर्भर है। पीने के पानी की समस्या भी कमजोर मानसून से प्रभावित होती है। हमारे यहां मानसून की अवधि जून से सितंबर तक रहती है। अब सवाल उठता है कि पिछले वर्षों में मानसून सामान्य से अच्छा रहने के बावजूद कमजोर मानसून की स्थिति से निपटने में हमारी तैयारी अच्छी नहीं मानी जा सकती। अत्यधिक भूजल दोहन और जल संचयन की दीर्घकालिक नीति के अभाव में ठोस परिणाम प्राप्त नहीं हो पाये हैं। ऐसा नहीं है कि नीति नहीं बनती हो या ऐसा भी नहीं है कि जल संचयन के प्रयास नहीं होते हों पर जो परिणाम देखने में आए हैं वह कोई आशाजनक नहीं माने जा सकते। पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की बात हमारे यहां बेमानी है। प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व संधारण में भी हम कुछ अधिक नहीं कर पाये हैं। इसके अलावा दुर्भाग्यजनक बात यह है कि तात्कालिक प्रयास होते हैं। शहरीकरण की आड़ में प्राकृतिक जल स्त्रोत या तो नष्ट हो गए हैं या उनमें बरसात के पानी जाने के रास्ते अवरुद्ध या बंद हो गए हैं। नदी नालों के रास्ते या तो बंद हो गए हैं या अवरुद्ध हो गए हैं। बरसात के पानी के जलाशयों व रास्तों में अनधिकृत कब्जे, निर्माण और रिसोर्ट बना दिए है। एक समय ऐसा भी आया कि जब विशेषज्ञों ने बरसात के पानी जाने के रास्तों में जगह-जगह एनिकट बनाने की सलाह दे डाली और छोटे-छोटे एनिकट बनने से नदियों-जलाशयों में पानी की आवक प्रभावित हो गई। इससे तात्कालिक यानी एनिकटों में पहले पानी एकत्र तो हुआ पर बाद में इनका रखरखाव नहीं होने से दोहरा नुकसान हुआ। इसी तरह वर्षा जल संचयन के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए सरकार ने अरबों रुपये खर्च किये पर उनके निर्माण के आंकड़े पूरे करने के चक्कर में हम भूल गए कि बरसात के पानी इनमें कितना व कैसे जा पाएगा। फिर बरसात से पहले इनकी देखरेख पर भी ध्यान नहीं देने से जो परिणाम मिलने चाहिए थे वे नहीं मिल सके हैं। हमारे दैनिक उपभोग में भी पानी का उपयोग काफी बढ़ा है। आज पेयजल से कई गुणा अधिक पानी टॉयलेट और कूलरों में उपयोग होने लगा है।

# मौजूदा दौर में भारत-दक्षिण कोरिया संबंध

**आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़े बदलाव हो रहे हैं। कंपनियाँ केवल चीन पर निर्भरता कम करना चाहती हैं और नए उत्पादन केंद्र खोज रही हैं। यह स्थिति भारत और दक्षिण कोरिया दोनों के लिए अवसर लेकर आई है। दक्षिण कोरियाई कंपनियाँ यदि भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन केंद्र स्थापित करती हैं तो उन्हें विशाल बाजार, सस्ती श्रमशक्ति और रणनीतिक स्थिति का लाभ मिलेगा। वहीं, भारत को तकनीक, रोजगार और निर्यात क्षमता में वृद्धि प्राप्त होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, बैटरी निर्माण, ऑटोमोबाइल, रक्षा उत्पादन और जहाज निर्माण ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ सहयोग तेजी से बढ़ सकता है। रणनीतिक दृष्टि से भी दोनों देशों का सहयोग अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्वतंत्र, खुला और समावेशी व्यवस्था का समर्थन करता है। दक्षिण कोरिया भी क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री सुरक्षा का समर्थक है। चीन की आक्रामक नीतियाँ, समुद्री मार्गों पर दबाव और क्षेत्रीय तनाव ने कई देशों को नए साझेदार खोजने पर मजबूर किया है।**

भारत और दक्षिण कोरिया के संबंध आज के वैश्विक दौर में नई अहमियत प्राप्त कर रहे हैं। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और क्षेत्रीय शांति के समर्थक हैं। एशिया के बदलते शक्ति संतुलन, चीन की बढ़ती आक्रामकता, आपूर्ति श्रृंखला संकट, यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व तनाव और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने भारत तथा दक्षिण कोरिया को एक-दूसरे के और करीब आने का अवसर दिया है। दोनों देशों के बीच वर्षों से मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं लेकिन अब समय की मांग है कि इन्हें नई ऊर्जा, नई दिशा और व्यावहारिक सहयोग के साथ आगे बढ़ाया जाए।

भारत और दक्षिण कोरिया के संबंध केवल आधुनिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं बल्कि इनके सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आधार भी मजबूत हैं। प्राचीन समय से दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संपर्क की चर्चा मिलती है। कोरिया में अयोध्या की राजकुमारी सुरिरत्ना, जिन्हें वहां रानी ह्यो ह्वांग-ओक के रूप में जाना जाता है, का उल्लेख दोनों देशों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ता है। यह संबंध आज भी लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव का आधार है। इसी कारण दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पर्यटन और जनसंपर्क की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं।

राजनयिक स्तर पर भारत और दक्षिण कोरिया ने वर्ष 1973 में औपचारिक संबंध स्थापित किए थे। उसके बाद से दोनों देशों के रिश्तों में लगातार प्रगति हुई है। वर्ष 2010 में संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्ज़ा दिया गया और बाद में इसे विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल दिया गया। इससे स्पष्ट होता है कि दोनों देश एक-दूसरे को दीर्घकालिक सहयोगी के रूप में देखते हैं। उच्च स्तरीय यात्राएँ, विदेश मंत्री स्तर की बैठकें, व्यापारिक संवाद और रक्षा वार्ताएँ इन संबंधों को लगातार मजबूत कर रही हैं।

आर्थिक क्षेत्र में दक्षिण कोरिया भारत के लिए महत्त्वपूर्ण साझेदार है। दक्षिण कोरिया तकनीकी रूप से उन्नत, औद्योगिक रूप से मजबूत और निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था वाला देश है, जबकि भारत विशाल बाजार, युवा जनसंख्या और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। यही कारण है कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश की व्यापक संभावनाएँ मौजूद हैं। द्विपक्षीय व्यापार हाल के वर्षों में बढ़ा है और लगभग 27 अरब डॉलर तक पहुँच चुका है। हालांकि यह क्षमता की तुलना में अभी भी कम है। भारत का दक्षिण कोरिया के साथ व्यापार घाटा भी चिंता का विषय बना हुआ है। दक्षिण कोरिया की प्रमुख कंपनियाँ भारत में लंबे समय से निवेश कर रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मोबाइल निर्माण, स्टील, शिप बिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में कोरियाई कंपनियों की मजबूत उपस्थिति है। भारत में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण कोरिया का निवेश अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और ग्रीन एनर्जी जैसे अभियानों में कोरियाई तकनीक तथा पूंजी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

इन सबके बीच कुछ चुनौतियाँ भी हैं। वर्ष 2010 में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता यानी सीईपीए लागू किया गया था, जिसका उद्देश्य व्यापार को गति देना था लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं आए। गैर-टैरिफ बाधाएँ, गुणवत्ता मानकों से जुड़े नियम, जटिल नियामक प्रक्रियाएँ, लॉजिस्टिक समस्याएँ और बाजार पहुँच की कठिनाइयाँ व्यापार वृद्धि में रुकावट बनती रही हैं। भारत को अपने निर्यात में विविधता लानी होगी, जबकि दक्षिण कोरिया को भारतीय उत्पादों और सेवाओं के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने होंगे।

आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़े बदलाव हो रहे हैं। कंपनियाँ केवल चीन पर निर्भरता कम करना चाहती हैं और नए उत्पादन केंद्र खोज रही हैं। यह स्थिति भारत और दक्षिण कोरिया दोनों के लिए अवसर लेकर आई है। दक्षिण कोरियाई कंपनियाँ यदि भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन केंद्र स्थापित करती हैं तो उन्हें विशाल बाजार, सस्ती श्रमशक्ति और रणनीतिक स्थिति का लाभ मिलेगा। वहीं, भारत को तकनीक, रोजगार और निर्यात क्षमता में वृद्धि प्राप्त होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, बैटरी निर्माण, ऑटोमोबाइल, रक्षा



उत्पादन और जहाज निर्माण ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ सहयोग तेजी से बढ़ सकता है।

रणनीतिक दृष्टि से भी दोनों देशों का सहयोग अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्वतंत्र, खुला और समावेशी व्यवस्था का समर्थन करता है। दक्षिण कोरिया भी क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री सुरक्षा का समर्थक है। चीन की आक्रामक नीतियाँ, समुद्री मार्गों पर दबाव और क्षेत्रीय तनाव ने कई देशों को नए साझेदार खोजने पर मजबूर किया है। भारत और दक्षिण कोरिया इस संदर्भ में स्वाभाविक सहयोगी बन सकते हैं।

हालाँकि दक्षिण कोरिया की सुरक्षा प्राथमिकताएँ थोड़ी अलग हैं। उसका प्रमुख ध्यान उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे और अमेरिका के साथ सैन्य गठबंधन पर केंद्रित रहा है। दूसरी ओर भारत की चिंताएँ चीन, हिंद महासागर, सीमा सुरक्षा और क्षेत्रीय संतुलन से जुड़ी हैं। फिर भी दोनों देशों के हित कई क्षेत्रों में समान हैं। रक्षा उद्योग सहयोग, साइबर सुरक्षा, समुद्री निगरानी, आतंकवाद विरोधी प्रयास और नई सैन्य तकनीकों में संयुक्त कार्य किया जा सकता है।

रक्षा क्षेत्र में दक्षिण कोरिया ने विश्व स्तर पर मजबूत पहचान बनाई है। उसके पास आधुनिक रक्षा उत्पादन क्षमता है। भारत यदि संयुक्त उत्पादन, तकनीकी हस्तांतरण और अनुसंधान सहयोग पर जोर दे तो दोनों देशों को लाभ हो सकता है। भारत की आत्मनिर्भर रक्षा नीति और दक्षिण कोरिया की तकनीकी क्षमता मिलकर नई संभावनाएँ पैदा कर सकती हैं। तकनीक आज अंतरराष्ट्रीय संबंधों का सबसे महत्त्वपूर्ण आधार बन चुकी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, 5क्क 6क्क सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स, हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और डिजिटल नवाचार भविष्य की अर्थव्यवस्था तय करेंगे। दक्षिण कोरिया इन क्षेत्रों में अग्रणी देशों में शामिल है, जबकि भारत डिजिटल प्रतिभा, सॉफ्टवेयर क्षमता और स्टार्टअप इकोसिस्टम के कारण तेजी से आगे बढ़ रहा है। यदि दोनों देश डिजिटल ब्रिज बनाकर साथ काम करें तो एशिया में तकनीकी नेतृत्व का नया मॉडल सामने आ सकता है।

शिक्षा और मानव संसाधन सहयोग भी संबंधों को मजबूत कर सकता है। भारतीय छात्र दक्षिण कोरिया में उच्च शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, कोरियाई छात्र भारत की संस्कृति, इतिहास, योग, आयुर्वेद, सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन शिक्षा से लाभ उठा सकते हैं। विश्वविद्यालयों के बीच साझेदारी, छात्रवृत्तियाँ और संयुक्त शोध कार्यक्रम भविष्य में मजबूत आधार बन सकते हैं।

सांस्कृतिक स्तर पर दोनों देशों के बीच लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। भारत में कोरियाई संगीत, फिल्मों और टीवी कार्यक्रमों की लोकप्रियता बढ़ी है। वहीं, दक्षिण कोरिया में भारतीय योग, भोजन, नृत्य और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति रुचि देखी जा रही है। यह सांस्कृतिक जुड़ाव केवल मनोरंजन नहीं बल्कि लोगों के बीच विश्वास और समझ को बढ़ाने का माध्यम है। पर्यटन, सांस्कृतिक उत्सव, भाषा शिक्षा और मीडिया सहयोग से यह रिश्ता और गहरा हो सकता है।

भविष्य की दृष्टि से भारत और दक्षिण कोरिया को केवल औपचारिक बैठकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। व्यापार लक्ष्य स्पष्ट हों, निवेश प्रक्रियाएँ सरल हों, नई तकनीकों पर संयुक्त मिशन बनें, रक्षा उद्योग सहयोग बढ़े और युवाओं के बीच सीधा संपर्क मजबूत किया जाए। साल 2030 तक व्यापार को 50 अरब डॉलर से अधिक ले जाने का लक्ष्य व्यावहारिक रूप से संभव है, यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति और नीतिगत स्पष्टता दिखाई जाए।

भारत के लिए दक्षिण कोरिया केवल व्यापारिक साझेदार नहीं बल्कि तकनीकी और रणनीतिक सहयोगी है। वहीं, दक्षिण कोरिया के लिए भारत एक विशाल बाजार, विश्वसनीय लोकतांत्रिक मित्र और भविष्य की आर्थिक शक्ति है। बदलती विश्व व्यवस्था में ऐसे साझेदारों का महत्व और बढ़ जाता है। लिहाजा, भारत-दक्षिण कोरिया संबंध आज के दौर में नई संभावनाओं के मोड़ पर खड़े हैं। यदि दोनों देश व्यावहारिक सहयोग, पारस्परिक विश्वास और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ आगे बढ़ते हैं तो यह साझेदारी केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि एशिया और विश्व में स्थिरता, समृद्धि और संतुलन की नई मिसाल बन सकती है।

डॉ. प्रियंका सौरभ

# जानलेवा हो सकती है मलेरिया के इलाज में लापरवाही

विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल) पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी प्राणघातक हो जाने वाली बीमारी है, जो आमतौर पर एक निश्चित प्रकार के मच्छर को संक्रमित करने वाले परजीवी के कारण होती है और इन संक्रमित मच्छरों के काटने से मलेरिया होता है। अमेरिका से करीब 70 साल पहले ही मलेरिया को पूरी तरह खत्म घोषित कर दिया गया था लेकिन अभी भी प्रतिवर्ष दो हजार अमेरिकी इससे संक्रमित होते हैं। भारत में तो हर साल लाखों लोग मलेरिया से संक्रमित होते हैं।

चिंता की स्थिति यह है कि दुनियाभर में मलेरिया से हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में समा रहे हैं, जिनमें ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चे मलेरिया से असमान रूप से प्रभावित होते हैं, जो मलेरिया से होने वाली कुल मौतों का करीब 82 प्रतिशत है। 2021 में मलेरिया से दुनियाभर में 6.19 लाख लोगों की मौत हुई थी जबकि 2022 में 6.08 लाख लोग मलेरिया के कारण मारे गए और 2024 में मलेरिया से 6.1 लाख मौतें दर्ज की गई। हालांकि मलेरिया ऐसी बीमारी है, जिसकी रोकथाम करके बड़ी संख्या में होने वाली इन मौतों को रोका जा सकता है लेकिन यह दुनियाभर में रोकी जा सकने वाली बीमारी और मृत्यु का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इसीलिए मलेरिया को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 2008 से ही 25 अप्रैल को एक खास विषय के साथ 'विश्व मलेरिया दिवस' मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम है- 'मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्धः अब हम कर सकते हैं। अब हमें करना ही होगा।' इसका प्रमुख संदेश यही है कि मलेरिया मुक्त विश्व के लक्ष्य को प्राप्त करना है। भेदभाव और कलंक को खत्म करना, स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने में समुदायों को शामिल करना, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल को उस स्थान के करीब लाना, जहां लोग रहते हैं और काम करते हैं, मलेरिया के खतरे को बढ़ाने वाले कारकों को संबोधित करना, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में मलेरिया नियंत्रण हस्तक्षेप इत्यादि मलेरिया दिवस मनाने के प्रमुख उद्देश्य हैं।

दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि हर किसी को मलेरिया की रोकथाम, पता लगाने और इलाज के लिए गुणवत्तापूर्ण, समय पर और सस्ती सेवाओं का अधिकार तो है लेकिन यह सभी के लिए वास्तविकता नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनियाभर में मलेरिया के बीस करोड़ से भी ज्यादा नए मामले दर्ज किए जाते हैं, जिनमें से कई लाख लोगों की हर साल मौत हो जाती है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मलेरिया की रोकथाम के मामले में बीते कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति तो हुई है लेकिन मलेरिया के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और मलेरिया मुक्त विश्व के लक्ष्य को प्राप्त करना अभी भी गंभीर चुनौती है। चिंता का विषय यह भी है कि प्रभावित क्षेत्रों में यह बीमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों और अर्थव्यवस्थाओं पर बड़ा बोझ भी डालती है।

मलेरिया एनोफ़ेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होता है और जब यह मच्छर किसी को काटता है तो ये परजीवी मानव रक्त में प्रवेश करके लिवर तथा लाल रक्त कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगते हैं और व्यक्ति को बीमार बना देते हैं। इस रोग की गंभीरता परजीवी पर ही निर्भर करती है। मनुष्यों में सबसे आम मलेरिया परजीवी 'प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम' है, जो बीमारी के सबसे घातक रूप के लिए जिम्मेदार है। एनोफ़ेलीज मच्छर वाहक के रूप में कार्य करते हैं, जब वे एक संक्रमित व्यक्ति को काटते हैं और फिर दूसरे व्यक्ति को काटते हैं तो परजीवियों को प्रसारित करते हैं। जब परजीवी एक बार मानव शरीर के अंदर यकृत में चले जाते हैं तो ये लाल रक्त कोशिकाओं के अंदर गुणन करते हैं, जिससे कई प्रकार के लक्षण पैदा होते हैं। मनुष्यों को मलेरिया के चार मुख्य प्रकार (प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम, प्लाज्मोडियम विवैक्स, प्लाज्मोडियम ओवले और प्लाज्मोडियम मलेरिया) संक्रमित करते हैं। प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम सबसे खतरनाक प्रकार है जबकि मलेरिया के अन्य प्रकार आमतौर पर हल्की बीमारी का कारण बनते हैं।

## सेहत मंत्र

# गर्मियों में इस रामबाण घरेलू उपचार से करें लू का इलाज

गर्मी के मौसम में कड़कती धूप की वजह से शरीर का खास ख्याल रखना जरूरी है। इस मौसम में शरीर को कई तरह की बीमारियां लगने का खतरा रहता है। अक्सर काम के सिलसिले में लोग बाहर जाते हैं और तेज धूप और गर्म हवाएं उनके शरीर पर पड़ती हैं जिससे लू लगने का खतरा रहता है। गर्मी में शरीर से पानी और नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। लू लगने पर शरीर में गर्मी, खुश्की और थकावट महसूस होती है। लू लगने को हीट स्ट्रोक भी कहा जाता है। गर्मियों में लू से बचने के लिए घर से बाहर निकलने से पहले अपने हाथ और मुंह को कपड़े से जरूर कवर करें। इन सब के अलावा भी ऐसे कई घरेलू नुस्खे हैं जो आपको लू से बचाने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। 1.धनिया - सबसे पहले धनिए को पानी में थोड़ी देर के लिए भिगो दें। फिर थोड़ी देर बाद धनिए को पानी में से निकाल कर अच्छी तरह उसे मसल लें। अब पानी को छान कर उसमें थोड़ी-सी चीनी मिलाकर इसका सेवन करें। 2. कच्चा आम शर्बत- गर्मी में लू से बचने के लिए कच्चे आम का शर्बत बहुत फायदेमंद होता हैं। 3. इमली- इमली के बीज लू से बचाने में काफी मददगार साबित होते हैं। इमली को पानी में कुछ देर तक भिगोकर फिर उसे छान लें। फिर एक गिलास में थोड़ी सी यह घुली हुई इमली की मात्रा लें और चीनी ,पानी मिलाकर इसका सेवन करें। 4.प्याज - प्याज भी लू से बचाने में काफी कारगार है। रोज खाने में कच्ची प्याज को सलाद के रूप में जरूर शामिल करें। आप धूप में जाने से पहले अपनी जेब में प्याज भी रखकर जाएंगे तो आप कड़कती गर्मी से बच सकेंगे। 5. गूंद-कतीरा- गर्मियों में लू से बचने का रामबाण उपाय है रोज गूंद-कतीरे का सेवन करना। आप इसे रातभर पानी में भिगोकर रखें और फिर चीनी मिले दूध में मिलाकर खाएं। इसकी तासीर ठंडी होती है इसलिए यह बहुत ही फायदेमंद है।

## धर्म मंत्र

# एक लाईन का जाप कर सकता है आपकी कमजोरी का सर्वनाश

किसी भी अदृश्य शक्ति को वश में करने के लिए मंत्रों का उच्चारण या जाप महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विधानपूर्वक मंत्र जाप करना हर किसी के बस की बात नहीं होती। ऐसे उपासकों के लिए देवी-देवताओं से मनचाही इच्छा पूरी करवाने की अत्यधिक सरल और प्रभावकारी विधि है चालीसा का पाठ। इसमें भी दिव्य प्रभाव होता है। विद्वानों का कहना है की चालीसा का पाठ करना जितना सरल है, उतनी जल्दी वह अपना प्रभाव भी दिखाता है। %हनुमान चालीसा% के पाठ में ऐसी शक्ति है, संसार की कोई भी ताकत उसे पराजित नहीं कर सकती। जो भी भक्त नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करता है उसे रामदूत की कृपा प्राप्त होती है। उसके हर दोहे और चौपाई में इंद्रजाल बुना पड़ा है। जिस भी बुनती को खोलेंगे, जीवन की तमाम समस्याएं हल होती जाएंगी। हनुमान चालीसा की एक ऐसी चौपाई है जिसका नियमित जाप करने से शारिरिक कमजोरी दूर होती है, व्यक्ति ताकतवर और बलवान बनता है। महिला अथवा पुरूष कोई भी श्रद्धा भाव से इसका जाप कर सकता है। जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर। रामदूत अतुलित बलधामा।, अंजनिपुत्र पवनसुत नामा।। हनुमान जी श्रीराम के दूत हैं और अतुलित बल के धाम हैं अर्थात असीम बलशाली हैं। अंजनी माता के गर्भ से उत्पन्न होने पर अंजनी पुत्र कहलाते हैं। शास्त्रों के अनुसार हनुमान जी को पवन देव का पुत्र भी कहा गया है इसलिए इन्हें पवनसुत भी कहा जाता है। इस चौपाई का जाप करने से किसी भी तरह की शारीरिक दुर्बलता दूर होती है।

## पर्यटन



# एडवेंचर के शौकीनों के लिए बेस्ट है उत्तराखंड के ट्रैकिंग प्वाइंट

अगर आप ट्रैकिंग के शौकीन हैं, तो आप उत्तराखंड की ऐसी जगहों पर घूमने जा सकते हैं, जहां पर आप प्राकृतिक सुंदरता के साथ ट्रैकिंग का मजा भी ले सकते हैं। यहां के गढ़वाल और कुमाउं क्षेत्र की बर्फ से ढकी पहाड़ियां में अडवेंचर पसंद करने वालों के लिए भी ढेरों ऑप्शन्स मौजूद हैं। आप यहां जाकर ट्रेकिंग कर सकते हैं, कैंपिंग कर सकते हैं या फिर शांत वातावरण में अकेले बैठक सुकून के पल बिता सकते हैं। आज हम आपको बताने जा रहे हैं ट्रैकिंग डेस्टिनेशन। धूमधारकांडी ट्रेक- उत्तराखंड के गढ़वाल रीजन का सबसे मुश्किल और थका देने वाला ट्रेक है। धूमधारकांडी ट्रेक जो 5300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और स्वर्गरोहिणी और बंदरपुंछ को जोड़ता है। इस ट्रेक तक पहुंचने का रास्ता बेहद दुर्गम है और यह अपने अप्रत्याशित मौसम के लिए भी जाना जाता है। ट्रेक के रास्ते में आपको चारधाम के यमुनोत्री मंदिर से वापस लौट रहे कई तीर्थयात्री भी मिल जाएंगे। पनपटिया कोल- पनपटिया ग्लेशियर से होकर गुजरने वाली पन्पटिया कोल ट्रेक 4200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है जो गढ़वाल रीजन की सबसे ऊंची चोटी है। यह ट्रेक, हिंदू धर्म के 2 सबसे अहम केंद्र केदारनाथ और बद्रीनाथ के बीच पुल का काम करता है। इस ट्रेक का पूरा रास्ता पहाड़ों की प्राकृतिक खूबसूरती और फूलों से भरा पड़ा है। यहां से चौखंबा, नीलकंठ, पार्वती की चोटी और सुजल सरोवर (ग्लेशियर लेक) का बेहद खूबसूरत नजारा दिखता है। चंद्रशीला ट्रैक- चंद्रशीला ट्रैक की शुरूआत चोप्टा से शुरू करनी होती है। इस ट्रैक की सबसे अच्छी बात ये है कि आप यहां साल में किसी भी मौसम में आ सकते हैं। ये पूरे साल खुला रहता है। आप चंद्रशीला को हिमालय का सबसे हल्का ट्रैक भी कह सकते है. आप ये ट्रैक 3-6 दिनों में पूरा कर सकते हैं. इसकी ऊंचाई तुंगनाथ से लगभग 4000 मीटर है। दयारा बुग्याल-आपको अगर सबसे खूबसूरत घास के मैदान देखने हैं, तो आप यहां आ सकते हैं। ये ट्रैक 3048 ऊंचाई पर है स्थित है। यहां बंदरपूंछ और गंगोत्री का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है।

# बाराबंकी में बेटियों का परचम, यूपी बोर्ड परिणाम में चमकी प्रतिभा

## रामनगर की समृद्धि ने बढ़ाया कस्बे का मान, मयूरी ने भी मनवाया प्रतिभा का लोहा

अनिल कुमार शुक्ला





बाराबंकी यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही बेटियों ने एक बार फिर अपनी मेधा और मेहनत का परचम लहरा दिया। कस्बा रामनगर की होनहार बेटी समृद्धि शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप शुक्ला की पुत्री, ने हाईस्कूल परीक्षा में 94.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल बी.आर.जी. इंटर कॉलेज, सूरतगंज में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, बल्कि पूरे कस्बे का गौरव भी बढ़ाया।

समृद्धि की इस ऐतिहासिक सफलता से विद्यालय परिवार, परिजन और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। बेटी की इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने आवास पहुंचकर सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह सफलता उनकी लगन, अनुशासन और सतत परिश्रम का परिणाम है। वहीं लखनऊ की प्रतिभाशाली छात्रा मयूरी दीक्षित ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी मेधा का परिचय दिया और यह सिद्ध कर दिया कि बेटियां हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान रच रही हैं।

बेटियों की यह सफलता न केवल परिवार, बल्कि समाज और जनपद के लिए भी गर्व का विषय है।

आज इन प्रतिभावान बेटियों ने यह संदेश दिया है कि मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। बेटियां पढ़ेंगी, तभी समाज बढ़ेगा – बाराबंकी की बेटियों ने इसे फिर साबित कर दिया।

# पासिंग आउट परेड से पहले ग्रांड रिहर्सल, एसपी ने ली सलामी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पुलिस लाइन में 26 अप्रैल को होने वाली पासिंग आउट परेड से पहले ग्रांड रिहर्सल आयोजित की गई।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने फुल ड्रेस परेड की सलामी ली और तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे। 6. टेलीग्राम ठगी का शिकार महिला, साइबर सेल ने 20,904 रुपये लौटाए टेलीग्राम पर टास्क पूरा करने के नाम पर महिला से 33 हजार रुपये की ठगी की गई। पीड़िता की शिकायत पर साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई की। तकनीकी जांच के बाद 20,904 रुपये वापस खाते में ट्रांसफर कराए गए। पुलिस ने लोगों को ऐसे प्रलोभनों से सावधान रहने की सलाह दी है।

# जनगणना प्रशिक्षण पूरा, प्रगणकों को फील्ड और डिजिटल कार्य का अभ्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील के राजकीय इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसमें प्रगणकों को मकान सूचीकरण, एचएलबी सत्यापन और नक्शा तैयार करने की जानकारी दी गई। अंतिम दिन मोबाइल ऐप के जरिए डेटा फीडिंग और त्रुटि जांच का अभ्यास कराया गया। अधिकारियों ने प्रतिभागियों को जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए।

## तहसील तिलोई में दो अधिवक्ताओं में हुई मारपीट पर मुक़दमा दर्ज

तिलोई अमेठी,थाना मोहनगंज क्षेत्र में स्थित तहसील तिलोई प्रांगण में शुक्रवार को दो अधिवक्ताओं में हुई जमकर मारपीट के बाद अखाड़ा में तब्दील हो गई और घटना के बाद तहसील में अफरा तफरी मची रही। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल अधिवक्ता को स्वशासी मेडिकल कालेज भेजवाया जहां इलाज जारी है और दोनों पक्षों की तहरीर पर अभियोग दर्जकर लिया है। बताते चलें कि शुक्रवार को तिलोई तहसील में नायब तहसीलदार की कोर्ट चल रही थी वादकारियों और अधिवक्ताओं का जमघट लगा था।इसी दौरान कोर्ट रुम के सामने अधिवक्ता विवेक पाण्डेय और अश्वनी श्रीवास्तव के बीच किसी बात को लेकर जुबानी जंग शुरू हो गई।कोर्ट रुम के सामने गाली गलौज सुनकर अधिवक्ता बाहर आ गये और विवाद को बीच बराव कर शांत कराया। तहसील प्रांगण में भाई से मारपीट की सूचना अधिवक्ता अनिल पाण्डेय को मिली तो तहसील गेट के सामने एक होटल पर बैठे अधिवक्ता अश्वनी श्रीवास्तव निवासी पूरे कैथन टेढ़ई के बीच पहले गाली गलौज फिर जमकर मारपीट हुई।मारपीट में अधिवक्ता अश्वनी श्रीवास्तव को चोटें आईं हैं ।

# 14 माह के बच्चे में एईएस के लक्षण डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के चौखंडी गांव में 14 माह के एक बच्चे में एक्यूट इंसेफ़ेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के संदिग्ध लक्षण पाए जाने से स्वास्थ्य विभाग में सतर्कता बढ़ गई है। शुक्रवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने बच्चे के माता-पिता को तत्काल लखनऊ के उच्च स्तरीय अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी।

डॉ. सिद्दीकी ने बताया कि एईएस जैसी गंभीर बीमारी में हर मिनट बेहद महत्वपूर्ण होता है और देरी जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि लखनऊ के बड़े अस्पतालों में वेंटिलेटर, पीडियाट्रिक आईसीयू और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता से बच्चे को बेहतर उपचार मिल सकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि तेज बुखार, बेहोशी और झटके इसके प्रमुख लक्षण हैं। समय पर इलाज न मिलने पर यह बीमारी दिमाग को स्थायी नुकसान पहुंचा सकती है। 108 एम्बुलेंस सेवा के जरिए मरीज को तुरंत रेफर करने की व्यवस्था है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव जाकर बुखार के मरीजों की निगरानी कर रही है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार एक्यूट इंसेफ़ेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) एक गंभीर बीमारी है, जिसमें तेज बुखार, बेहोशी और झटके जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इलाज में देरी होने पर मरीज को लकवा, बोलने या सुनने में परेशानी जैसी स्थायी दिक्कतें हो सकती हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतते हुए आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम की टीमों को घर-घर सर्वे के लिए लगाया है। लोगों से अपील की जा रही है कि बुखार या असामान्य लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें और इलाज में देरी न करें।

# मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने 'एबी मेडिकल्स होलसेल' का किया भव्य उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। देवा रोड, नवाबगंज स्थित 'एबी मेडिकल्स होलसेल' प्रतिष्ठान का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। नव स्थापित 'एबी मेडिकल्स होलसेल' प्रतिष्ठान का संचालन पंकज गुप्ता 'पंकी' के नेतृत्व में निकिता गुप्ता, गौरव गुप्ता और यश गुप्ता द्वारा किया जाएगा। यह प्रतिष्ठान दवाओं के साथ-साथ सर्जिकल उपकरणों की होलसेल आपूर्ति किफायती दरों पर उपलब्ध कराएगा, जिससे क्षेत्र के चिकित्सकों, मेडिकल स्टोर्स और आमजन को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, ज़ैदपुर विधायक गौरव रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष रामसिंह वर्मा 'भुल्लन' और सीतापुर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला समेत कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रतिष्ठान की सफलता की कामना करते हुए संचालक मंडल को शुभकामनाएं दीं। अंत में पंकज गुप्ता 'पंकी' ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा जताया कि 'एबी मेडिकल्स होलसेल' क्षेत्र में सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# सीडीओ ने कस्तूरबा विद्यालय में शिक्षा और खानपान की गुणवत्ता को परखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने विकास खण्ड गौरीगंज स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का सायंकालीन औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह और विद्यालय की वार्डन अंजू सिंह उपस्थित रहीं। वार्डन द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय में कुल 94 छात्राओं का नामांकन है, जिसके सापेक्ष निरीक्षण के समय 64 छात्राएं उपस्थित पाई गईं। अवशेष छात्राएं पारिवारिक कार्यक्रमों व अन्य अवकाश के कारण अनुपस्थित थीं। विद्यालय में वार्डन सहित कुल आठ अध्यापिकाएं कार्यरत हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय के विभिन्न अनुभागों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। सीडीओ ने हॉस्टल कक्षों और भोजनालय की स्वच्छता को परखा। जहां भोजन सामग्री का भंडारण किया जाता है, वहां खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और रखरखाव की जांच की गई।विद्यालय प्रांगण की स्वच्छता संतोषजनक पाई गई, जिसे भविष्य में भी इसी प्रकार बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। सीडीओ ने कंप्यूटर लैब में ऑनलाइन कक्षाएं ले रही छात्राओं रचना, विभा और प्रिया से बात की। छात्राओं ने बताया कि उन्हें नाश्ते में चना-चाय तथा भोजन में दाल-चावल, रोटी और कद्दू की सब्जी मिली थी। छात्राओं ने भोजन की गुणवत्ता और शिक्षकों द्वारा दी जा रही शिक्षा को उत्कृष्ट बताया। संगीत कक्ष में ऑनलाइन म्यूजिक सीख रही छात्राओं ने भी खान-पान की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया और बताया कि उन्हें पर्याप्त व पौष्टिक भोजन प्राप्त हो रहा है।मुख्य विकास अधिकारी ने वार्डन और संबंधित स्टाफ को निर्देशित करते हुये कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।छात्राओं की मानसिक और तार्किक क्षमता के परीक्षण हेतु समय-समय पर गतिविधियां आयोजित की जाएं ताकि उन्हें बेहतर 'स्मार्ट स्टडी' प्रदान की जा सके।

## मायके आई नवविवाहिता ने फांसी लगाई, पोस्टमार्टम से खुलेगा राज



मसौली बाराबंकी। थाना क्षेत्र के नौबस्ता गांव में 25 वर्षीय नवविवाहिता का शव घर में फंदे से लटका मिला। मृतका 17 अप्रैल को मायके आई थी। शुक्रवार दोपहर भाई ने उसे लटका देखा और अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है, जांच जारी है।

## पुलिस ने दरवाजे पर बंधी भैंस चोरी करने वाले दो युवकों को भेजा जेल

तिलोई अमेठी,थाना मोहनगंज पुलिस ने गांव चिलूली में दरवाजे पर बंधी भैंस चोरी के अभियोग में वांछित दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से चोरी की भैस की बिक्री से प्राप्त पैंतालिस हजार रुपया बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गये दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र की गांव चिलूली निवासी स्वामी दयाल पुत्र नकछेद के दरवाजे पर भैंस बंधी हुई थी जो कि बीती बीस अप्रैल को चोरी हो गई थी। पशु पालक द्वारा स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी गई तो पुलिस ने अभियोग दर्जकर तलाश में जुट गई।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे ।

अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह ने मुखबिर की सूचना पर भैंस चोरी के मामले में वांछित रामजी पुत्र चन्द्रकेश,प्रमोद पुत्र राम किरसन निवासीगण ग्राम रामनगर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में रामजी के कब्जे से बीस हजार रुपये एवं प्रमोद के कब्जे से पच्चीस हजार रुपये बरामद हुये।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है।

## एईएस को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, गांव-गांव हो रही निगरानी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील के चौखंडी गांव में एक 14 माह के बच्चे में दिमागी बुखार के लक्षण मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने परिजनों को बच्चे को तुरंत लखनऊ के उच्च स्तरीय अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी है।

## लखनऊ गोंडा पैसेंजर चलाने की फिर उठी मांग

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ गोंडा पैसेंजर ट्रेन को दोबारा चलाने की मंजूरी और समय सारिणी जारी होने के बावजूद अब तक इसका संचालन शुरू नहीं हुआ है जिससे क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है।कोरोना काल से बंद इस ट्रेन को चालू कराने की लंबे समय से मांग हो रही थी।रेलवे बोर्ड ने 2 मार्च को ट्रेन संख्या 55061/55062 को नकहा जंगल से डालीगंज लखनऊ तक चलाने की स्वीकृति दी थी लेकिन संचालन तिथि घोषित नहीं हुई।इस ट्रेन से बहराइच बलरामपुर गोंडा और बाराबंकी के गरीब यात्रियों को सस्ती यात्रा की सुविधा मिलती।वर्तमान में संजय सेतु की मरम्मत और बसों के बंद होने के कारण इसकी आवश्यकता और बढ़ गई है।ट्रेन शुरू न होने से लोगों में रोष है और इसका असर आगामी चुनावों पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

## गोदाम में लगी भीषण आग, शॉर्ट सर्किट से किराना गोदाम में भीषण आग, चार दमकल से पाया गया काबू

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अहमदपुर चौराहे पर स्थित किराना गोदाम में शुक्रवार भोर करीब 4 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। गोदाम से धुआं उठता देख परिवार को जानकारी हुई, लेकिन तब तक आग फैल चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और घर में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना में गोदाम में रखा सामान जलकर राख हो गया। परिजनों के अनुसार करीब 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## दीवार विवाद में देवर का हमला, भाई-भाभी पर बांके से वार

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मसौली थाना क्षेत्र के ठकुरिहा गांव में दीवार गिराने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि सुधांशु नामक युवक ने पहले भाभी से मारपीट की और बाद में रात करीब 9 बजे बांके से हमला कर दिया। भाभी पूनम को बचाने आए बड़े भाई अजय चौहान पर भी वार किया गया, जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 19 वर्षीय युवती रहस्यमय ढंग से लापता, गांव के युवक पर आरोप

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के शहादतगंज कस्बे की 19 वर्षीय युवती 18 अप्रैल की रात घर से अचानक लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी सुराग नहीं मिला। परिजनों ने गांव के युवक मो. जैद समेत कई लोगों पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## छात्राओं का शानदार प्रदर्शन, शबाना बनी हाईस्कूल टॉपर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया।हाईस्कूल में शबाना ने 89% अंक पाकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि इंटर में अनम बानो और छाया शर्मा संयुक्त रूप से प्रथम रहीं। विद्यालय में छात्राओं का सम्मान किया गया।

## 12 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान संगठन सख्त, आंदोलन की चेतावनी

सिरौली अ ।गौसपुर में किसान संगठन की बैठक में लंबित मांगों पर नाराजगी जताई गई। जिलाध्यक्ष संतोष तिवारी ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर धरना और भूख हड़ताल की जाएगी। प्रमुख मांगों में सिंचाई, हैंडपंप और हाईमास्ट लाइट शामिल हैं।

## आग में घिर गए मासूम, मां ने जान जोखिम में डालकर बचाया, खुद झुलसी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। निंदूरा क्षेत्र के जानीनगर गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा होते-होते टल गया, जब एक ग्रामीण के छप्पर में अचानक आग लग गई। उस समय छप्पर के नीचे तीन मासूम बच्चे खेल रहे थे। आग की लपटें उठते ही बच्चों की चीख-पुकार सुनकर पास में बैठी उनकी मां नीशू तुरंत मौके पर पहुंची। मां ने बिना अपनी जान की परवाह किए जलते छप्पर के बीच से तीनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन इस दौरान वह गंभीर रूप से झुलस गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में घर का सामान, चारपाई, बर्तन, कपड़े, पुआल और भूसा जलकर राख हो गया। वहीं बरामदे में बंधे पशुओं को भी ग्रामीणों ने रस्सी काटकर सुरक्षित बाहर निकाला। घायल महिला को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव, पहचान में जुटी पुलिस

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के बड्डूपुर थाना अंतर्गत शैली कीरतपुर रेलवे ट्रैक पर गुरुवार रात एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार करीब 26 वर्षीय युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में ट्रैक पर पड़ा मिला। शरीर के कई अंग ट्रेन की चपेट में आने से अलग हो गए थे, जिससे घटना को लेकर दुर्घटना या अन्य कारणों की आशंका जताई जा रही है। मृतक ने नीली जींस और चेकदार शर्ट पहन रखी थी तथा हाथ में कलावा और पैरों में चप्पल थी। आसपास के लोगों की भीड़ को हटाकर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी मनोज सोनकर ने बताया कि युवक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए आसपास के थानों को सूचना भेजी गई है और गुमशुदगी के मामलों से मिलान किया जा रहा है। पहचान के बाद ही घटना के कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

## वृद्धावस्था पेंशन में आधार कार्ड से जन्मतिथि मान्य नही

अमेठी,जनपद में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण बदलाव किये गये हैं।जिला समाज कल्याण अधिकारी शेर बहादुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा जारी नवीनतम शासनादेश के अनुसार अब आधार कार्ड को जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नये निर्देशों के तहत आवेदक की आयु का निर्धारण अब आधार कार्ड में अंकित आयु के स्थान पर परिवार कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति अथवा शैक्षिक योग्यता से संबंधित ऐसे प्रमाण पत्र के आधार पर किया जायेगा जिसमें जन्मतिथि स्पष्ट रूप से अंकित हो। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद के समस्त पात्र नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि जो व्यक्ति साठ वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वे राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत आवेदन करते समय इन नये दिशा निर्देशों का पालन अवश्य करें।

# पंजाब किंग्स के अर्शदीप सिंह ने बच्चों से की मुलाकात, 'द रियल किंग्स' में दिखा खास अंदाज

एजेंसी

न्यू चंडीगढ़। पंजाब किंग्स के स्टार तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने हाल ही में युवा प्रशंसकों के एक समूह से मुलाकात कर उनके साथ खुलकर बातचीत की। यह विशेष सत्र फ्रेंचाइज़ी की नई सोशल मीडिया सीरीज 'द रियल किंग्स' का हिस्सा था। नामम्योहो दान फाउंडेशन और फूलवर्षा फाउंडेशन के सहयोग से लाये गए एक स्थानीय गैर-सरकारी संगठन से जुड़े बच्चों ने अर्शदीप से बेझिझक सवाल पूछे। इस अनौपचारिक और भावनात्मक माहौल में अर्शदीप ने हर सवाल का जवाब अपने खास अंदाज़ में दिया। मैदान के बाहर अपने सहज और मिलनसार व्यवहार के लिए जाने जाने वाले अर्शदीप सिंह ने बच्चों के साथ बातचीत में अपनी वही छवि दिखाई। वीडियो में वह ईमानदार, मज़ाकिया और सहज अंदाज़ में नजर आए, जहां उन्होंने बच्चों के अनोखे सवालों का दिलचस्प जवाब दिया। अर्शदीप सोशल मीडिया पर भी अपने प्रशंसकों से जुड़े रहते हैं और मजेदार वीडियो के जरिए संवाद बनाए रखते हैं। इस पहल के जरिए उन्होंने यह दिखाया कि वह मैदान के बाहर भी युवा प्रशंसकों से जुड़ाव को कितना महत्व देते हैं।



साल 2020 में स्थापित नामम्योहो दान फाउंडेशन ने 'हस्ती मस्ती खेल' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देशभर के हजारों बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। यह पहल खेल गतिविधियों और सामुदायिक सहभागिता के जरिए बच्चों में आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने पर केंद्रित है। इसके अलावा, यह संस्था स्कूल फीस सहायता और शैक्षणिक सामग्री भी उपलब्ध कराती है।

'द रियल किंग्स' सीरीज़ के तहत आने वाले हफ्तों में पंजाब किंग्स के अन्य खिलाड़ी भी ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेते नजर आएंगे, जिससे टीम और समुदाय के बीच मजबूत जुड़ाव बनाया जा सके। गौरतलब है कि पंजाब किंग्स अब 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

# थॉमस कप में लक्ष्य सेन की हार के बावजूद भारत ने कनाडा पर बनाई बढ़त

एजेंसी

नई दिल्ली । थॉमस कप में भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए कनाडा के खिलाफ पहले मुकाबले में 3-1 की बढ़त बना ली है। डेनमार्क के फोरम हॉर्सेन्स में खेले जा रहे इस मुकाबले में किदांबी श्रीकांत का मैच अभी बाकी है।

भारत के लिए आयुष शेट्टी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी, तथा हरिहरन अम्साकरुनन और एम.आर. अर्जुन की जोड़ी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

आयुष शेट्टी ने ब्रायन यांग को सीधे गेम में 21-13, 21-17 से हराया। वहीं, सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जोनाथन लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर भारत की बढ़त को और मजबूत किया। इसके बाद हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी ने टाई अलेक्जेंडर लिंडेमैन और नायल याकुरा को 21-7, 21-7 से शिकस्त दी। हालांकि, भारत को पहला झटका लक्ष्य सेन के रूप में लगा, जिन्हें शुरुआती मुकाबले में विक्टर लाई के खिलाफ 21-18, 19-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद भारत ने मुकाबले में 3-1 की बढ़त बनाकर जीत की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं, जबकि किदांबी श्रीकांत का मुकाबला अभी खेला जाना बाकी है।



# पीटर सिडल का बीबीएल में वापसी का रास्ता साफ, अनधिकृत लीग में खेलने से लगा बैन

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पीटर सिडल के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) में वापसी का रास्ता अब साफ हो गया है। अनधिकृत 'वर्ल्ड लीजेंड्स प्रो टी-20 लीग' में खेलने के कारण उन पर लगाया गया छह महीने का प्रतिबंध उन्हें इस साल काउंटी क्रिकेट से दूर रखेगा, लेकिन वे अगले सीजन में मेलबर्न स्टार्स के लिए उपलब्ध रहेंगे।

जनवरी-फरवरी में गोवा में आयोजित वर्ल्ड लीजेंड्स प्रो टी-20 लीग में 41 वर्षीय सिडल ने हिस्सा लिया था। यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से मान्यता प्राप्त नहीं था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों के अनुसार किसी भी गैर-मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट में खेलने वाले खिलाड़ी को कम से कम छह महीने तक 'मान्यता प्राप्त क्रिकेट' से दूर रहना होता है। इसी नियम के तहत इंग्लैंड एंड वेल्स



क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सिडल पर छह महीने का प्रतिबंध लागू किया, जिसके चलते वे इस साल नॉटिंघमशायर के लिए टी-20 ब्लास्ट में नहीं खेल पाएंगे। सिडल को इस सीजन काउंटी टी-20 ब्लास्ट में नॉटिंघमशायर के लिए खेलना था, लेकिन अब उनका यह कार्यकाल रद्द कर दिया गया है। नॉटिंघमशायर के क्रिकेट निदेशक मिक न्यूवेल ने निराशा जताते हुए कहा कि टीम सिडल जैसे अनुभवी खिलाड़ी की सेवाएं लेने को लेकर उत्साहित थी, लेकिन प्रतिबंध के कारण यह संभव नहीं हो सका। हालांकि, राहत की बात यह है कि सिडल का यह प्रतिबंध 2 फरवरी को खेले गए उनके आखिरी मैच से छह महीने बाद समाप्त हो जाएगा। ऐसे में दिसंबर में शुरू होने वाली बिग बैश लीग तक वे पूरी तरह से उपलब्ध रहेंगे।

सिडल ने 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और पिछले साल फर्स्ट क्लास क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया। इसके बावजूद टी-20 क्रिकेट में उनका प्रदर्शन लगातार प्रभावशाली रहा है। उन्होंने हाल ही में मेलबर्न स्टार्स के साथ एक साल का नया अनुबंध भी किया है।

पिछले दो सीजन में सिडल मेलबर्न स्टार्स के लिए शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने 28 विकेट लिए हैं और उनकी गेंदबाजी औसत करीब 20 रही है। इसके अलावा, मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) में भी वे बेहतरीन फॉर्म में हैं और 9 मैचों में 12 विकेट लेकर शीर्ष गेंदबाजों में शामिल हैं।

# भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए विशेष गोलकीपिंग कैंप, डेविड विलियमसन दे रहे प्रशिक्षण

एजेंसी

बेंगलुरु । भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए विशेष गोलकीपिंग कैंप का आयोजन 22 अप्रैल से दो मई तक भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) बेंगलुरु में किया जा रहा है। इस कैंप का संचालन अनुभवी कोच डेविड विलियमसन कर रहे हैं, जबकि टीम के मुख्य कोच सर्जोर्ड मारिज्ने इसकी निगरानी कर रहे हैं। इस विशेष कैंप में सविता, बंसारी सोलंकी, बिचू देवी खारीबाम और माधुरी किंडो जैसे प्रमुख गोलकीपर शामिल हैं। कैंप का उद्देश्य आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले भारतीय टीम की गोलकीपिंग यूनिट को और मजबूत बनाना है। इस कैंप को आनंदना ऽ द कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है, जो भारत



में महिला हॉकी के विकास में लगातार योगदान दे रहा है। इससे पहले भी इस संस्था ने 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 को सहयोग दिया था। डेविड विलियमसन उत्तरी आयरलैंड के अनुभवी हॉकी कोच हैं और वे लंबे समय तक अमेरिका की महिला राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं।

इसके अलावा उन्होंने 2025 में महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में ओडिशा वॉरियर्स के सहायक कोच के रूप में भी कार्य किया है, जिससे उन्हें गोलकीपिंग विकास में व्यापक अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त है। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच सर्जोर्ड मारिज्ने ने कहा, ल्लहाल ही में अर्जेंटीना दौरे के दौरान हमारे गोलकीपर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जून से महत्वपूर्ण टूर्नामेंट शुरू होने वाले हैं, ऐसे में यह विशेष प्रशिक्षण कैंप हमारे लिए काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा, हमने जूनियर टीम के गोलकीपर्स को भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण का मौका दिया है। यह अनुभव उनके विकास के लिए बेहद अहम होगा और उन्हें भविष्य में सीनियर स्तर पर खेलने के लिए तैयार करेगा। टीम की अनुभवी गोलकीपर सविता ने कहा, ल्लमहिला हॉकी को मिल रहा यह समर्थन खिलाड़ियों के लिए काफी प्रेरणादायक है। खासकर युवा खिलाड़ियों के लिए यह एक बड़ा अवसर है।

# दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग का लक्ष्य खिलाड़ियों को आर्थिक स्थिरता और पहचान दिलाना: जसोदा गुलिया

एजेंसी

नई दिल्ली । खिलाड़ियों को केंद्र में रखकर तैयार की गई दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीवीपीएल) का उद्देश्य वॉलीबॉल खिलाड़ियों को सिर्फ जुनून के लिए खेलने तक सीमित न रखते हुए उन्हें पेशेवर विकास, आर्थिक स्थिरता और दीर्घकालिक पहचान दिलाना है। इस साल जनवरी में घोषित की गई दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग को दिल्ली वॉलीबॉल एसोसिएशन और दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त है। यह लीग एक संरचित, पेशेवर और स्थायी प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार की जा रही है, जो राजधानी में वॉलीबॉल प्रतिभाओं को नया अवसर देगी। पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी नीति रावत और जसोदा गुलिया इस लीग की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यह भारत की पहली महिला-नेतृत्व वाली प्रोफ़ेशनल वॉलीबॉल लीग होगी, जिसे खिलाड़ियों द्वारा खिलाड़ियों के लिए बनाया जा रहा है।




नीति रावत, जिन्हें खेल प्रसारण और मीडिया में व्यापक अनुभव है, लीग की पहुंच बढ़ाने और दर्शकों से जुड़ाव मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगी। वहीं, जसोदा गुलिया का वित्त और रणनीतिक योजना में अनुभव इस लीग को एक मजबूत और टिकाऊ खेल व्यवसाय के रूप में विकसित करने में मदद करेगा, जिससे निवेश, प्रायोजन और फ्रेंचाइज़ी भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। नीति रावत ने कहा, ल्लडीवीपीएल भारत में वॉलीबॉल को देखने और अनुभव करने के तरीके को बदलने का एक आंदोलन है। एक खिलाड़ी के रूप में हमने इस खेल की यात्रा को करीब से जिया है और इसकी अपार संभावनाओं को समझते हैं। हम जानते हैं कि यह आज कहां खड़ा है और इसे कहां होना चाहिए, और हम इस अंतर को भरने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जसोदा गुलिया ने कहा, ल्लयह लीग ऐसे भविष्य के निर्माण के लिए है, जहां खिलाड़ी सिर्फ जुनून के लिए नहीं, बल्कि पेशेवर विकास, आर्थिक स्थिरता और पहचान के साथ खेल सकें।

# स्पोर्टस सिटी धर्मशाला में 27 अप्रैल से होगा फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज़

एजेंसी

धर्मशाला। स्पोर्टस सिटी धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में 27 अप्रैल से देश भर के फुटबाल खिलाड़ी जुटेंगे। वीर शहीदों की स्मृति और खेल भावना को समर्पित अखिल भारतीय शहीद मेजर दुर्गा मल्ल एवं कैप्टन दल बहादुर थापा मेमोरियल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का 38वां संस्करण 27 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 1989 से निरंतर आयोजित होने वाला यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट न केवल देश भर की श्रेष्ठ टीमों को एक मंच प्रदान करता है, बल्कि यह आयोजन हमारी आजादी के वीर नायकों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। प्रतियोगिता का शुभारंभ धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी करेंगे। वहीं, 3 मई को समापन समारोह के दौरान सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज और स्थानीय विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर विजेताओं को सम्मानित करेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष पालम जंग प्रधान ने बताया कि आजादी के अमृत काल में इस आयोजन का महत्व और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट युवाओं को देशभक्ति और अनुशासन से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इस कड़ी में एक मई को धर्मशाला महाविद्यालय के सभागार में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय कला को बढ़ावा देते हुए नेपाली-गोरखाली नृत्य और कांगड़ा का प्रसिद्ध झमाकड़ा प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही, वीर शहीदों के जीवन और बलिदान पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई जाएगी। टूर्नामेंट में इस बार देश की 14 प्रमुख टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें आरबीआई मुंबई, कस्टम दिल्ली, सीआईएसएफ, राजस्थान पुलिस, 16 गढ़वाल राइफल्स, 2 गढ़वाल राइफल्स, 3/5 गोरखा राइफल्स, 5/5 गोरखा राइफल्स, खालसा क्लब अमृतसर, डू-लाइक स्पोर्टस क्लब जालंधर, जेसीटी फगवाड़ा, आरसीएफ कपूरथला और एचपीएफए शामिल हैं। मेजबान टीम के रूप में धर्मशाला की स्थानीय टीम भागसू इलेवन भी मैदान में उतरेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल 2026: ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे स्थान पर पहुंचे संजू सैमसन, पर्पल कैप फिर अंशुल कंबोज के पास

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को 103 रन से हराकर बड़ी जीत दर्ज की, जिसके बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में भी अहम बदलाव देखने को मिले। ऑरेंज कैप की रेस में संजू सैमसन तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। सैमसन ने अब तक टूर्नामेंट में दो शतक लगाए हैं और उनके कुल रन 293 हो गए हैं। हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के अभिषेक शर्मा (323 रन) और हेनरिक क्लासेन (320 रन) अभी भी पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। ऑरेंज कैप की सूची में शुभमन गिल 265 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि विराट कोहली 247 रन के साथ छठे और रजत पाटीदार 230 रन के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं। आगामी मुकाबलों में इन खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव संभव है। वहीं, पर्पल कैप की रेस में चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज ने फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने मुंबई के खिलाफ मैच में 3 ओवर में 10 रन देकर 1 विकेट लिया और कुल 14 विकेट के साथ पहले स्थान पर पहुंच गए।

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के प्रिंस यादव 13 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि एसआरएच के ईशान मलिंगा और गुजरात टाइटंस (जीटी) के प्रसिद्ध कृष्णा 12-12 विकेट के साथ क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर बने हुए हैं। आने वाले मुकाबलों में पर्पल कैप की दौड़ और भी रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां गेंदबाजों के प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष स्थान में बदलाव देखने को मिल सकता है।

### मैड्रिड ओपन में राफ़ेल नडाल की खास वापसी, बर्नाबेउ स्टेडियम में खेला फ्रेंडली मुकाबला

मैड्रिड । स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफ़ेल नडाल एक बार फिर टेनिस कोर्ट पर नजर आए, जब उन्होंने मैड्रिड ओपन के दौरान सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में बने अस्थायी कोर्ट पर हिस्सा लिया। मैड्रिड ओपन के आयोजकों ने बर्नाबेउ स्टेडियम के मैदान पर अस्थायी टेनिस कोर्ट तैयार किया है, जहां खिलाड़ी 30 अप्रैल तक अभ्यास कर सकेंगे। हाल ही में संन्यास ले चुके नडाल, जो रियल मैड्रिड के बड़े प्रशंसक हैं, इस टूर्नामेंट के सबसे सफल खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने इसे पांच बार जीता है। इस खास मौके पर नडाल ने रियल मैड्रिड के गोलकीपर थिबो कूर्तुआ के साथ मिलकर एक फ्रेंडली सत्र में हिस्सा लिया, जिसमें उनके सामने विश्व नंबर एक यानिक सिनर और रियल मैड्रिड के मिडफील्डर जूड बेलिंघम की जोड़ी थी। बेलिंघम इससे पहले बुधवार को मैड्रिड ओपन में मौजूद थे, जहां उन्होंने युवा स्पेनिश खिलाड़ी राफ़ेल जोदार का मुकाबला देखा, जिन्होंने टूर्नामेंट में अपना डेब्यू किया। हालांकि मुख्य मुकाबले स्पेन की राजधानी स्थित काजा मागिका में खेले जा रहे हैं। नडाल ने इस अनुभव को खास बताते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, ल्लबर्नाबेउ के इस अनोखे कोर्ट पर खेलना बेहद खास रहा। इस आयोजन में महिला टेनिस की स्टार खिलाड़ी इगा स्वियाटेक भी शामिल रहीं, जो इस समय विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं।

### आईपीएल में मुंबई इंडियंस की सबसे बड़ी हार, चेन्नई ने 103 रनों की जीत दर्ज कर रचा इतिहास

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस को 103 रनों के बड़े अंतर से हराकर इतिहास रच दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मिली यह जीत चेन्नई की आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ी जीत है, वहीं मुंबई की यह सबसे बड़ी हार साबित हुई।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन बनाए। टीम की जीत के नायक संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 54 गेंदों में नाबाद 101 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी पारी में 10 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा ऋतुराज गायकवाड़ (22), डेवाल्ड ब्रेविस (21) और जेमी ओवर्टन (15) ने भी योगदान दिया। 208 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने महज 11 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। सूर्यकुमार यादव (36) और तिलक वर्मा (37) ने 73 रनों की साझेदारी कर कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन इसके बाद विकेटों का पतन जारी रहा। हार्दिक पांड्या सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए और पूरी टीम 104 रनपर सिमट गई।

# लगातार तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

एजेंसी

नई दिल्ली। कमजोर ग्लोबल संकेतों और कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार तीसरे दिन शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक सुधर कर हरे निशान में पहुंच गए। इसके कुछ देर बाद ही बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इन दोनों सूचकांकों ने सारी बढ़त गंवा कर दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.90 प्रतिशत और निफ्टी 0.80 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के




दिग्गज शेयरों में से कोल इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज ऑटो, नेस्ले और ग्रासिम इंडस्ट्रीज के शेयर 1.68 प्रतिशत से लेकर 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एचसीएल टेक्नोलॉजी, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, सन फार्मास्युटिकल्स और टीसीएस के शेयर 4.14 प्रतिशत से लेकर 2.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,762 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 725 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 2,037 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से पांच शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 25 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान में और 38 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 180.20 अंक की कमजोरी के साथ 77,483.80 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक उछल कर हरे निशान में 77,710.82 अंक के स्तर तक आ गया। हालांकि सेंसेक्स की यह मजबूती अधिक देर तक टिक नहीं सकी। थोड़ी देर में ही बाजार में जोरदार बिकवाली शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई।

लगातार हो रही बिकवाली के कारण यह सूचकांक सुबह 10 बजे के करीब लाल निशान में 76,829.10 अंक के स्तर तक गिर गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 702.30 अंक की गिरावट के साथ 76,961.70 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 72.50 अंक लुढ़क कर 24,100.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 105 अंक उछल कर हरे निशान में 24,206 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिससे निफ्टी अपनी सारी बढ़त खोकर दोबारा लाल निशान में गिर गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण इस सूचकांक ने थोड़ी देर बाद ही 24,000 अंक के स्तर को भी ब्रेक कर दिया।

# अगले महीने अंग, बंग और कलिंग में होंगी भाजपा की सरकारें : अमित शाह

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कोलकाता में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बड़ा राजनीतिक दावा करते हुए कहा कि अगले महीने अंग (बिहार), बंग (बंगाल) और कलिंग (ओडिशा) तीनों क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकारें होंगी। उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत में भाजपा का विस्तार तेजी से हो रहा है और पश्चिम बंगाल में जनता इस बार परिवर्तन का मन बना चुकी है।

अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में जनता ने भारी उत्साह के साथ मतदान किया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 152 सीटों पर मतदान हुआ और भाजपा इनमें से 110 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। शाह ने कहा कि मतदान प्रतिशत ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और यह साफ संकेत है कि राज्य की जनता बदलाव चाहती है।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में 92 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ, जो इस बात का प्रमाण है कि लोग लोकतांत्रिक तरीके से परिवर्तन लाना चाहते हैं। शाह ने कहा कि जनता ने भय और हिंसा की राजनीति को नकारते हुए बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुंचकर अपना मताधिकार प्रयोग किया।

तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार की विदाई तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप दिया गया है और पिछले कई वर्षों में हजारों करोड़ के घोटाले हुए हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती घोटाला,



शिक्षक नियुक्ति प्रकरण, नगर निकाय अनियमितताएं और विभिन्न योजनाओं में भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है।

शाह ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर तृणमूल शासनकाल के भ्रष्टाचार पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। साथ ही सेवानिवृत्त उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में सभी मामलों की जांच कराई जाएगी, ताकि दोषियों को कानून के अनुसार सजा मिल सके। महिला सुरक्षा को सबसे बड़ी प्राथमिकता बताते हुए शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की महिलाओं में आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़े हैं और सरकार संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी कि महिलाएं रात में भी निर्भय होकर बाहर निकल सकें। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की महिलाएं इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएंगी और तृणमूल कांग्रेस को जवाब देंगी। शाह ने महिला आरक्षण के मुद्दे का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। अमित शाह ने कहा कि राज्य में सिंडिकेट राज, कट मनी और भतीजा कर जैसी व्यवस्थाओं ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी भी निर्माण कार्य, व्यापार, नौकरी या सरकारी सुविधा में दलाली और दबाव की राजनीति चल रही है। भाजपा सरकार बनने पर इन व्यवस्थाओं को पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। भूमि अतिक्रमण के मुद्दे पर शाह ने कहा कि राज्य में वर्षों से हजारों हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जे हुए हैं। भाजपा सरकार ऐसे कब्जों को हटाकर विकास, उद्योग, आवास और बुनियादी ढांचे के कार्यों में जमीन का उपयोग करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर बंगाल में जन्मे और बंगाली भाषा बोलने वाले नेता को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस जनता को भ्रमित करने के लिए बाहरी लोगों के शासन की अफवाह फैला रही है।

## भगवंत मान सरकार के अच्छे कामों को रोकने के लिए भाजपा का ऑपरेशन लोटस शुरू : आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब से पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों में से छह के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ने राज्य में भगवंत मान सरकार के अच्छे कामों को रोकने के लिए 'ऑपरेशन लोटस' शुरू कर दिया है।

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा का ऑपरेशन लोटस, घटिया राजनीति का खेल और पंजाब की भगवंत मान सरकार के अच्छे कामों को रोकने का षड्यंत्र बड़े पैमाने पर शुरू हो गया है। पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली ''आप'' सरकार 300 यूनिट बिजली मुफ्त देती है और वहां के बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रही है। पंजाब सरकार 30 साल से सूखी पड़ी नहरों में पानी पहुंचाने का काम करती है, दलित और आदिवासी समाज से आने वाली महिलाओं को 1500 रुपए और माताओं-बहनों के खाते में हर महीने 1000 रुपए पहुंचाने का काम करती है, पंजाब के किसी भी व्यक्ति को गंभीर से गंभीर बीमारी हो जाने पर 10 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज कराने का काम करती है। श्री सिंह ने कहा कि ऐसा बेहतरीन काम करने वाली भगवंत मान और आम आदमी पार्टी की सरकार को भाजपा, नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने रोकने, तोड़ने और उनके काम को बाधित करने का काम किया है। उन्होंने पंजाब की जनता को धोखा दिया है। आज इन्होंने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा के सात सांसदों को तोड़कर भाजपा में शामिल किया। ये सातों नाम पंजाब की जनता को याद रखने चाहिए। पंजाब के साथ गद्दारी करने वाले इन लोगों को पंजाब की जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राघव चड्ढा को पार्टी ने विधायक बनाया, सांसद बनाया, क्या-क्या नहीं दिया? पंजाब की जनता ने उन्हें इतना प्यार दिया और राज्यसभा में पहुंचाया, लेकिन वे भाजपा की गोद में पहुंच गए। संदीप पाठक को पंजाब की जनता के प्यार और आशीर्वाद से राज्यसभा पहुंचने का मौका मिला और पार्टी ने उन्हें बड़ी-बड़ी जिम्मेदारियां दीं।

## करुणा प्रेम और सह-अस्तित्व का सजीव उत्सव : मानव एकता दिवस

एजेंसी

दिल्ली। जब हृदय में करुणा, प्रेम और एकत्व की दिव्य चेतना जागृत होती है, तब मानव अपने सीमित स्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है। परोपकार, करुणा और परमार्थ जैसे अलौकिक मूल्यों से प्रकाशमान यह पावन अवसर उस दिव्य अनुभूति का प्रतीक बना, जहाँ मानव को मानव हो प्यारा, एक-दूजे का बने सहारा का संदेश केवल शब्दों तक सीमित न रहकर हृदयों में जीवंत हुआ। 'मानव एकता दिवस' 24 अप्रैल को, बाबा गुरबचन सिंह जी की दिव्य स्मृति में, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में दिल्ली के ग्राउंड नं. 8 में आयोजित हुआ। इसके साथ ही समूचे देश की हजारों सत्संग केंद्रो पर श्रद्धा और समर्पण भाव से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और निष्काम सेवा का जीवंत स्वरूप




बनकर उभरा। संत निरंकारी मण्डल के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली स्थित निरंकारी सरोवर के सम्मुख ग्राउंड नं. 2 में आयोजित मुख्य रक्तदान शिविर श्रद्धा, सेवा और मानवता का अनुपम संगम बना। यहाँ निरंकारी श्रद्धालुओं ने प्रेम, विनम्रता और समर्पण भाव से लगभग 850 युनिट रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी निष्ठा, संवेदनशीलता और करुणा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त समूचे भारतवर्ष के लगभग 212 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया; जिससे लगभग 40,000 यूनिट रक्त संकलित किया गया, जो निष्काम सेवा, परोपकार और मानवता के प्रति समर्पण की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर उभरा। मानवता की सेवा के इस पुनीत अवसर पर निरंकारी राजपिता जी ने रक्तदान कर युवाओं के लिए प्रेरणादायक मिसाल पेश की। युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में यह दिवस वर्षभर चलने वाली सेवा-सरिता का शुभारंभ है, जिसके अंतर्गत देशभर में लगभग 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जो करुणा और एकत्व की भावना को निरंतर सुदृढ़ करेंगे। उल्लेखनीय है कि रक्तदान की यह पावन परंपरा पिछले चार दशकों से निरंतर जारी है। अब तक 9,174 रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15,00,230 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है, जो मानव सेवा के प्रति निरंकारी मिशन की अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। इस अवसर पर मानवता को संबोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने फरमाया कि बाबा हरदेव सिंह ने बाबा गुरबचन सिंह जी के जीवन को अपनी प्रेरणा का आधार बनाया।

## हमें मोदी पर गर्व है, वे भी संघ से जुड़े होने का गर्व महसूस करते हैं : होसबाले

एजेंसी

वाशिंग्टन/नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबाले का कहना है कि पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बारे में हम भारत सरकार की नीति, प्रतिक्रिया और सोच के साथ पूरी तरह खड़े हैं। हमारी अपनी अलग से कोई राय नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में कहा कि हमें उन पर गर्व है और वे भी हमारे संगठने से जुड़े होने पर गर्व करते हैं।

वाशिंग्टन (डी.सी.) के सुप्रसिद्ध हड्सन इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में आयोजित एक चर्चा-वार्ता में वरिष्ठ पत्रकार और 'द वॉल स्ट्रीट जरनल' के स्तंभकार वॉल्टर रसेल मीड से बातचीत में भारतीय जनता पार्टी, सरकार और संघ से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने यह बात कही। रा.स्व.संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने साफ कहा कि 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के काल से उसके नेता व संगठनकर्ता हमसे जुड़े रहे हैं। संघ विचार से प्रेरित आज 40 से अधिक संगठनों का राष्ट्रव्यापी तंत्र है। उन्होंने अमेरिकी डायसपोरा के कुछ लोगों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यह अमेरिका के नागरिक भारतवंशियों की जिम्मेदारी है कि वे अपने देश (अमेरिका) के नागरिक कर्तव्यों का पालन करते हुए अपने सांस्कृतिक देश की पहचान को सम्मान दिलाने वाले कार्य करें।

एक सवाल के उत्तर में उन्होंने स्वीकार किया कि केवल अमेरिकियों में ही नहीं बल्कि भारत में भी हमारे संगठन को लेकर बहुत सारी भ्रांतियां हैं। हम अपने इस शताब्दी वर्ष में जन-जन के बीच पंच परिवर्तन के कार्यक्रमों को लेकर जा रहे हैं। यह केवल भारत या भारतीयों के लिए नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व में में स्वीकार किए जाने वाला विचार है। उन्होंने कहा कि भारत का दर्शन पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में देखता है। यही आध्यात्मिक विचारधारा हमारे सांस्कृतिक मूल्यों में विद्यमान है, जिसको आधार बनाकर रा.स्व.संघ अपने देश, समाज और राष्ट्र के साथ साथ सम्पूर्ण मानवता की भलाई के लिए जन जागरण का कार्य करने में लगा हुआ है और आगे भी यही कार्य करता रहेगा।

अमेरिका के प्रवास पर गए रा.स्व.संघ के सरकार्यवाह ने हडसन इंस्टीट्यूट की वार्ता में कहा कि जब हम अपनी पिछली 100 वर्ष की यात्रा को देखते हैं और समझते हैं कि हमारी शक्ति दिनों दिन बढ़ी ही है तो हमारे भीतर कोई अहंकार पैदा नहीं होता बल्कि विनम्रता का भाव पैदा होता है। हमारा यह विचार और मजबूत होता है कि हमें सच्ची मानवता की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते जाना है। उन्होंने कहा कि 100 साल पहले कुछ बालकों को साथ लेकर शुरू किया गया संघ दैनंदिन चलने वाली अनूठी शाखा पद्धित के बल पर ही आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन पाया है। उन्होंने वॉलिन्टियर और स्वयंसेवक के बीच का भेद स्पष्ट करते हुए कहा कि किसी संगठन के वालिन्टियर कुछ घंटे के लिए कार्य करते हैं जिसके बदले उन्हें कुछ पैसा या सम्मान या प्रसिद्धि मिलती है, जबकि संघ के स्वयंसेवकों में उस एक घंटे की शाखा से हम ऐसे संस्कार पैदा करते हैं जिससे पहले ही दिन से उसके मन में समाज और राष्ट्र की निस्वार्थ भाव से सेवा का भाव जागृत होता है। वास्तव में स्वयंसेवक एक जीवन शैली है। वॉल्टर रसेल मीड के एक सवाल के जवाब में संघ के सरकार्यवाह ने कहा कि अमेरिकियों की केवल संघ के बारे में ही नहीं भारत के बारे में भी कुछ गलतफहमियां हैं। वे आज भी भारत को उसकी जनसंख्या, उसकी संस्कृति, उसके सामाजिक तौर तरीकों और व्यवहार के चलते गंदगी से भरा और सपेरों का देश मानते हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भिनौली विकास खंड बंकी जनपद बाराबंकी

पत्रांकः 01/ग्रा.पं./निविदा/2026-27 दिनांकः 24-04-2026

### निविदा आपूर्ति

ग्राम पंचायत भिनौली विकास खंड बंकी में राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा/बी.बी.जी.रामजी/मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि/एस.एल.डब्ल्यू.एम./ओ.एस.आर. (स्वयं की आय से प्राप्त राशि) अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ आई.सी.डी.एस. व शासन द्वारा चलाई जा रही अन्य मदों से स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु जैसे—आंगनवाड़ी केंद्र, शौचालय निर्माण, कायाकल्प योजना, ओपन जिम, ह्ययूम पाईप, पुस्तकालय स्थापना, खेल का मैदान, विज्ञान भवन सेन्टा, अन्नपूर्णा भवन, स्मार्ट कलासेज, आफिस स्थापना, हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर, इण्टरलॉकिंग कार्य, सीसी रोड, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटटी भराई, जल निकासी मार्ग व मिट्टी पटाई कार्य, आर.आर.सी. केंद्र, नाली निर्माण, सामुदायिक शौचालय सफाई सामग्री, सोकपिट निर्माण, घूर गड्ढा निर्माण, आफिस स्टेशनरी व फर्नीचर इत्यादि कार्यों हेतु निर्माण सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईंट, सीधा खंजड़ ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, मोरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, वायरिंग सामग्री दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इण्टरलॉकिंग ईंट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झोला क्रय, टाईल्स, पुट्टी, व्हाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, ह्यूम पाइप, कुर्सी, मेज, कम्प्यूटर एसेसिरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, लाइट, हैण्डपम्प सामग्री, रिक्शा ट्राली, बैट्री, पैनल, सीसीटीवी कैमरा, व एसेसिरीज इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय सत्र 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 27/04/26 से 05/05/26 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में अपनी निविदा वांछित प्रपत्र के साथ बंद लिफाफे में जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 06/05/26 को कमेटी द्वारा 2:30 बजे अपरान्ह में खोली जाएगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। जिसका निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

नियम व शर्तेंः

1. आपूर्तिकर्ता का फर्म जीसीटी पंजीकृत होनी चाहिए, जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। सरकार द्वारा चलाए गए जेम पोर्टल पर पंजीकृत फर्म को वरियता दी जाएगी। न्यूनतम तीन फर्मों द्वारा आवेदन आवश्यक है। 2. प्रत्येक कार्य की निविदा अलग-अलग देय होगी। 3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु आपूर्ति आदेश जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 4. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। भुगतान कार्य का मापांकन होने के बाद उपलब्ध धनराशि के अनुसार किया जाएगा। 5. शासन द्वारा निर्गत आदेशों के क्रम में फर्म का भुगतान जी.एस.टी. व टी.डी.सी. कटौती के उपरांत फर्म के खाते में पी.एफ.एम.एस. द्वारा किया जा सकता है। 6. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपर्युक्त फर्म किसी प्रधान, ब्लाक प्रमुख या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधियों उनके रिश्तेदारों से संबंधित नहीं है। अधिक जानकारी हेतु अपर मुख्य सचिव महोदय के आदेश पत्र संख्या 137/387-2022-63 नरेगा/2009 दिनांक 21 मार्च 2022 में दिए गए आदेशों का अवलोकन अवश्य कर लें।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भिनौली, विकास खंड बंकी, बाराबंकी

सचिव
ग्राम पंचायत भिनौली, विकास खंड बंकी, बाराबंकी

## कार्यालय ग्राम पंचायत माती विकास खंड बंकी जनपद बाराबंकी

पत्रांकः 01/ग्रा.पं./निविदा/2026-27 दिनांकः 24-04-2026

### निविदा आपूर्ति

ग्राम पंचायत माती विकास खंड बंकी में राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा/बी.बी.जी.रामजी/मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि/एस.एल.डब्ल्यू.एम./ओ.एस.आर. (स्वयं की आय से प्राप्त राशि) अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ आई.सी.डी.एस. व शासन द्वारा चलाई जा रही अन्य मदों से स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु जैसे—आंगनवाड़ी केंद्र, शौचालय निर्माण, कायाकल्प योजना, ओपन जिम, ह्ययूम पाईप, पुस्तकालय स्थापना, खेल का मैदान, विज्ञान भवन सेन्टा, अन्नपूर्णा भवन, स्मार्ट कलासेज, आफिस स्थापना, हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर, इण्टरलॉकिंग कार्य, सीसी रोड, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटटी भराई, जल निकासी मार्ग व मिट्टी पटाई कार्य, आर.आर.सी. केंद्र, नाली निर्माण, सामुदायिक शौचालय सफाई सामग्री, सोकपिट निर्माण, घूर गड्ढा निर्माण, आफिस स्टेशनरी व फर्नीचर इत्यादि कार्यों हेतु निर्माण सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईंट, सीधा खंजड़ ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, मोरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, वायरिंग सामग्री दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इण्टरलॉकिंग ईंट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झोला क्रय, टाईल्स, पुट्टी, व्हाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, ह्यूम पाइप, कुर्सी, मेज, कम्प्यूटर एसेसिरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, लाइट, हैण्डपम्प सामग्री, रिक्शा ट्राली, बैट्री, पैनल, सीसीटीवी कैमरा, व एसेसिरीज इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय सत्र 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 27/04/26 से 05/05/26 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में अपनी निविदा वांछित प्रपत्र के साथ बंद लिफाफे में जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 06/05/26 को कमेटी द्वारा 2:30 बजे अपरान्ह में खोली जाएगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। जिसका निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

नियम व शर्तेंः

1. आपूर्तिकर्ता का फर्म जीसीटी पंजीकृत होनी चाहिए, जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। सरकार द्वारा चलाए गए जेम पोर्टल पर पंजीकृत फर्म को वरियता दी जाएगी। न्यूनतम तीन फर्मों द्वारा आवेदन आवश्यक है। 2. प्रत्येक कार्य की निविदा अलग-अलग देय होगी। 3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु आपूर्ति आदेश जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 4. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। भुगतान कार्य का मापांकन होने के बाद उपलब्ध धनराशि के अनुसार किया जाएगा। 5. शासन द्वारा निर्गत आदेशों के क्रम में फर्म का भुगतान जी.एस.टी. व टी.डी.सी. कटौती के उपरांत फर्म के खाते में पी.एफ.एम.एस. द्वारा किया जा सकता है। 6. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपर्युक्त फर्म किसी प्रधान, ब्लाक प्रमुख या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधियों उनके रिश्तेदारों से संबंधित नहीं है। अधिक जानकारी हेतु अपर मुख्य सचिव महोदय के आदेश पत्र संख्या 137/387-2022-63 नरेगा/2009 दिनांक 21 मार्च 2022 में दिए गए आदेशों का अवलोकन अवश्य कर लें।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत माती, विकास खंड बंकी, बाराबंकी

सचिव
ग्राम पंचायत गनहरी, विकास खंड बंकी, बाराबंकी


## पेज एक का शेष

### आप के सात...

मित्तल का है। मित्तल को आप ने हाल ही में राघव चड्ढा को हटाकर राज्यसभा में उपनेता बनाया था। वहीं, दिल्ली की सत्ता से बाहर होने के बाद जब अरविंद केजरीवाल ने सरकारी आवास छोड़ा था, तब से वह अशोक मित्तल के फिरोज शाह कोटला स्थित सरकारी आवास पर रह रहे थे। केजरीवाल ने शुक्रवार सुबह ही जानकारी दी थी कि उनको अब आप के अध्यक्ष के तौर पर दिल्ली में सरकारी आवास मिल गया है। वह अपने आवास में शिफ्ट होने जा रहे हैं। इसी बची मित्तल ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। अशोक मित्तल लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के संस्थापक कुलाधिपति भी हैं। आप ने उनको पंजाब से राज्यसभा भेजा। वह साल 2022 में राज्यसभा के लिए चुने गए थे। फिलहाल वह राज्यसभा में आप के उपनेता की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। संदीप पाठक ने इस दौरान कहा कि मैंने अपने जीवन में नहीं सोचा था ये स्थिति आएगी, और ये आ गई। मैं किसान परिवार से आया फिर पढ़ाई लिखाई की। मैं राजनीति में सिर्फ इस मकसद से आया कि देश के लिए कुछ बड़ा कर सकूं। देश सेवा के मकसद से ही आम आदमी पार्टी में जुड़ा था। दरअसल केजरीवाल और राघव चड्ढा में दूरियां उसी दिन से नजर आने लगी थी जब केजरीवाल जेल में थे और राघव अपनी पत्नी परिनीति के साथ लंदन में घूमते व मस्ती की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे थे। राघव को लोकसभा चुनाव में भी पंजाब से दूर रखा गया। औपचारिक तौर पर वे श्री आनंदपुर साहब सीट पर नजर आए थे। विपक्ष जहां इसे आप के अंदरूनी मतभेद का संकेत बता रहा है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह और नए उपनेता डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने इसे एक सामान्य संगठनात्मक प्रक्रिया करार दिया है, जिसका मकसद अन्य सांसदों को भी जिम्मेदारी देना है। राज्यसभा में अब आम आदमी पार्टी के इकलौते सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल बचे हैं। पंजाब में वर्ष 2000 में कार सेवा शुरू करके संत सीचेवाल ने गुरु नानक देव जी से जुड़ी ऐतिहासिक नदी काली बेई का कायाकल्प करने में विशेष भूमिका निभाई थी। उनके प्रयास से ही औद्योगिक व मानवीय प्रदूषण से जाम 160 किलोमीटर लंबी काली बेई साफ हो पाई थी।

### दूसरे दौर की...

'वर्क फ्रॉम होम' लागू है। विश्वविद्यालय ऑनलाइन कक्षाओं में स्थानांतरित हो गए हैं, हालांकि स्कूल-कॉलेज फिलहाल बंद नहीं किए गए हैं।अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की वार्ता 11 और 12 अप्रैल को हुई थी, जो बिना किसी ठोस नतीजे के समाप्त हुई। इसके बाद पाकिस्तान ने दोनों पक्षों को फिर से मेज पर लाने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाक के सैन्य नेतृत्व के साथ टेलीफोन पर महत्वपूर्ण चर्चा की है। इस बातचीत का मुख्य केंद्र क्षेत्रीय सुरक्षा और अमेरिका के साथ युद्धविराम से जुड़े मुद्दे रहे। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के साथ चर्चा की। जानकारी के मुताबिक, अब्बास अराघची ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से भी फोन पर बातचीत की। तस्नीम न्यूज के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना प्रमुख और ईरानी विदेश मंत्री के बीच हुई इस बातचीत में युद्धविराम से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

### उत्तर प्रदेश में 12...

के साथ दोबारा अपलोड करना होगा। राज्य में उत्तर प्रदेश सुन्नी वक्फ बोर्ड के अधीन 1.26 लाख से अधिक वक्फ संस्थान हैं। यह पूरी प्रक्रिया केंद्र सरकार के उम्मीद पोर्टल के माध्यम से की जा रही है, जिसे जून 2025 में वक्फ संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने और प्रबंधन में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के तहत इस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है, जो पांच अप्रैल से लागू हो चुका है। पहले तकनीकी दिक्कतों के कारण अपलोडिंग की गति धीमी थी, लेकिन बाद में सुधार होने के बाद अंतिम समय में बड़ी संख्या में आवेदन अपलोड किए गए। गौरतलब है कि शुरुआती अंतिम तिथि छह दिसंबर 2025 थी, जिसे बाद में वक्फ ट्रिब्यूनल के निर्देश पर 10 दिसंबर 2025 को छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया था।

### भाजपा सरकार बनने ...

में छुपने की जगह नहीं मिलेगी, उन्हें कोई बचाने वाला नहीं मिलेगा। कल पहले चरण के मतदान ने तृणमूल के महाजंगलराज के अंत का उद्घोष कर दिया है। श्री मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए रैली में आए लोगों से आजादी के नारे लगवाए और कहा कि बंगाल का गौरव फिर से लौटाने के लिए, बंगाल को फिर से अवसरों की भूमि बनाने के लिए ये आजादी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा आजादी तृणमूल के भय से, आजादी तृणमूल के भ्रष्टाचार से, आजादी तृणमूल के सिंडिकेट से, आजादी बेटियों पर अत्याचार से, आजादी पलायन की मजबूरी से, आजादी बेरोजगारी और बेकारी से, आजादी घुसपैठियों के कब्जे से। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलामी की बेड़ियां तोड़ने के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने राष्ट्र का आह्वान किया था - तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। उन्होंने कहा, '' ये बंगाल में नयी क्रांति की बेला है। ये क्रांति आपके एक वोट से होगी। इसलिए मैं बंगाल की जनता से करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि आप हमें वोट रूपी आशीर्वाद दीजिए, हम मिलकर बंगाल को अनेक कष्टों से आजादी दिलाएंगे। मैं आज बंगाल की हर बेटी को ये भरोसा दिलाने आया हूं कि भाजपा, बेटियों के सपने नहीं कुचलने देगी।'' उन्होंने कहा कि चार मई को भाजपा सरकार बनने के बाद हर अन्याय, हर अत्याचार की फाइल खुलेगी। ये मोदी की गारंटी है। आपका घर का सपना भी पूरा होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1.5 लाख रुपये तक की मदद मिलेगी और जो घर बनेगा वो महिलाओं के नाम पर ही होगा। भाजपा बंगाल की हर बहन-बेटी के सपनों को पूरा करने और उनका जीवन आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बंगाल की बहनों से भाजपा का सीधा वादा है कि भाजपा आपको सुरक्षा देगी, भाजपा आपको सम्मान देगी और भाजपा से ही आपको समृद्धि मिलने वाली है।

### ज्ञानेश कुमार के...

अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023'' तथा ''न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968'' के प्रावधानों के तहत लाया गया है। श्री रमेश ने मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर बने रहने को संविधान पर हमला बताते हुए कहा कि यह स्थिति लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं, जो बेहद चिंताजनक है। अब इस नोटिस पर आगे की कार्रवाई राज्यसभा के सभापति के निर्णय पर निर्भर करेगी, जो तय करेंगे कि इस प्रस्ताव को स्वीकार किया जाए या नहीं।

### उत्तर प्रदेश में ...

घटकर लगभग 20S21 प्रतिशत तक सीमित रह गया। अब आवश्यकता है कि कृषि को वैल्यू एडिशन के साथ जोड़ा जाए। इसके लिए नए प्रयासों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने तथा प्रभावी ढंग से विस्तार देने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक आज के दौर में अत्यंत निर्णायक भूमिका निभा सकती है। उन्होंने भारत सरकार और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में विभिन्न उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र स्थापित करवाए हैं। उदाहरण के तौर पर, वाराणसी में इंटरनेशनल राइस इंस्टीट्यूट की स्थापना हुई है, जो बेहतरीन परिणाम दे रहा है। यहां से नई-नई किस्में विकसित की गई हैं। अलग-अलग एग्रो-क्लाइमेटिक जोन के अनुसार कौन-सी किस्म उपयुक्त होगी, कौन-सी तकनीक अपनाई जानी चाहिए, क्वालिटी सीड किस प्रकार उत्पादन बढ़ा सकते हैं, ये सभी परिणाम अब स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि कुछ क्षेत्रों में प्रति हेक्टेयर धान का उत्पादन 100 कुंतल तक पहुंच गया है, जो पहले 50S60 कुंतल तक सीमित था।

# महिला अधिकारों पर विपक्ष की राजनीति महापाप : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को एक महिला जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने के प्रयासों को लोकसभा में विफल करना 'देश के साथ महापाप' के समान है। यहां परेड ग्राउंड पर आयोजित महिला जन आक्रोश रैली में मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ परेड ग्राउंड से घंटाघर देहरादून तक पदयात्रा की। मुख्यमंत्री धामी ने आरोप लगाया कि महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण कदमों को राजनीतिक कारणों से बाधित किया गया। इस तरह के मुद्दों पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय लिए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि देश के समग्र विकास की अनिवार्य शर्त है। ऐसे में इस दिशा में होने वाले प्रयासों को रोकना या कमजोर करना राष्ट्रहित के खिलाफ है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मातृशक्ति को लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनका अधिकार दिलाने के उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया, लेकिन लोकसभा में संख्या बल के अभाव में यह पारित नहीं हो सका। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों को बाधित करने का प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई गई हैं, जिनमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, स्टार्टअप योजना और लखपति दीदी योजना शामिल हैं। उन्होंने तीन तलाक की प्रथा समाप्त करने को भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी महिलाओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तराखंड में सरकारी सेवाओं में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। साथ ही, महिलाओं की सुरक्षा के लिए समान नागरिक संहिता लागू की गई है। ग्रामीण आजीविका मिशन, सशक्त बहना उत्सव योजना और महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2.65 लाख से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं, जो आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक सविता कपूर, आशा नौटियाल, रेनू बिष्ट, रुचि भट्ट, दीप्ति रावत, नेहा जोशी, हिमानी, रश्मि रस्तोगी एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद थी।

# बीमार पिता को देखने के लिए इंजीनियर राशिद की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली । पटियाला हाउस कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले के आरोपित और सांसद इंजीनियर रशीद की अपने बीमार पिता को देखने के लिए अंतरिम जमानत की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। एडिशनल सेशंस जज प्रशांत शर्मा ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने 22 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इंजीनियर रशीद ने याचिका दायर कर कहा था कि उनके पिता बीमार हैं और वो वेंटिलेटर पर हैं। सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के वकील ने कहा था कि उन्हें कस्टडी पेरोल पर रिहा किया जा सकता है। इससे पहले कोर्ट ने इंजीनियर रशीद को हिरासत में संसद सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी। कोर्ट ने इंजीनियर रशीद को 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक संसद के पूरे सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी। नवंबर, 2025 में भी कोर्ट ने रशीद को संसद सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी। इंजीनियर रशीद को सितंबर 2025 में हुए उप-राष्ट्रपति के चुनाव में वोट डालने की अनुमति दी थी। इंजीनियर रशीद ने लोकसभा चुनाव 2024 में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को करीब एक लाख मतों से हराकर जीत हासिल की थी। राशिद इंजीनियर को 2016 में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने 16 मार्च, 2022 को हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, यासिन मलिक, शब्बीर शाह और मसरत आलम, राशिद इंजीनियर, जहूर अहमद वताली, बिट्टा कराटे, आफताब अहमद शाह, अवतार अहम शाह, नईम खान, बशीर अहमद बट्ट ऊर्फ पीर सैफुल्ला समेत दूसरे आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था।

एनआईए के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिद्दीन, जेकेएलएफ, जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमले और हिंसा को अंजाम दिया। 1993 में अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस की स्थापना की गई। एनआईए के मुताबिक हाफिज सईद ने हुर्रियत कांफ्रेंस के नेताओं के साथ मिलकर हवाला और दूसरे चैनलों के जरिये आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धन का लेन-देन किया। इस धन का उपयोग वे घाटी में अशांति फैलाने , सुरक्षा बलों पर हमला करने, स्कूलों को जलाने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम किया।

# नैनीताल, भीमताल, भवाली में एआई कैमरों से हाईटेक निगरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हल्द्वानी । पर्यटन नगरी नैनीताल, भीमताल और भवाली में अब सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए हाईटेक व्यवस्था लागू की जा रही है। कुमाऊं कमिश्नर एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और आई आधारित कैमरों के माध्यम से प्रमुख मार्गों और पर्यटन स्थलों की निगरानी की जाएगी। विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 33 लाख रुपये की लागत से इन कैमरों को स्थापित किया जाएगा। इससे वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा सकेगी, जिससे ट्रैफिक नियंत्रण, पार्किंग प्रबंधन और अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। साथ ही शहर में प्रवेश और निकास करने वाले वाहनों का पूरा डेटा वैज्ञानिक तरीके से डेटा सेंटर में उपलब्ध रहेगा, जिसे मोबाइल के माध्यम से भी मॉनिटर किया जा सकेगा। आयुक्त ने बताया कि नैनीताल शहर में पहले से संचालित कैमरों के जरिए नगर पालिका द्वारा वसूले जा रहे टोल टैक्स की भी निगरानी संभव है, जिससे राजस्व प्रणाली में पारदर्शिता लाई जा सकेगी। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि कैंचीधाम गेट के पास 15 जून 2026 को प्रस्तावित मेले से पहले कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं की सटीक संख्या का आंकलन किया जा सके। बैठक के दौरान इसके लिए आवश्यक धनराशि भी स्वीकृत कर दी गई। शुक्रवार को हल्द्वानी स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में पुलिस विभाग द्वारा नैनीताल, भवाली और कैंचीधाम क्षेत्रों में कैमरों के जरिए वाहनों की मॉनिटरिंग से संबंधित डेटा प्रस्तुति दी गई। पिछले 24 घंटे में हल्द्वानी से नैनीताल 3958 वाहन पहुंचे, जबकि नैनीताल से हल्द्वानी 1577 वाहन आए। वहीं भवाली से नैनीताल 2540 और नैनीताल से भवाली 2323 वाहनों की आवाजाही दर्ज की गई।

# भगवंत मान ने भाजपा में जाने वाले राज्य सभा सांसदों को पंजाब का गद्दार बताया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**विधायकों पर ऑपरेशन लोटस नहीं चला तो सांसदों को फंसाया, पंजाब की जनता गद्दारों को सिखाएगी सबक**

चंडीगढ़ । पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी छोड़ने वाले राज्य सभा के सांसदों को पंजाब तथा पंजाबियत का गद्दार करार देते हुए कहा है कि पंजाब की जनता बहुत जल्द उन्हें इस कृत्य का जवाब देगी। आम आदमी पार्टी के सात राज्य सभा सांसदों ने शुक्रवार को दिल्ली में पार्टी छोड़ने का ऐलान किया है। इन सात सांसदों में से छह सांसद पंजाब के हैं।

राजनीतिक घटनाक्रम के बाद चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि सात गद्दारों के पार्टी छोड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। पार्टी पूरी तरह से मजबूत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पंजाब में तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है और पंजाब को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना दिया है। पंजाब में 19 टोल टैक्स बंद किए गए हैं। भगवंत मान ने आरडीएफ का पैसा रोकने पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि पंजाब में हो रहे विकास कार्य भाजपा को हजम नहीं हो रहे हैं। भाजपा पंजाब वासियों के साथ शुरू से ही धोखा व धक्केशाही करती रही है।

उन्होंने हरियाणा में दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाली जननायक जनता पार्टी समेत देश के अन्य कई राज्यों में भाजपा द्वारा किए गए गठबंधनों का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा जिस भी दल के साथ गठबंधन करती है उसे खत्म कर देती है। भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में इस तरह का घटनाक्रम पहले भी हो चुका है, जब सुखपाल सिंह खैहरा ने कई विधायकों को तोड़कर अलग गुट बनाया था। पंजाब में भारतीय जनता पार्टी ने पहले भी कई विधायकों को तोड़ने के लिए ऑपरेशन लोटस चलाया, लेकिन कामयाब नहीं हो सकी। उन्होंने पार्टी छोड़ने वाले राघव चढ्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, हरभजन सिंह भज्जी, विक्रमजीत साहनी तथा राजिंद्र गुप्ता को पंजाब का सबसे बड़ा गद्दार करार देते हुए कहा कि यह सभी अपनी जान बचाने के लिए भाजपा में गए हैं, लेकिन बहुत जल्द इन सभी को पछताना पड़ेगा। भाजपा में जाने वाले मनप्रीत बादल, कैप्टन अमरिंदर सिंह जैसे नेता आज पंजाब की राजनीति में हाशिए पर हैं। भगवंत मान ने ईडी व अन्य जांच एजेंसियों को चुनौती देते हुए कहा कि वह जब चाहें उनके विरूद्ध जांच कर सकते हैं। पिछले चार साल के दौरान कई बार प्रयास किए, लेकिन कुछ नहीं मिला तो उनके लोगों को दबाना शुरू कर दिया।

# ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से शिक्षक के खिलाफ ठोस कार्यवाही की माँग की

उत्तरकाशी । मोरी विकासखंड के राजकीय इंटर कॉलेज दोंणी से सामने आए एक वायरल वीडियो ने क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत उजागर कर दी है। वीडियो में विद्यालय के एक शिक्षक कथित रूप से शराब के नशे में दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कोई एक दिन की घटना नहीं, बल्कि उनकी नियमित आदत बन चुकी है। ग्रामीणों में इस मामले को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि लंबे समय से शिक्षक के व्यवहार को लेकर शिकायतें की जाती रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या बच्चों का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। पहले से ही मोरी क्षेत्र के सरकारी विद्यालय संसाधनों की कमी, शिक्षकों के अभाव और अव्यवस्थाओं के कारण चर्चा में रहे हैं। इस घटना ने हालात को और गंभीर बना दिया है। ग्रामीणों का दर्द भी साफ झलकता है—वे पूछ रहे हैं कि आखिर वे अपने बच्चों को शिक्षा के लिए भेज रहे हैं या उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

# काला जठेड़ी-संपत नेहरा गैंग से जुड़ा घोषित अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कुख्यात गैंगस्टर काला जठेड़ी और संपत नेहरा गैंग से जुड़े एक घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित पिछले करीब आठ साल से फरार चल रहा था और हत्या के प्रयास एवं सशस्त्र लूट जैसे संगीन मामलों में वांछित था।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने शुक्रवार को बताया कि आरोपित की पहचान रवि मलिक उर्फ भूरा (43) के रूप में हुई है। वह सिरसपुर का रहने वाला है। उसे रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया गया। वह वर्ष 2012 में दर्ज हत्या के प्रयास और सशस्त्र लूट के मामले में पहले गिरफ्तार हो चुका था, लेकिन जमानत मिलने के बाद कोर्ट में पेश नहीं हुआ और 2018 में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार क्राइम ब्रांच की डब्ल्यूआर-द्वितीय यूनिट को 22 अप्रैल को सूचना मिली थी कि आरोपित रोहिणी स्थित लांसर कॉन्वेंट स्कूल के पास आने वाला है। इसके बाद इंस्पेक्टर सतीश मलिक के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाकर उसे दबोच लिया। आरोपित दिल्ली छोड़कर अलग-अलग राज्यों में छिपकर रह रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि रवि मलिक का आपराधिक सफर 2006 में शुरू हुआ, जब उसने अपनी बहन की जमीन के विवाद में गोली चला दी थी। जेल में रहने के दौरान उसकी मुलाकात कुख्यात गैंगस्टरकाला जठेड़ी से हुई, जिसके बाद वह संगठित अपराध की दुनिया में उतर गया और गैंग का सक्रिय सदस्य बन गया।

पुलिस के अनुसार 2009 से 2011 के बीच आरोपित ने हत्या, लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट से जुड़े कई गंभीर अपराधों को अंजाम दिया। यहां तक कि 2011 में जेल के अंदर भी उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक कैदी की हत्या कर दी थी। लगातार आपराधिक गतिविधियों के चलते उसे घोषित बदमाश (बीसी) घोषित किया गया और उसकी गिरफ्तारी पर दिल्ली पुलिस ने 50 हजार रुपये तथा उप्र पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस अधिकारी के अनुसार 2017 में पैरोल पर बाहर आने के बाद आरोपित फरार हो गया था और दोबारा अपराधों में शामिल हो गया। 2020 में उसने अपने साथी के साथ मिलकर मेरठ में एक हत्या की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान पुलिस मुठभेड़ में उसे छह गोलियां भी लगीं, लेकिन वह बच निकला। पुलिस के अनुसार आरोपित नशे का आदी है, जिससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति और बढ़ गई। फरारी के दौरान वह देहरादून में ठिकाना बनाकर रह रहा था। हाल ही में अपने साथियों से मिलने दिल्ली आया था, जहां क्राइम ब्रांच ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# विषाक्त मिठाई खाने से दर्जनों बच्चे बीमार, अस्पताल में भर्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा । नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के मनहर गांव में शादी की खुशियां उस समय चिंता में बदल गईं, जब शुक्रवार को विषाक्त मिठाई खाने के बाद दर्जनों बच्चे अचानक बीमार पड़ गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और परिजनों की आंखों में चिंता साफ झलकने लगी। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी ओंकार सिंह के बेटे की शादी 20 तारीख को संपन्न हुई थी। शादी के बाद बची हुई मिठाई 24 तारीख को गांव के बच्चों और ग्रामीणों में बांटी गई। मिठाई खाने के कुछ ही देर बाद कई बच्चों को पेट दर्द, उल्टी और ब्लोटिंग की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते बच्चों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। बीमार होने वालों में नीरज कुमार, पलक कुमारी, शीला देवी, अमृता कुमारी, आरोही कुमारी, रिमझिम कुमारी, आयुष कुमार, अंशिका कुमारी और ऋषिका कुमारी समेत कई बच्चे शामिल हैं। परिजन आनन-फानन में सभी बच्चों को रजौली अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। अस्पताल में तैनात डॉक्टर सूरज कुमार ने सभी बच्चों का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर के अनुसार, फिलहाल सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं और उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में दहशत और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि संभवतः बासी मिठाई खाने के कारण बच्चों की तबीयत बिगड़ी। फिलहाल सभी बच्चों का इलाज जारी है और परिजन उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं।

## भाजपा के साथ जाने वाले सांसदों ने पंजाब के साथ धोखा किया: आआपा

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आआपा) ने राघव चढ्ढा के नेतृत्व में राज्यसभा के सात सांसदों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने को 'ऑपरेशन लॉटस' की संज्ञा देते हुए इसे पंजाब की जनता के साथ धोखा बताया है। आआपा नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में भाजपा पर भय और प्रशासनिक तंत्र का उपयोग कर पार्टी नेताओं को अपने खेमें में शामिल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंजाब की भगवंत मान सरकार के कामकाज से डरकर भाजपा ने उनकी पार्टी को कमजोर करने की कोशिश की है। संजय सिंह ने एक-एक कर सभी सातों सांसदों का नाम लिया और कहा कि पार्टी ने इन्हें कहां से कहां पहुंचाया और उन्होंने पार्टी और पंजाब के साथ गद्दारी की। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता इन्हें माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में अशोक मित्तल के यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का छापा पड़ा था। भाजपा ने भय दिखाकर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। उल्लेखनीय है कि राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने आज कांस्टिट्यूशन क्लब में पत्रकार वार्ता कर अन्य चार सदस्यों के साथ भाजपा में शामिल होने की घोषणा की थी।

## गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर हस्ताक्षर अभियान

अररिया । भारत में गौ हत्या पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने और गौ माता को राष्ट्रीय दर्ज़ा की मांग को लेकर शुक्रवार को गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत नरपतगंज प्रखंड के बबुवान पंचायत में कैंप लगाकर गौ भक्तों के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया गया - कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे घूरना बजरंग दल के अरुण मुखिया ने कहा भारत के समस्त विद्वान संतों के सानिध्य एवं असीम कृपा से गौ माता को राष्ट्रीय दर्ज़ा एवं गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को लेकर पूरे देश भर में गौ माता के भक्तों के बीच जागरूकता अभियान चलाई जा रही है।आज लगभग तीन सौ लोगों ने गौ माता के समर्थन में हस्ताक्षर किया । उन्होंने कहा अररिया जिला में 27 अप्रैल और 27 जुलाई को सम्मान दिवस मनाया जाएगा। जिसमें अररिया जिले से समस्त गौ प्रेमी अपने अनुमंडल अधिकारी को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र सौंपेंगे। अरुण मुखिया ने कहा कि गौ सम्मान आह्वान अभियान का मुख्य उद्देश्य है केंद्र सरकार और देश की सभी राज्य सरकारों से राष्ट्रीय और भारतीय संस्कृति के हित में संविधान के दायरे में रहकर अहिंसक तरीके से प्रार्थना कर गौ हत्या पर पूरे भारत में पूर्ण प्रतिबंध लगे।गौ हत्या पूर्ण रूप से समाप्त हो, गौ माता की सेवा हेतु केंद्रीय कानून लागू हो । मौके पर बजरंग दल के अरुण मुखिया,अजय पासवान, सूरज शाह, संजू मुखिया, पप्पू मुखिया, रोहित पासवान, जितेंद्र पासवान सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त मौजूद थे।

## केंद्र सरकार ने 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' डॉक्यूमेंट्री की रिलीज पर रोक लगाई

चंडीगढ़। राज्य के सामाजिक ताने-बाने को बनाए रखने और सही एवं जिम्मेदार कंटेंट के प्रसारण को सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय कदम उठाते हुए भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने ज़ी5 ओटीटी प्लेटफॉर्म को एक एडवाइजरी जारी कर 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' शीर्षक वाली डॉक्यूमेंट्री रिलीज न करने के निर्देश दिए हैं। यह जानकारी शुक्रवार को पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने दी। उन्होंने बताया कि विशेष डीजीपी (साइबर क्राइम) वी. नीरजा ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के समक्ष सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 69ए(1) के तहत कंटेंट की स्क्रीनिंग पर रोक लगाने का आग्रह किया था। इसमें जन व्यवस्था पर इसके प्रभाव को लेकर गंभीर चिंताओं का हवाला दिया गया था। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि इस डॉक्यूमेंट्री में शामिल नाटकीय चित्रण, वास्तविक जीवन फुटेज और विशिष्ट विवरण संगठित अपराध तथा खतरनाक अपराधियों को महिमामंडित करने का बड़ा जोखिम पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे चित्रण युवाओं को गुमराह कर सकते हैं और राज्य में कठिन प्रयासों से कायम की गई शांति तथा कानून-व्यवस्था को भंग कर सकते हैं। इन रिपोर्टों पर तेजी से कार्रवाई करते हुए पंजाब पुलिस ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से संपर्क किया, जो भारत में ओटीटी सामग्री के लिए नामित नोडल एजेंसी है।

# उत्तराखंड में डिजिटल जनगणना का पहला चरण 25 अप्रैल से होगा शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून । उत्तराखंड में डिजिटल जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य 25 अप्रैल से शुरू होकर 24 मई तक चलेगा। इस महाअभियान के तहत राज्यभर में घर-घर जाकर डेटा संग्रह किया जाएगा।

जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय की ओर से शहर के एक होटल में एक पत्रकार वार्ता में निदेशक इवा आशीष श्रीवास्तव ने जानकारी दी। उन्होंने राज्य में अब तक 62,000 से अधिक लोगों ने डिजिटल माध्यम से स्व-गणना में भाग लिया है। इसमें देहरादून जिला 10,884 स्व-गणनाओं के साथ अग्रणी रहा। राज्य में इस कार्य के लिए 20,859 प्रगणक और 3,670 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं, जिन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। व्यापक स्तर पर लगभग 30,000 कर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जनगणना कार्य के लिए राज्य को करीब 32,000 हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों में विभाजित कर डिजिटल मैपिंग की गई है। उन्होंने बताया कि डिजिटल प्रणाली के तहत प्रगणक मोबाइल एप के माध्यम से अपने आवंटित क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त करेंगे और प्रत्येक घर से 33 बिंदुओं पर जानकारी एकत्र करेंगे। यह भारत में पहली बार पूरी तरह मोबाइल एप आधारित डिजिटल जनगणना प्रक्रिया होगी। निदेशक ने बताया कि 'हर द्वार, दस्तक' अभियान के तहत यह चरण जनगणना 2027 की आधारशिला है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्रगणकों को सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाएं और साइबर धोखाधड़ी से भी सतर्क रहें। पत्रकार वार्ता के दौरान जनगणना निदेशालय से एसएस नेगी (संयुक्त निदेशक), तान्या सेठ (उप निदेशक), आरके बनवारी (उप निदेशक), प्रवीण कुमार (उप निदेशक) सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिंगापुर की तर्ज पर बसेगा हरिहरनाथपुरम : राजीव प्रताप रूडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सारण । सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी की महत्वाकांक्षी परिकल्पना हरिहरनाथपुरम अब धरातल पर उतरने को तैयार है। सांसद रूडी ने सोनपुर को विश्व के सबसे आधुनिक शहर सिंगापुर की तर्ज पर विकसित करने का एक व्यापक रोडमैप साझा किया है। यह परियोजना न केवल बिहार बल्कि देश के सबसे व्यवस्थित सैटेलाइट शहरों में से एक होगी।

सांसद रूडी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि यह परियोजना सोनपुर को देश के सबसे व्यवस्थित सैटेलाइट शहरों की श्रेणी में खड़ा कर देगी। इस प्रोजेक्ट के पीछे के तर्क को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि भौगोलिक रूप से सोनपुर और सिंगापुर में समानताएं हैं। जहाँ सिंगापुर का क्षेत्रफल लगभग 733-744 वर्ग किलोमीटर है वहीं सोनपुर का विस्तार अब 680 वर्ग किलोमीटर के दायरे में किया जा रहा है। जिस तरह सिंगापुर अपनी समुद्री तटरेखा के कारण वैश्विक आकर्षण का केंद्र है ठीक उसी तरह सोनपुर गंगा और गंडक जैसी दो विशाल नदियों के संगम पर स्थित है। यह भौगोलिक समानता इसे पर्यटन और व्यापारिक हब बनाने के लिए सर्वोत्तम बनाती है। विगत 5 वर्षों से विशेषज्ञों की टीम के साथ तैयार किए जा रहे इस मास्टर प्लान में कई बड़ी योजनाएं शामिल हैं।

सोनपुर में पहले से ही एक आधुनिक हवाई अड्डे का निर्माण स्वीकृत है जो सारण को सीधे वैश्विक हवाई नेटवर्क से जोड़ेगा। इसके अतिरिक्त पटना के मरीन ड्राइव की तर्ज पर सोनपुर-आमी गंगा पथ का निर्माण यातायात और सुंदरता को नया आयाम देगा। रूडी का कहना है कि हरिहरनाथपुरम का आकार और सुविधाएं रायपुर, ढोलेरा और न्यू चंडीगढ़ जैसे नए विकसित शहरों से भी अधिक व्यापक होंगी। यह प्रोजेक्ट सोनपुर की धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान को सुरक्षित रखते हुए स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और निवेश की अपार संभावनाएं पैदा करेगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063